GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 12-03-2023

# एसआई को सम्मानपूर्वक दी गयी विदाई

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने 2020 बैच के चौरी चौरा थाने पर नियुक्त रहे कांस्टेबल अभिषेक तिवारी का एसआई में चयन हो गया है।



चयनित अभिषेक तिवारी को समस्त पुलिस कर्मियों ने फूलमाला पहना तथा मिठाई खिला सम्मानपूर्वक विदाई किया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने कहा कि अभिषेक तिवारी थाने पर अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से निर्वहन करते हुए निरंतर प्रयास के बाद यह सफलता हासिल किया है। कांस्टेबल पद पर अभिषेक तिवारी की नियुक्ति चौरी चौरा थाने पर विगत 31 मई सन् 2021 हुई थी। अभिषेक तिवारी ड्यूटी के बाद रात को समय निकाल कर अपने लक्ष्य के प्रति पढ़ाई करते रहे। कांस्टेबल की कड़ी मेहनत और परिश्रम के फल स्वरूप विगत 21 जून 2022 को एसआई पद पर चयन हो गया। अभिषेक तिवारी का ट्रेनिंग सेन्टर पीटीसी सीतापुर में हुआ है। अभिषेक तिवारी के एसआई पद पर चयनित होने की खुशी में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमे समस्त पुलिस कर्मियों ने फूलमाला पहना कर सम्मान पूर्वक विदाई किया। इस अवसर पर एसएसआई शिवराज सिंह,चौकी इंचार्ज संजय कुमार यादव,प्रदीप सिंह,रमेश चन्द चौधरी,जितेंद्र यादव, केशव प्रसाद,हरेंद्र यादव,सुनील कुमार,सुनील यादव,दिवाकर, प्रवीण कुमार मनोज कुमार,राहुल यादव, पिंटू,अजय सिंह,महिला आरक्षी रुचि सिंह,सोनी गुप्ता प्रेमशिला पाल,सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने फूल माला पहनाकर सम्मान पूर्वक विदाई किया।

# विभिन्न मुकदमो में फरार चार आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। विभिन्न मामलों में फरार चल रहे चार आरोपितों को संबंधित थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया।

बेलघाट पुलिस ने अपहरण, मारपीट व जानमाल की धमकी के मामले में फरार चल रहे संतोष पुत्र सुभाष निवासी मुकारीनपुर थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर को पकड़ा। उसके विरूद्ध स्थानीय थाना पर धारा 363, 504, 506 भादवि के तहत केस दर्ज है। इसी क्रम में गुलरिहा पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपित अभियुक्त दुर्गेश प्रजापति पुत्र रामनिवास प्रजापति निवासी बनगाई टोला भदरहा थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर व अभिषेक यादव पुत्र अखिलेश यादव निवासी अकोलही थाना खोराबार जनपद गोरखपुर को पकड़ा। दोनों को पुलिस आईपीसी की धारा 379, 411, 414 के तहत कोर्ट में पेश किया।

इनके कब्जे से पुलिस ने दो बाइक भी बरामद की है। एक अन्य समाचार के अनुसार मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने के आरोप में फरार चल रहे अभियुक्त शिवेन्द्र पुत्र रामसिंहासन निवासी सेमरडाढी थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपित को पुलिस आईपीसी की धारा 323, 504, 308, 352, 506 भादवि के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# डा. सुधीर व अन्य के खिलाफ मुकदमा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** टीका लगने के बाद नवजात की बीआरडी मेडिकल कालेज में मौत के मामले में चिलुआताल पुलिस ने धारा 304 ए के तहत डा. सुधीर गुप्ता व उनके सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि इस मामले में सीएमओ स्तर से टीम बनाकर जांच करायी जा रही है।

सौरभ कुमार राय पुत्र कृष्ण मुरारी राय निवासी अतायर थाना गगहा ने चिलुआताल थाने की पुलिस को तहरीर दिया है कि उसकी पत्नी मधु राय का इलाज ग्रीनलैंड हास्पिटल करीमनगर में चल रहा था। चिलुआताल प्रतिनिधि के अनुसार 25 फरवरी को बच्चे का जन्म हुआ और 5 मार्च को पुनः दिखाने तथा बच्चे को टीका लगवाने पहुंचा। सौरभ का आरोप है कि डा. सुधीर गुप्ता ने बच्चे को टीका लगाया और कहा कि टीकाकरण हो गया। बच्चे को लेकर हास्पिटल में ही बैठ गया और बमुश्किल से पांच-दस मिनट के बाद ही बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी। डा. गुप्ता को बताया तो उन्होंने देखा और एंबुलेंस से मेडिकल कालेज ले जाने को कहा। इस दौरान वे किसी से बात कर रहे थे कि बच्चे को गलत इंजेक्शन लगा दिया है। इसका बचना मुश्किल है। मेडिकल कालेज में हमारे बच्चे की मृत्यु हो गई। इस मामले में चिलुआताल पुलिस ने डा. सुधीर और सहयोगी स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की पुलिस जांच कर रही है और इधर सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे का कहना है कि नवजात को जो टीका लगाया गया है उसके जांच के निर्देश दिये गये हैं। बाल रोग विशेषज्ञ या प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी ने टीका लगाया कि नहीं। इन तमाम बिंदुओं पर जांच करायी जा रही है। प्राइवेट प्रैक्टिस के मामले की जांच पूरी होते ही रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी।

**टीका लगने के बाद नवजात की मौत का मामला**

# छेड़छाड़ व मारपीट के दो आरोपित गिरफ्तार

**बरहुआ (एसएनबी)।** छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में आरोपित दो अभियुक्तों को गीडा पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एसआई अभिषेक कुमार सिंह ने हमराह मुख्य आरक्षी अतुल यादव एवं आरक्षी कुमार रवि के सहयोग से दोनो को पकड़ा। पूछताछ में दोनो ने अपना नाम प्रदीप कुमार भारती पुत्र दुखी प्रसाद व आकाश कुमार पुत्र झीनक प्रसाद निवासीगण ग्राम उत्तरी कोलिया थाना गीडा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरापितों को धारा 323,504,506,354ख भादवि के तहत कोर्ट में पेश की।

# हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** खजनी पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से घटना में प्रयुक्त तलवार बरामद की है। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक खजनी संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने आरोपित को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम निलेश यादव पुत्र सदानन्द यादव निवासी पुरासपार थाना खजनी गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 307, 504 व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया। गुडवर्क टीम में एसआई सत्यम सिंह, रामबाबू, अमलेश यादव शामिल रहे।

# चोरी के सामान सहित आरोपित को पुलिस को सौंपा, केस

**पिपराइच (एसएनबी)।** बीती रात बैलो स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर औजार का चोरी किया तथा दुकान में तोड़फोड़ किया। शनिवार को चोरी के सामान सहित दुकानदार ने आरोपित चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस धारा 457, 380, 411 व 427 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के समदार बुजुर्ग निवासी सलमान अंसारी का बैलों में दुकान है। आरोप लगाया है बैलो निवासी इमरान नामक युवक शुक्रवार की रात दुकान का ताला तोड़ कर दो ग्रैंडर मशीन सहित अन्य औजार चोरी कर लिया। जो सामान चोरी नहीं कर पाया उसे तोड़ दिया। जांच के बाद चोरी किया गया सामान व कथित चोर अपने घर पर मिला । पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले को जांच कर रही है।

# सपा नेता खेत पर करा रहे जबरन कब्जा

बड़हलगंज (एसएनबी )। स्थानीय थाना क्षेत्र के दुर्गापुर निवासी शिवप्रसाद साहनी पुत्र रामरेखा

**पीड़ितों ने 15 मार्च से तहसील पर अनशन की दी चेतावनी**

**सीएम पोर्टल पर शिकायत भेजकर लगायी कार्रवाई की गुहार**

**कोतवाल के मना करने के बावजूद कब्जा जारी**

साहनी ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसके खेत को एक दबंग सपा नेता जबरन कब्जा करा रहा है। वह अब परिवार सहित 15 मार्च से तहसील गेट पर अनशन करेगा।

शिवप्रसाद साहनी ने बताया कि उसका एक खेत मौजा खड़ेसरी में है । जिस पर उसी गांव के बुलबुल पुत्र धन्नी साहनी व उनका पुत्र जबरन कब्जा कर रहे हैं। मैं बड़हलगंज थाने पर न्याय की गुहार लगाया। कोतवाल बड़हलगंज ने उन्हें बुलाकर मना तो किया पर वे माने नहीं बल्कि समाजवादी पार्टी के स्थानीय दबंग राजनेता की शह पर जबरन कब्जा करता जा रहा है।

पीड़ित ने मुख्यमंत्री से कब्जा खाली कराने की गुहार लगाई है और कब्जा खाली न होने की दशा में आगामी 15 मार्च से गोला तहसील परिसर में परिवार के साथ अनशन पर बैठने की चेतावनी भी दी है।

## पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस

भटहट (एसएनबी)। गुलरिहा पुलिस ने एक विवाहिता की तहरीर पर उसके पति,सास,ससुर और दो ननद के खिलाफ मारपीट, हिंसा व दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिलुआताल थाना क्षेत्र के नूरुद्दीन चक निवासी राकेश श्रीवास्तव अपनी बेटी जावी श्रीवास्तव की शादी 14 मई, 2022 को गुलरिया थाना क्षेत्र के सरैया निवासी मनोज श्रीवास्तव के पुत्र हर्षित श्रीवास्तव से की थी। उसके पति, सास, ससुर और दो ननद उसे दहेज कम लाने और अधिक दहेज की मांग को लेकर शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। उसने यह भी लिखा है कि 12 लाख रुपया खर्च करके उसका विवाह किया था लेकिन ससुराल वाले और दहेज की मांग करते है। उसके पति द्वारा यह कहा जाता है कि उसके पास बीस बीघा खेत और नौकरी है। उसकी दूसरी शादी हो जाएगी। पुलिस जाबी के पति हर्षित, ससुर मनोज श्रीवास्तव, सास शशी, ननद शिवानी और साक्षी के खिलाफ 498ए, 332, 504, 506 दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3, और 4 के तहत केस दर्ज की है।

## दूधिए पर जानलेवा हमला कर लूटा पांच हजार रुपए

रकहट (एसएनबी)। गगहा थाना क्षेत्र में एक दूधिए पर लाठी से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल करने के बाद एक मनबढ़ ने उसके जेब में मौजूद पांच हजार रुपए लूट लिया और फरार हो गया। पुलिस आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। गगहा थाना क्षेत्र के उज्जरपार निवासी उत्तम मौर्य व निर्भय होली के दिन सुबह 8 बजे गगहा काली चौरा दुर्गा समिति पर दूध देने के बाद दूध का पांच हजार रुपए नकद लेकर वापस घर आ रहा था। आरोप है कि दूदापार निवासी मैनेजर पासवान पुत्र राजनाथ ने उसके सिर पर लाठी प्रहार कर दिया जिससे वह अचेत होकर गिर गया। उत्तम का आरोप है कि उसकी जेब में रखा पांच हजार रुपए रुपए लूटकर फरार हो गया। गगहा पुलिस ने आरोपित मैनेजर पासवान के खिलाफ धारा 323, 308, 392, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

# पुलिस की पिटाई के मामले में जांच करने पहुंचे सीओ कैंट

गोरखपुर (एसएनबी)। मामली विवाद की सूचना पर खोराबार थाने के दारोगा और सिपाही होली के दिन युवक को पकड़ने उसके घर पहुंचे। युवक नहीं मिला तो उसकी मां को गाली देने लगे। मां को गाली देते देख बेटा ने एतराज जताया तो पुलिस ने उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने पिटाई के बाद युवक को अपने बचाव में शांतिभंग में चालान कर दिया। महिला ने मामले की शिकायत दूसरे दिन जनता दरवार में किया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी के आदेश पर सीओ कैंट को जांच सौपी गयी। सीओ कैंट आज महिला से मिलकर उसका बयान दर्ज किया।

**मां को गाली देने से माना करने पर बेटे की दारोगा और सिपाही ने की थी पिटाई**

**होली के दिन दारोगा और सिपाही पहुंचे थे महिला के घर**

खोराबार प्रतिनिधि के मुताबिक होली के दिन शाम के समय खोराबार थाना क्षेत्र के जंगल सिकरी के बढ़ई टोला निवासीनी ममता देवी पत्नी हरिकेश के घर दरोगा अभिजीत और सिपाही सुधीर पहुचे और महिला के छोटे लड़के गोलू के बारे में पूछने लगे तो महिला ने बताया कि साहब वह सूबा बाजार गया हुआ है । आरोप है कि इतना सुनते ही दरोगा और सिपाही गुस्सा हो गए और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए महिला को गाली देने लगे । इसी दौरान महिला का बड़ा बेटा बीकम का छात्र विश्वजीत उर्फ कनैहया पुत्र हरिकेश भी मा के पास पहुंच गया और दरोगा और सिपाही को गाली देने से मना करने लगा ।



खोराबार मे पीड़ित के घर पहुचकर जांच पड़ताल करते क्षेत्राधिकारी।

महिला का आरोप है कि आक्रोशित दारोगा और सिपाही उसके बेटे की घर पर ही पिटाई करने लगे और उसको थाने लेकर पहुच गये । आरोप है कि जब महिला थाने पर पहुची तो थाना गेट के पास दरोगा और सिपाही महिला लड़के को छोड़ने के लिए एक लाख रुपये की मांग किये । जब रुपये देने में महिला ने असमर्थतता ब्यक्त की तो रात में उसके बेटे की दोनों ने खूब पिटाई किया और अगले दिन शांति भंग में चालान कर दिया ।

प्रकरण को लेकर पीड़ित महिला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरवार में पहुंची और प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई । आरोप की गंभीरता को लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शनिवार को क्षेत्राधिकारी कैंट पीड़िता के घर जाकर बयान दर्ज कियरा । जहा महिला ने बताया कि दरोगा और सिपाही होली के दिन शाम को घर आये छोटे बेटे के विषय मे पूछने लगे जब महिला ने बताया कि सूबा बाजार गया हुआ है । इसके बाद दोनों लोग गाली देने लगे और बड़े बेटे को बुरी तरह पीट दिये और थाने से छोड़ने के लिए एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे ।

### विवादों में रहे दरोगा और सिपाही

अगर विभागीय सूत्रों की बातों पर गौर करे तो आरोपित दारोगा और सिपाही का विवादों से पुराना नाता रहा है । कुछ वर्ष पूर्व जनपद के दक्षिणाचल के एक थाने पर तैनाती के दौरान आरोपित दारोगा अपहरण करने के मामले में जेल भी जा चुका है जबकि सिपाही नौसढ़ चौकी पर तैनाती के दौरान अवैध वसूली के मामले में सस्पेंड भी हो चुका है।

# बाइक का हार्न बजाने पर युवक को पीटा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बाइक का हार्न बजाने पर मनबढ़ों ने एक युवक को पीट दिया। पुलिस छह आरोपितों के विरूद्ध मारपीट व बलवा का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

हमारे **चिलुआताल प्रतिनिधि** के मुताबिक चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा नंबर एक घोषीपुरवा निवासी इकबाल

## छह के विरूद्ध केस दर्ज

अहमद ने स्थानीय पुलिस को तहरीर दी कि उनका बेटा शुक्रवार की रात बाइक से घर लौट रहा था।

किसी कारण से गांव में पहुंचने पर उसने बाइक का हार्न बजाया।

इससे नाराज होकर हकीमुल्ला, शब्बीर, हसरत, पलट, सलट एवं गोलू ने उसे घेर लिया और मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस आरोपितों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 147, 323, 504 एवं 506 के तहत केस दर्ज किया है।

# बीआरडी के डॉ. सुधीर पर गैर इरादतन हत्या का केस

**GORAKHPUR (11 March):** बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर गुप्ता व उनके सहयोगी स्टाफ पर चिलुआताल थाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है. पांच मार्च को करीमनगर स्थित ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में टीका लगने के बाद नवजात की मौत हो गई थी. घटना के बाद परिजन ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी. पुलिस आरोप की जांच कर रही है.

## 10 मिनट बाद बिगड़ गई थी तबीयत

गगहा के अतायर निवासी सौरभ कुमार राय ने चिलुआताल थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि पांच मार्च को बच्चे को लेकर करीमनगर स्थित ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में टीका लगवाने पहुंचे. डॉ. सुधीर गुप्ता ने उसे इंजेक्शन लगाया. 10 मिनट बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी. तत्काल उन्होंने एंबुलेंस से बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां उसकी मौत हो गई. आरोप है कि उन्होंने डॉ. सुधीर गुप्ता को यह कहते हुए सुना कि बच्चे को गलत इंजेक्शन लग गया है. इसका बचना मुश्किल है. बीआरडी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई.




## जानबूझकर इंजेक्शन लगाने का आरोप

सौरभ का आरोप है जिस समय डॉ. सुधीर ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया, उस समय उनके सहयोगी डॉक्टर बगल में खड़े थे. इन लोगों ने जानबूझ कर बच्चे को गलत इंजेक्शन लगाकर उसकी हत्या की है. एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि सीएमओ की रिपोर्ट के आधार पर डॉ. सुधीर गुप्ता व उनके सहयोगी स्टाफ पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर चिलुआताल थाना पुलिस जांच कर रही है.

# सिकरीगंज के सिपाही मनोज बने एसआई

**SIKARIGANJ**:सिकरीगंज थाने के सिपाही मनोज का चयन सीधी भर्ती दरोगा के पद पर हुआ. शनिवार को सिकरीगंज थाने से विदाई दी गई. सिकरीगंज एसओ राजकुमार सिंह ने बताया कि मनोज ने लगन और मेहनत से इस मुकाम को हासिल किया है.

# पति समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज

**BHATAHAT**: गुलरिहा थाने में विवाहिता ने अपने पति, सास, ससुर और दो ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत मारपीट आदि धाराओं केस दर्ज कराया है. चिलुआताल थाना क्षेत्र के नूरुद्दीन चक निवासी राकेश श्रीवास्तव ने बेटी जाह्नवी श्रीवास्तव का विवाह 14 मई 2022 को गुलरिया थाना क्षेत्र के सरैया निवासी मनोज श्रीवास्तव के पुत्र हर्षित श्रीवास्तव के साथ किया है. गुलरिहा थाने में तहरीर देकर जाह्नवी ने विवाह के बाद ससुराल वाले और दहेज की मांग करते रहे.

# आठ को लूट, 11 को दर्ज हुआ मुकदमा

**GAGHA**: गगहा थाना एरिया में होली के दिन युवक से लूट हो गई. गगहा पुलिस ने केस दर्ज नही किया तो पिता ने अफसरों से शिकायत की. इसके बाद शनिवार को एफआईआर दर्ज हो सकी. गगहा थाना एरिया के उज्जरपार निवासी जर्नादन मौर्य के पुत्र उत्तम मौर्य व निर्भय मौर्य होली के दिन आठ मार्च को सुबह आठ बजे बाइक से गगहा स्थित काली चौरा समिति पर (डेरी) बकाया पांच हजार रुपए लेकर वापस आ रहे थे. बाऊपार पर स्थित सीसी रोड पर आए थे तभी गांव का मैनेजर सरोज ने लाठी से बेटे पर प्रहार किया. जिससे नीचे गिरने के बाद पांच हजार रुपया लेकर फरार हो गया.

भोजपुरी गाने पर युवकों का असलहे के साथ डांस का वीडियो वायरल

# सोशल मीडिया पर 'तमंचे पे डिस्को'

**पुलिस ने लिया संज्ञान, ऑपरेशन तमंचा-2 का नहीं दिख रहा कोई खौफ**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (11 March):** गोरखपुर में बदमाशों में पुलिस का खौफ बिल्कुल नहीं रह गया है. पुलिस ऑपरेशन तमंचा 2.0 चला रही है, लेकिन बेखौफ बदमाश अपने हुड़दंगई से बाज नहीं आ रहे हैं. जिले में एक बार फिर तमंचे पर डिस्को करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ है. इसमें होली खेल रहा युवक हाथ में तमंचा लिए डांस करता नजर आ रहा है. पीछे से डीजे पर भोजपुरी गाना भी बजता सुनाई दे रहा है.



वायरल वीडियो से ली गई तस्वीर.

## चिलुआताल का वीडियो

वीडियो चिलुआताल के परमेश्वपुर में होली के दिन का बताया जा रहा है. शनिवार को वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा. वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है. एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि वीडियो के जरिए युवकों की पहचान कर ली गई है. जल्द ही उन्हें अरेस्ट कर लिया जाएगा. वीडियो में होली के रंग में सने हुए कुछ लड़के रंग खेलते हुए डांस कर रहे हैं.

### मोबाइल में कैद हो गया वीडियो

भोजपुरी गाने पर डांस करते हुए इनमें से एक युवक हाथ में तमंचा निकालकर लहरा रहा है जबकि, उसके साथ बाकी युवक कीचड़ में लेटकर डांस कर रहे हैं. दूर से किसी ने इस पूरे कारनामे का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया. दावा किया जा रहा है कि वीडियो परमेश्वरपुर गांव में होली के दिन का है. पुलिस वायर वीडियो का संज्ञान लेकर आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है. हालांकि, आरोपी घर छोड़कर फरार है.

**वीडियो के जरिए युवकों की पहचान कर ली गई है. जल्द ही उन्हें अरेस्ट कर लिया जाएगा.**

**मनोज अवस्थी,** एसपी नार्थ

# खजनी थाने में सीओ ने सुनीं समस्याएं



**KHAJNI:** खजनी थाना परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस पर सीओ खजनी अनिल कुमार सिंह ने थाने में जनसुनवाई की गई. प्रत्येक फरियादियों से उनकी समस्याओं को सुना गया एवं निस्तारण के लिए संबधित को निर्देशित किया गया.कुछ फरियादी सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पुलिस की कार्यशैली से संतुष्ट नजर नही आए, इस अवसर पर खजनी थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र व एसएसआई सुनील तिवारी कानूनगो, लेखपाल सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे.

# हत्या के प्रयास में वांछित गिरफ्तार, तलवार बरामद

गोरखपुर। हत्या के प्रयास में वांछित निलेश यादव को खजनी पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि पुरासपार निवासी निलेश ने तलवार से हमला कर घायल कर दिया था। इस मामले में उसके ऊपर धमकी और हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्ज किया गया था। निलेश यादव को गिरफ्तार कर उसके पास से घटना में इस्तेमाल तलवार बरामद कर ली गई है।

# होली में मनबढ़ों ने किया तमंचे पर डिस्को




- 'ऑपरेशन तमंचा-2' का नहीं दिख रहा कोई खौफ
- वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने शुरू की जांच

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** पुलिस के ऑपरेशन तमंचा-2 के बीच एक बार फिर असलहा लहराते हुए मनबढ़ों का वीडियो सामने आया है। होली खेल रहे युवक हाथ में तमंचा लिए डांस कर रहे हैं। पीछे से डीजे पर गाना भी बज रहा है। भोजपुरी गीत 'चली शामियाना में आज तोहरे चलते गोली' पर युवक जमकर थिरकते नजर आ रहे हैं।

हालांकि 'हिन्दुस्तान' वीडियो की पुष्टि नहीं करता।वीडियो चिलुआताल इलाके के परमेश्वरपुर में होली के दिन का बताया जा रहा है। शनिवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। वहीं, वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। सामने आए वीडियो में होली के दिन कुछ लड़के रंग खेलते हुए डांस कर रहे हैं। भोजपुरी गाने पर डांस करते हुए इनमें से एक युवक तमंचा निकालकर लहरा रहा है दावा किया जा रहा है कि वीडियो परमेश्वरपुर गांव में होली के दिन का है। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया, वीडियो के जरिये युवकों की पहचान की जा रही है।

# पति, सास और ननद पर दहेज उत्पीड़न का केस

गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के मोहरीपुर निवासी जाह्नवी श्रीवास्तव की शादी पिछले वर्ष मई में गुलरिहा क्षेत्र के सरैया बाजार में हर्षित श्रीवास्तव के साथ हुई थी। शुक्रवार को जाह्नवी ने पति, सास तथा दोनों ननद के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारने पीटने के आरोप में गुलरिहा थाने में केस दर्ज कराया है।

# चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके अशोक नगर कालोनी निवासी विमल बगड़िया ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि शुक्रवार को घर में एक चोर घुसकर मोबाइल चोरी कर लिया तो उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया।

शोर सुनकर आसपास के लोग भी जुट गए। सूचना मिलते ही शाहपुर पुलिस पहुंची, जिसके बाद लोगों ने चोर को सुपुर्द कर दिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम समीर खान पता पश्चिम चंपारण बेतिया बिहार बताया है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

# चोरी के लोहे के साथ पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर

भटहट। पिपराइच थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत बैलों में शुक्रवार की रात में लोहे का उपकरण व सरिया आदि की चोरी करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर पकड़ा गया है। थानाक्षेत्र के समदार बुजुर्ग निवासी सलमान की बैलों चौराहे पर दुकान है। जहां दरवाजा, ग्रिल आदि तैयार होते हैं।

रात में दुकान के पीछे का दरवाजा तोड़कर कटर मशीन, इलेक्ट्रिक मोटर, ग्लेंडर मशीन, रिंच के साथ ही लोहे के दर्जनभर एंगल चुराकर घर पहुंचा रहा था। इसी दौरान आवाज सुनकर पड़ोसी बाहर निकले तो चोरी का पता चला। पुलिस ने बैलों निवासी इमरान को गिरफ्तार कर लिया।

इमरान पिपराइच थाने का हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। इस संबंध में एसओ पिपराइच सूरज सिंह ने बताया कि चोर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

# चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। चोरी की बाइक और नशीला पाउडर के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर कैंट शशि भूषण राय ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के काली मंदिर के पीछे रहने वाले मनोज शर्मा पुत्र मिट्ठू शर्मा को गिरफ्तार कर उसके पास से 55 ग्राम नशीला अल्प्राजोलम पाउडर व चोरी की एक बाइक बरामद की गई है।

# पीड़ित परिवार का सीओ ने लिया बयान

फॉलोअप

- दरोगा और सिपाही ने बढ़ई टोला की महिला को दी थी गाली
- विरोध करने पर बेटे की कर दी थी पिटाई और शांतिभंग में चालान

**खोराबार, हिन्दुस्तान संवाद।** होली की शाम एक युवक की तलाश में उसके घर पहुंचे दरोगा और सिपाही ने महिला को गाली दे दी थी, युवक के एक भाई ने इसका विरोध किया। आरोप है कि इससे नाराज होकर दरोगा-सिपाही ने उसे पीटा और शांतिभंग में चालान कर दिया था।

पीड़ित महिला ने शिकायत लेकर मुख्यमंत्री के जनता दरबार में पहुंची तो एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने मामले की जांच सीओ कैंट को सौंपी है। शनिवार को सीओ इस मामले में पीड़ित महिला के घर पहुंचे और परिवार का बयान दर्ज किया। खोराबार थानाक्षेत्र के जंगल सिकरी के बढ़ई टोला की रहने वाली ममता पत्नी हरिकेश यादव के घर होली की शाम को एक दरोगा और एक सिपाही पहुंचे और उसके छोटे बेटे गोलू के बारे में पूछने लगे। ममता ने बताया कि वह सूबा बाजार गया हुआ है। आरोप है कि इतना सुनते ही दरोगा और सिपाही गुस्से में गाली देने लगे। इसी दौरान ममता का बड़ा बेटा बीकॉम का छात्र विश्वजीत उर्फ कन्हैया आ गया और मां को गाली देने का विरोध किया। गुस्साए दरोगा और सिपाही ने विश्वजीत की घर पर ही पिटाई की और फिर उसे थाने ले गए। ममता का आरोप है कि विश्वजीत को छोड़ने के बदले पैसे की डिमांड की गई और बाद में शांतिभंग में चालान कर दिया गया। पीड़ित ममता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जनता दरबार में शिकायत की। एसएसपी के निर्देश पर शनिवार को सीओ कैंट पीड़िता के घर बयान लेने पहुंचे।

## हमेशा विवादों में रहे हैं दरोगा और सिपाही

आरोपी दरोगा और सिपाही हमेशा विवादों में रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व में उरुवा थाने में तैनाती के दौरान दरोगा अपहरण करने के मामले में जेल भी जा चुका है वहीं बेलघाट थाने से विवेचना के दौरान लेनदेन को लेकर निलंबित किया जा चुका हैं। वहीं सिपाही नौसढ़ चौकी पर तैनाती के दौरान अवैध वसूली करने के मामले में सस्पेंड भी हो चुका है।

# युवती की अश्लील फोटो फेसबुक पर की वायरल, मुकदमा दर्ज

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शहर के **2** गोरखनाथ व तिवारीपुर में छेड़खानी और अश्लील फोटो वायरल कर बदनाम करने की घटना सामने आई है। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोरखनाथ में सामने आई घटना में शोहदों ने एक युवती की अश्लील फोटो और मोबाइल नंबर फेसबुक पर वायरल कर दिया। युवती थाने पहुंच कर शिकायत की और केस दर्ज कराया। वहीं तिवारीपुर में एक महिला को मोहल्ले की ही शोहदे छेड़ रहे थे। महिला ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस में शिकायत करने से नाराज शोहदों ने घर में घुसकर महिला से बदसलूकी की।

- **मोबाइल नंबर भी वायरल करने से परेशान लड़की पहुंची थाने**
- **तिवारीपुर में एक महिला ने शोहदों की शिकायत की तो पीटा**

पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोरखनाथ इलाके के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती की अश्लील फोटो बनाकर एक युवक ने फेसबुक पर वायरल करते हुए उसका मोबाइल नंबर भी फोटो संग वायरल कर दिया।

युवती के पास जब कई लड़कों के फोन आने शुरू हुए तब उसे इस हरकत की जानकारी हुई। परेशान होकर युवती शुक्रवार को गोरखनाथ थाने पर पहुंची और युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया। फोन नंबर के आधार पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

वहीं दूसरी घटना में तिवारीपुर के एक मोहल्ले की रहने वाली गर्भवती महिला को उसी मोहल्ले के युवक परेशान करते थे। परेशान होकर महिला ने डायल 112 पर सूचना दी, पुलिस पहुंची तो युवक भाग गए। उधर, पुलिस के जाने के बाद शोहदों ने महिला के घर में घुसकर उसे पीटा और छेड़खानी की। गर्भवती महिला के साथ हुई घटना में पुलिस ने नाजिद, समद, अनवर अली और शहजादे पर केस दर्जकर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## जेल से छूटा, फिर करने लगा छेड़खानी

पीपीगंज। छेड़खानी के आरोप में जेल **3** गया युवक जमानत पर बाहर आने के बाद भी नहीं सुधरा और किशोरी से छेड़खानी करने के साथ ही मोबाइल से अश्लील मैसेज भेजने लगा।

किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित युवक पर छेड़खानी समेत अन्य धाराओ में एक और मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है। पीपीगंज थानाक्षेत्र की एक किशोरी के साथ कुछ माह पहले छेड़खानी के आरोप में अंबेडकरनगर निवासी रामराज के बेटे बुधेश्वर उर्फ चीकू को पीपीगंज पुलिस ने जेल भेजा था। लेकिन बीते माह में चीकू को न्यायालय से जमानट मिल गई और वह बाहर आ गया। आरोप है कि जेल से छूटने के बाद से आरोपी चीकू ने शिकायत दर्ज कराने वाली किशोरी से छेड़खानी और आपत्तिजनक हरकते शुरू कर दी।

# चौरीचौरा के अपराधी की खुली हिस्ट्रीशीट

चौरीचौरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर चौरीचौरा थाना के एक अपराधी को दुराचारी घोषित करते हुए उसकी हिस्ट्रीशीट खोली गई। चौरीचौरा के चकदेईया निवासी लालू उर्फ शिवेन्द्र उर्फ मेंटल उर्फ सतेन्द्र के खिलाफ काफी आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। उसके खिलाफ चौरीचौरा, खोराबार में कई आपराधिक केस दर्ज हैं। गुंडा एक्ट की कार्रवाई हो चुकी है।

# रुपये के लेनदेन में मारपीट का आरोप, केस दर्ज

गोरखपुर। गुलरिहा के जंगल अयोध्या प्रसाद टोला लोहरा निवासी कबूतरा देवी ने गुलरिहा पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गुरुवार को गांव के ही अनिल, बल्ले तथा राम बदन मिलकर उसके भाई फेंकू को बहलाकर जंगल में ले गए। वहां पैसे के विवाद को लेकर गाली गुप्ता देते हुए मारापीटा तथा मोबाइल तोड़ दिया। गुलरिहा पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपितों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 व 427 में केस दर्ज किया है।

# पांच पर धोखाधड़ी व पैसा हड़पने का केस

गोरखपुर। गुलरिहा क्षेत्र के जंगल डुमरी नम्बर एक टोला हरनहिया निवासी शंकर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर जमीन के नाम पर 29 लाख रुपये हड़पने में पांच लोगों के खिलाफ शनिवार को केस दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नम्बर एक टोला हरनहिया निवासी शंकर ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उन्होंने पांच बीघा जमीन खरीदने के लिए एक करोड़ में सौदा तय किया था। प्रापर्टी डीलर श्रीपत, उनके पुत्र दीपक, इंगलेश निवासी खुटहन खास, विजय निवासी जंगल डुमरी नम्बर एक टोला तेतरिया, रामप्रताप निवासी जंगल डुमरी नम्बर एक टोला रघुभगत के माध्यम से यह सौदा हुआ था।

# डॉ. सुधीर और सहयोगियों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

**हि फॉलोअप**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर गुप्ता व उनके सहयोगियों पर चिलुआताल पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पांच मार्च को करीमनगर स्थित ग्रीन लैंड हॉस्पिटल में टीका लगने के बाद नवजात की मौत हो गई थी। घटना के बाद नवजात के परिवारीजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गगहा इलाके के अतायर गांव निवासी सौरभ कुमार राय ने चिलुआताल थाने में दी तहरीर में लिखा है कि पांच मार्च को बच्चे को लेकर करीमनगर स्थित ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में टीका लगवाने पहुंचे थे। डॉ. सुधीर गुप्ता ने उसे इंजेक्शन लगाया। 10 मिनट बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद तत्काल उन्होंने एंबुलेंस से बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां उसकी मौत हो गई। सौरभ ने आरोप लगाया कि उन्होंने डॉ. सुधीर गुप्ता को यह कहते हुए सुना कि बच्चे को गलत इंजेक्शन लग गया है। इसका बचना मुश्किल है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान बच्चे की मृत्यु हो गई। सौरभ का आरोप है जिस समय डॉ. सुधीर ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया उस समय उनके सहयोगी डॉक्टर बगल में खड़े थे। इन लोगों ने जानबूझ कर बच्चे को गलत इंजेक्शन लगाकर उसकी हत्या की है। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि सीएमओ की रिपोर्ट के आधार पर डॉ. सुधीर गुप्ता और उनके सहयोगियों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर चिलुआताल थाना पुलिस जांच कर रही है।



**05** मार्च को बच्चे को टीका लगवाने के लिए ग्रीनलैंड हॉस्पिटल पहुंचे थे परिजन

- ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में टीका लगने के बाद हो गई थी नवजात की मौत
- सीएमओ की रिपोर्ट पर चिलुआताल पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने मारपीट और हत्या के प्रयास के आरोपित मंदीप निषाद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

रामगढ़ताल थानाक्षेत्र के कजाकपुर निवासी मंदीप पर हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज था।

# बड़हलगंज क्षेत्र में 50 हजार नकदी व लाखों के जेवरात चोरी

बड़हलगंज। क्षेत्र के भाटपार बनकट में अनंत जायसवाल के घर का ताला तोड़कर चोरों ने 50 हजार नकदी सहित लाखों रुपये के जेवरात चुरा ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दे दी है। शनिवार को दिए गए तहरीर में भाटपार बनकट निवासी अनंत जायसवाल ने कहा कि शुक्रवार रात घर के मुख्य दरवाजे का ताला काटकर चोरों ने सोने की चार चेन, नौ अंगूठियां, हार, झुमका, मंगलसूत्र, झाली, चांदी के तीन पायल व 50 हजार रुपये नकद चुरा ले गए। पुलिस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में लगी है।

# चोरी की दो बाइक के साथ दो चोरों को पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर। गुलरिहा के सरैया बाजार के पास से पुलिस ने शुक्रवार की रात में चोरी की दो बाइक के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पांडेय मुखबिर की सूचना पर अपनी टीम के साथ सरैया बाजार के पास खड़े थे। इसी बीच दो बाइक सवार आते दिखे तो उन्हें रुकने का इशारा किया, दोनों बाइक मोड़कर भागने लगे। पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया।

पूछताछ में एक की पहचान दुर्गेश प्रजापति निवासी बनगाई टोला मदरहवा थाना गुलरिहा के रूप में हुई। उसके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। वहीं दूसरे की पहचान अभिषेक यादव निवासी अकुलहिया खोराबार के पास से चोरी की एचएफ डीलक्स बाइक बरामद हुई। पुलिस के पूछताछ में दोनों आरोपितों ने बताया कि बरामद की गई बाइक सरैया निवासी छोटू एवं मदरहवा निवासी सुहेल खां द्वारा कुछ दिन पहले चोरी करके लाया गया था।

# मुकदमे में सुलह करने को लेकर दी धमकी, केस दर्ज

भटहट। पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसिया निवासी जयनरायन राय ने मुकदमे में सुलह करने को लेकर गाली गलौज करने एवं धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जयनरायन राय ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि नौ मार्च की रात लगभग साढ़े नौ बजे पुराने मुकदमे में सुलह करने को लेकर अनिरुद्ध राय उनके घर पर आकर गाली गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी देने लगे। इसकी सूचना तत्काल पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को देते हुए कार्यवाही की मांग की थी।

# चोरी करते पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर

**भटहट** : पिपराइच के बैलो गांव में शुक्रवार की रात हार्डवेयर की दुकान में चोरी कर रहे हिस्ट्रीशीटर को पड़ोस में रहने वाले लोगों ने पकड़ लिया ।आरोपित के कब्जे से चोरी का सामान भी मिला। पिपराइच थाना पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। समदार बुजुर्ग निवासी सलमान की बैलों चौराहे पर हार्डवेयर की दुकान है। पिपराइच थाने का हिस्ट्रीशीटर व बैलों निवासी इमरान शुक्रवार की रात दुकान के पीछे का दरवाजा तोड़कर कटर मशीन, पानी का मोटर व लोहे का एंगल चुराकर घर पहुंचा रहा था। इसी दौरान लोहे का एक टुकड़ा पड़ोसी के दरवाजे पर गिर गया। आहट मिलने पर उन्होंने इमरान को पकड़ लिया।

# एसएसपी के आदेश पर लूट का मुकदमा दर्ज

हाटा बाजार : एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर के आदेश पर गगहा थाना पुलिस ने शनिवार को लूट का मुकदमा दर्ज किया। उज्जरपार गांव निवासी जनार्दन मौर्य ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि दूदापार निवासी मैनेजर ने होली के दिन उनके दो पुत्रों की पिटाई कर पांच हजार रुपये लूट लिया था।

# किशोरी को अगवा कर की छेड़खानी, पुलिस ने भेजा जेल

**कुई बाजार** : किशोरी का अगवा कर छेड़खानी करने वाले आरोपित को सिकरीगंज थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। किशोरी के पिता ने शुक्रवार को सिकरीगंज थाना पुलिस को दी तहरीर दी। (जासं)

# प्रापर्टी डीलर समेत पांच पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**जासं, गोरखपुर** : गुलरिहा थाना पुलिस ने जंगल डुमरी नम्बर एक टोला हरनहिया निवासी शंकर की तहरीर पर पांच प्रापर्टी डीलरों पर धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि भूमि दिलाने के नाम पर इन लोगों ने 29 लाख रुपये हड़प लिए हैं। शंकर का आरोप है कि भूमि खरीदने के लिए प्रापर्टी डीलर श्रीपत उसके पुत्र दीपक, इंगलेश निवासी खुटहन खास, विजय निवासी जंगल डुमरी नम्बर एक व रामप्रताप ने रुपये लिए थे जिसे हड़प लिया है। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

**घर में घुसे चोर को पकड़ा**: पादरी बाजार : अशोकनगर कालोनी में शुक्रवार की रात घर में चोरी करके भाग रहे युवक को परिवार के लोगों ने पकड़ लिया। कालोनी में रहने वाले विमल कुमार बगड़ीया ने बताया कि शुक्रवार को घर में घुसा चोर मोबाइल लेकर भाग रहा था। नजर पड़ने पर उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान बिहार के पश्चिम चंपारण निवासी समीर खान के रूप में हुई।

# चोरी की बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

गुलरिहा। गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरैया बाजार के पास से पुलिस ने शुक्रवार की रात में चोरी की दो बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गुलरिहा थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर देर रात सरैया बाजार में दोनों को पकड़ा गया। एक की पहचान दुर्गेश प्रजापति निवासी मदरहवा थाना गुलरिहा और दूसरे की अभिषेक यादव निवासी अकुलहिया खोराबार के रूप में हुई। ब्यूरो

# पति, सास और ननद पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

गोरखपुर : विवाहिता ने गुलरिहा थाने में पति, सास और ननद पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोप की जांच कर रही है। मोहरीपुर निवासी जान्हवी श्रीवास्तव ने गुलरिहा थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि मई 2022 में उसकी शादी गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरैया बाजार निवासी हर्षित श्रीवास्तव के साथ हुई थी। दहेज को लेकर पति हर्षित श्रीवास्तव, सास शशि श्रीवास्तव, ननद शिवानी और साक्षी आए प्रताड़ित करते हैं। पिता ने शादी में 12 लाख रुपये खर्च किए थे। (जासं)

# रुपये के लेनदेन में मारपीट तीन पर मुकदमा

गोरखपुर : जंगल अयोध्या प्रसाद टोला लोहरा निवासी कबूतरा देवी ने गुलरिहा थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गुरुवार की शाम गांव के अनिल, बल्ले व रामबदन उनके भाई फेंकू को बहला-फुसलाकर अपने साथ जंगल में ले गए। रुपये के लेनदेन के विवाद में पिटाई करने के बाद मोबाइल फोन तोड़ दिया। गुलरिहा थाना पुलिस आरोपितों पर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। (जासं)

# डा. सुधीर व सहयोगियों पर गैर इरादतन हत्या का केस

## सीएमओ की रिपोर्ट पर **पुलिस ने की कार्रवाई,** ग्रीनलैंड हास्पिटल में टीका लगने के बाद हुई थी नवजात की मृत्यु

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बीआरडी मेडिकल कालेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. सुधीर गुप्ता व उनके सहयोगियों पर चिलुआताल थाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पांच मार्च को करीमनगर स्थित ग्रीनलैंड हास्पिटल में टीका लगने के बाद नवजात की तबीयत बिगड़ी थी और बीआरडी मेडिकल कालेज में उसकी मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद स्वजन ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस आरोप की जांच कर रही है।

गगहा के अतायर निवासी सौरभ कुमार राय ने चिलुआताल थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि पांच मार्च को बच्चे को लेकर करीमनगर स्थित ग्रीनलैंड हास्पिटल में टीका लगवाने पहुंचे। डा. सुधीर गुप्ता ने उसे इंजेक्शन लगाया। 10 मिनट बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी। तत्काल उन्होंने एंबुलेंस से बीआरडी मेडिकल कालेज भेजा, जहां उसकी मृत्यु हो गई। आरोप है कि उन्होंने डा. सुधीर गुप्ता को यह कहते हुए सुना कि बच्चे को गलत इंजेक्शन लग गया है। इसका बचना मुश्किल है। सौरभ का आरोप है जिस समय डा. सुधीर ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया, उस समय उनके सहयोगी डाक्टर बगल में खड़े थे। इन लोगों ने जानबूझ कर बच्चे को गलत इंजेक्शन लगाकर उसकी हत्या की है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि सीएमओ की रिपोर्ट के आधार पर डा. सुधीर गुप्ता व उनके सहयोगियों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

### ग्रीनलैंड हास्पिटल में प्राइवेट प्रैक्टिस करते थे

बीआरडी मेडिकल कालेज में तैनात डा. सुधीर गुप्ता करीमनगर स्थित ग्रीनलैंड प्राइवेट हास्पिटल में प्राइवेट प्रैक्टिस करते थे। सौरभ राय का आरोप है कि पत्नी मधु का उपचार ग्रीनलैंड हास्पिटल में डा. सुधीर गुप्ता की देखरेख में चल रहा था, जहां 25 फरवरी को बच्चा पैदा हुआ था। पांच मार्च को बच्चे को टीका लगाने के लिए डाक्टर ने ही ग्रीनलैंड हास्पिटल में बुलाया था। वह यहां प्राइवेट प्रैक्टिस करते थे।

### लापता हुई किशोरी, पांच पर अपहरण का मुकदमा

जासं., गुलरिहा : गुलरिहा क्षेत्र की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी गुरुवार की शाम से लापता है। स्वजन ने गांव के ही एक युवक और उसके परिवार पर अपहरण व धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने गुलरिहा थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि गांव के नागे निषाद ने गुरुवार की शाम को पुत्री को अगवा कर जैनपुर निवासी सुरेश निषाद के साथ भगा दिया। पूछने पर उसके घर वाले जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना गुलरिहा मनोज पांडेय ने बताया कि युवक समेत पांच लोगों पर अपहरण व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# चोरी की बाइक संग दो बदमाश गिरफ्तार

**जासं., भटहट :** चोरी की दो बाइक के साथ गुलरिहा थाना पुलिस ने शनिवार सुबह दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उन्हें न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया गया। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज कुमार पांडेय शुक्रवार रात सरैया बाजार के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दो बाइक सवारों को संदेह के आधार पर रोका तो भागने लगे। घेराबंदी कर पुलिसकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। उनकी पहचान बनगाई के मदरहवा टोला निवासी दुर्गेश प्रजापति व खोराबार के अकुलहिया निवासी अखिलेश यादव के रूप में हुई। छानबीन में पता चला कि आरोपितों के कब्जे से मिली बाइक चोरी की है। दोनों आरोपितों ने बताया कि सरैया निवासी छोटू व मदरहवा के सुहेल खां ने 10 दिन पहले उन्हें बाइक लाकर दी थी।

# बीआरडी के डॉ. सुधीर गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज

## चिलुआताल थाने की पुलिस ने की कार्रवाई, ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में टीका लगने के बाद हो गई थी नवजात की मौत

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर गुप्ता और उनके सहयोगियों पर चिलुआताल थाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

लापरवाही की वजह से नवजात की मौत के मामले में सीएमओ की ओर से गठित पांच सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

बीते पांच मार्च को करीमनगर स्थित ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में टीका लगने के बाद नवजात की तबीयत बिगड़ गई थी। परिजन इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज लेकर गए, जहां इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई। मामले में परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी।

गगहा के अतायर निवासी सौरभ कुमार राय ने चिलुआताल थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि पांच मार्च को अपने सात दिन के बच्चे को लेकर करीमनगर स्थित ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में टीका लगवाने पहुंचे थे। आरोप है कि डॉ. सुधीर गुप्ता ने उसे इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगाने के 10 मिनट बाद नवजात की तबीयत बिगड़ने लगी। इस पर तत्काल उन्होंने एंबुलेंस से बीआरडी मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए भेजा।

वहां इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई। उन्होंने डॉ. सुधीर गुप्ता को यह कहते हुए सुना कि बच्चे को गलत इंजेक्शन लग गया है। इसका बचना मुश्किल है।

सौरभ का आरोप है जिस समय डॉ. सुधीर ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया, तब उनके सहयोगी डॉक्टर बगल में खड़े थे। इन लोगों ने जानबूझ कर बच्चे को गलत इंजेक्शन लगाकर उसकी हत्या की है।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि सीएमओ की रिपोर्ट पर डॉ. सुधीर गुप्ता और उनके सहयोगियों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच चिलुआताल थाना पुलिस कर रही है। आगे जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने डॉ. सुधीर के सहयोगियों को भी बनाया है आरोपी

**इस धारा में दर्ज हुआ है केस**

**डॉ. सुधीर** गुप्ता और उनके सहयोगियों पर सीएमओ की जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर 304-ए के तहत केस दर्ज किया गया है। धारा 304-ए आईपीसी लापरवाही के कारण हुई मौत से संबंधित है। इसमें कोई व्यक्ति लापरवाही भरा काम करके किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनता है, जो गैर इरादतन मानव हत्या की श्रेणी में नहीं आता है।

ग्रीनलैंड हॉस्पिटल से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। न ही उस हॉस्पिटल में मैं मरीज देखने जाता हूं। बीआरडी मेडिकल कॉलेज का डॉक्टर हूं। जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं, वह पूरी तरह से निराधार हैं।

**- डॉ सुधीर गुप्ता,** स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, बीआरडी मेडिकल कॉलेज

# नशीला पाउडर और चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। चोरी की बाइक और नशीला पाउडर के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

इंस्पेक्टर कैंट शशि भूषण राय ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के काली मंदिर के पीछे रहने वाले मनोज शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 55 ग्राम नशीला अल्प्राजोलम पाउडर बरामद किया है। साथ ही चोरी की एक बाइक भी उसके पास मिली है। मनोज पर चार मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं। ब्यूरो

### *हत्या के प्रयास का आरोपी दबोचा*

*गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने मारपीट और हत्या के प्रयास के आरोपित मंदीप निषाद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के कजाकपुर निवासी मंदीप पर हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज था। इसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी। मामले में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तारी की है। ब्यूरो*

# फर्जी आइडी बना मांग रहे हैं रुपये

**जासं. हाटा बाजार :** फेसबुक पर शिक्षक की फर्जी आइडी बना जालसाज उनके परिचितों से रुपये मांग रहे हैं। जानकारी होने पर शनिवार को गगहा थाने में शिक्षक ने तहरीर दी। पुलिस जांच कर रही है। सीयर गांव के शिक्षक मुकेश कुमार यादव ने तहरीर में लिखा है कि फेसबुक पर उनकी फोटो लगा किसी ने फर्जी आइडी बना ली है और मैसेज भेज रुपये मांग रहा है। प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि जांच चल रही है।

# समाधान दिवस : किसी मामले का निस्तारण नहीं

**सहजनवां।** तहसीलदार केशव प्रसाद की अध्यक्षता में शनिवार को सहजनवां थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल चार मामले आए लेकिन एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। राजस्व संबंधित शिकायती पत्रों के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। इस दौरान थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव, एसएसआई अवधेश पांडेय आदि मौजूद रहे। संवाद

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**सहजनवां।** थाना क्षेत्र के सेमरडाड़ी गांव में महिलाओं पर हूटिंग के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। सेमरडाडी निवासी सोनम ने तहरीर देकर बताया कि बृहस्पतिवार को शाम सात बजे घर पर थीं। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने लाठी-डंडे, रॉड से पीटकर घायल कर दिया। बचाव में पहुंचे पति झीनक को भी पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नीतीश, रामलाल, रामसींघासन, शिवेंद्र के खिलाफ हत्या के प्रयास और मारपीट का केस दर्ज किया है। मामले में शनिवार को पुलिस ने शिवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। ब्यूरो

# पुलिस ने दो वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गीडा।** गीडा थाना पुलिस ने गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है। दोनों की पहचान प्रदीप कुमार भारती और आकाश कुमार निवासी उत्तरी कोलिया थाना गीडा के रूप में हुई है। पुलिस को इनकी तलाश काफी दिनों से थी। ब्यूरो

# पुरानी रंजिश में घर में घुसकर पीटा, तीन पर केस

गीडा। गीडा थाना क्षेत्र के जिगिना वार्ड नंबर एक में पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ों ने घर में घुसकर दो लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित जिगिना निवासी शेषनाथ की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

# पति, सास व ननद पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

गुलरिहा। मोहरीपुर थाना क्षेत्र की जान्हवी श्रीवास्तव की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास और ननद पर दहेज उत्पीड़न सहित मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। तहरीर देकर बताया है कि उनकी शादी पिछले वर्ष मई में गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरैया बाजार निवासी हर्षित श्रीवास्तव के साथ हुई थी। दहेज को लेकर पति, सास, ननद आए दिन लड़ाई झगड़ा करते हैं। ब्यूरो

# किशोरी का अपहरण, पांच के खिलाफ केस दर्ज

गुलरिहा। थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण करने के मामले में गुलरिहा पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ अपहरण कर धमकी देने का केस दर्ज किया है। गांव की रहने वाली महिला ने गुलरिहा थाना में शुक्रवार को तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर नागे निषाद समेत पांच आरोपियों के खिलाफ अपहरण, जान से मारने की धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

# रुपये के लेनदेन में मारपीट, तीन पर मुकदमा

गुलरिहा। थाना क्षेत्र के जंगल अयोध्या प्रसाद टोला लोहरा निवासी कबूतरा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बृहस्पतिवार को गांव के अनिल, बल्ले एवं रामबदन उसके भाई फेकू को जंगल में ले गए। लेनदेन के विवाद में लाठी-डंडे से पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल फोन तोड़ दिया। गुलरिहा पुलिस ने शुक्रवार की शाम तीनों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

# थाने में मामला जाते ही प्रेमी युगल ने की शादी

**कैंपियरगंज।** थाना क्षेत्र के एक प्रेमी युगल ने शनिवार को बस स्टेशन चौराहा स्थित सदाशिव मंदिर में सात फेरे ले लिए। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल बब्बन की युवती का पड़ोस गांव के रहने वाले एक युवक से पांच साल पहले मुलाकात हुई। दोनों के बीच प्रेम बढ़ता गया। इस दौरान युवक और युवती के परिजनों ने शादी से इन्कार कर दिया। इसी बीच लड़की पक्ष ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई। मामले में पुलिस ने सदाशिव मंदिर में जाकर सुलह समझौता कराते हुए युवक और युवती की शादी कराई। कैंपियरगंज प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति के बाद प्रेमी युगल ने शादी कर ली है। ब्यूरो

# युवती का अश्लील फोटो वायरल, आरोपी पर केस

गोरखपुर। शहर के गोरखनाथ और तिवारीपुर इलाके में छेड़खानी और अश्लील फोटो वायरल कर बदनाम करने की घटना प्रकाश में आई है। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोरखनाथ इलाके की घटना में शोहदों ने एक युवती का अश्लील फोटो और मोबाइल नंबर फेसबुक पर वायरल कर दिया। युवती के पास जब लड़कों के फोन आने लगे, तब उसने थाने पहुंचकर शिकायत की। वहीं, तिवारीपुर में एक गर्भवती महिला से मोहल्ले के ही शोहदे छेड़खानी कर रहे थे। महिला ने पुलिस को सूचना दी। ब्यूरो

# असलहा लिए युवकों का डांस करने का वीडियो वायरल

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जिले में फिर असलहे के साथ डीजे पर डांस करने का वीडियो सामने आया है। भोजपुरी गाने पर डांस करते युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो चिलुआताल इलाके के परमेश्वरपुर गांव का बताया जा रहा है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर आरोपियों की पहचान कर ली है। उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। हालांकि, आरोपी घर छोड़कर फरार हैं।

बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में होली के दिन कुछ लड़के रंग खेलते हुए डांस करते दिख रहे हैं। भोजपुरी गाने पर डांस करते हुए इनमें से एक युवक हाथ में तमंचा निकालकर लहरा रहा है। जबकि, उसके साथ बाकी युवक कीचड़ में लेटकर डांस कर रहे हैं। दूर से किसी ने इस पूरे कारनामे का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया। शनिवार को यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दावा किया जा रहा है कि वीडियो परमेश्वरपुर गांव में होली के दिन का है।



वायरल वीडियो से ली गई तस्वीर। संवाद

## आरोपियों की पहचान कर तलाश में जुटी पुलिस, होली के दिन का बताया जा रहा है वीडियो

### नहीं दिख रहा अभियान का असर

ऑपरेशन तमंचा-2 के तहत पुलिस को तस्करों को दबोचना है, लेकिन पुलिस इस अभियान को सिर्फ कागजों में चला रही है। शायद इसी का असर है कि खुलेआम असलहा आम लोगों के हाथों में पहुंच रहे हैं। फिर असलहे के खुले प्रदर्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# गोरखपुर के किशोर ने मांगी महिला से फिरौती

फरेंदा (महराजगंज)। कस्बे की निरालानगर निवासी निराश्रित महिला से एक करोड़ की फिरौती मांगने वाले गोरखपुर निवासी किशोर को पुलिस ने शनिवार को चालान कर दिया। पुलिस, किशोर के खिलाफ भय दिखाकर जबरदस्ती वसूली करने का मुकदमा कर मामले की जांच में जुटी है।

आनंदनगर कस्बे के निरालानगर निवासी निराश्रित महिला रंजीता सिंह के दरवाजे पर पत्र फेंककर व फोन के माध्यम से 1.20 करोड़ की फिरौती मांगी गई थी। फिरौती मांगने वाले आरोपी ने रुपये न मिलने पर महिला के बेटे व भाई को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस, आरोपी को पकड़कर थाने ले आई। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि आरोपी, कैंपियरगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया है। संवाद

# दरोगा-सिपाही पर पिटाई का आरोप, जांच शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

**खोराबार।** घर में घुसकर युवक को पीटने के मामले में दरोगा और सिपाही के खिलाफ सीओ कैंट ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार को सीओ कैंट जंगल सिकरी के बढ़ई टोला पहुंचे और युवक की मां से पूछताछ की है। मामले की शिकायत पीड़ित पक्ष ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार में की थी। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू की।

होली के दिन शाम को जंगल सिकरी के बढ़ई टोला निवासी ममता देवी के घर एक दरोगा और सिपाही पहुंचे और उनके छोटे बेटे गोलू के बारे में पूछने लगे। उन्होंने बताया कि वह सूबा बाजार गया है। आरोप है कि दरोगा व सिपाही ममता को गाली देने लगे। इसी दौरान बड़ा बेटा बीकॉम का छात्र विश्वजीत पहुंच गया। गाली देने से मना किया तो दोनों उसकी पिटाई करने लगे।

## विवादों से पुराना नाता

**विभागीय सूत्रों** की मानें तो दरोगा और सिपाही का विवादों से पुराना नाता रहा है। कुछ वर्ष पूर्व उरुवा थाने से दरोगा अपहरण करने के मामले में जेल भी जा चुका है। साथ ही बेलघाट थाने पर तैनाती के दौरान विवेचना करने के मामले में रुपये लेने के आरोप में निलंबित हो चुका है। जबकि, सिपाही नौसड़ चौकी पर तैनाती के दौरान अवैध वसूली करने के मामले में निलंबित हो चुका है।

आरोप है कि जब महिला, थाने पर पहुंची तो दरोगा और सिपाही ने बेटे को छोड़ने के लिए एक लाख रुपये की मांग की। न देने पर बेटे को पीटा और अगले दिन विश्वजीत का शांति भंग में चालान कर दिया।

मामले की शिकायत ममता ने जनता दरबार में की थी। इस पर एसएसपी ने सीओ कैंट को जांच कर रिपोर्ट मांगी है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि सीओ कैंट मामले की जांच कर रहे हैं।

# DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 12-03-2023

राष्ट्रीय सहारा दि० - 12/03/23

# 19 मामलों में 8 का निस्तारण

**बरहज/भलुअनी/मईल (एसएनबी)।** शनिवार को बरहज भलुअनी मईल में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। भलुअनी में एसडीएम गजेन्द्र सिंह व क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव फरियाद सुनी। भलुअनी में कुल 6 मामले आये जिसमे 3 राजस्व व 3 पुलिस से सम्बन्धित रहे। मौके पर सर्वाधिक 5 मामलों का निस्तारण किया गया जिसमे 2 राजस्व व पुलिस के तीन मामले सम्मिलित रहे। 1 मामला शेष रह गया। बरहज में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर व नायब तहसीलदार जितेन्द्र सिंह तथा थानाध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने फरियाद सुनी। आये 8 मामलों में 1 पुलिस व 1 राजस्व से सम्बन्धित मामलों का निस्तारण किया गया। शेष अन्य मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की टीम गठित की गयी। मईल में तहसीलदार अश्वनी कुमार ने फरियाद सुनी। आये 5 मामलों में मात्र 1 मामले का ही निस्तारण हो सका। शेष 4 मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस को निर्देशित किया गया। कुल 19 मामलों में मात्र 8 मामलों का निस्तारण हो सका।

सिंह व जयप्रकाश वर्मा आदि मौजूद रहे।

दै० जागरण दि० - 12/03/23

# लूट का संदिग्ध आरोपी पुलिस हिरासत में

**बनकटा(एसएनबी)।** 8 माह पूर्व तत्कालीन बनकटा थाना क्षेत्र के मिश्रौली गुनीटोला गांव निवासी पत्रकार मनोज भारती के बड़े भाई होमियोपैथिक चिकिसक ड अखिलेश्वर शर्मा से हुई लूट का संदिग्ध आरोपी मोबाइल सर्विलांस के जरिये पुलिस के हत्थे चढ़ गया है।पुलिस संदिग्ध युवक से पूछ ताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार ड अखिलेश्वर शर्मा प्रतापपुर बाजार में प्रैक्टिस करते है घटना के दिन रात 9 बजे वह अपना क्लीनिक बंद करके बाइक से घर जा रहे थे प्रतापपुर से आगे ज्यों ही निकले होंगे दो बाइक पर सवार हथियार से लैस बदमाश ओवरटेक करके चिकित्सक को घेर कर उनके कनपटी पर पिस्टल भिड़ा दिए और उनके जेब से 11 हजार नगद व उनकी मोबाइल छीन लिए थे इस मामले में पुलिस ने चिकित्सक की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का केस दर्ज कर लिया था।और लूटी गई मोबाइल नम्बर को सर्विलांस पर लगा दिया।पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी रही।बाद में इस घटना की विवेचना नवस्थापित थाना श्रीरामपुर के थानाध्यक्ष राजू सिंह को मिला।राजू सिंह को विवेचना के दौरान उक्त मोबाइल का लोकेशन बिहार के एक गांव में मिला।पुलिस ने मोबाइल के लोकेशन के आधार पर युवक को मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष राजू सिंह ने बताया कि युवक ने बताया है कि वह मोबाइल कहीं पाया है हालांकि पुलिस युवक से कड़ाई से पूछ ताछ कर रही है।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया(एसएनबी)**। थाना महुआडीह की पुलिस ने सेखौन्ना तिराहे के पास से गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रूपये के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को महुआडीह के थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार मय पुलिस टीम वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर सेखौना तिराहे के पास से गैंगेस्टर एक्ट में गत 31 अगस्त 2022 से वांछित एवं 25 हजार रूपये के इनामिया अभियुक्त मिथुन कुमार सिंह पुत्र खूबलाल सिंह निवासी सखीरा टोला थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज(बिहार) को गिरफ्तार किया। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही.है। गिरफ्तार अभियुक्त एक मादक पदार्थ तस्कर है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध रामपुर कारखाना थाने में मु.अ.सं. 01/2021 धारा 18/20 एनडीपीएस एक्ट तथा महुआडीह थाने में मु.अ.सं. 239/2022 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत है। गिरफ्तार करने वाली टीम में ये रहे शामिल : अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में महुआडीह के थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार, वरिष्ठ उ.नि. धर्मेन्द्र मिश्रा, मु.आ. श्यामनारायण पाण्डेय, अरविन्द कुशवाहा व राधेश्याम यादव एवं का. मनोज पटेल शामिल रहे।

रा० सहारा दि०-12/03/23

# थाना समाधान दिवस में आए 118 मामले, 42 का निस्तारण

**देवरिया(एसएनबी)।** शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के समस्त थानों पर कुल 118 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें मौके पर राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कुल 37 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने नायब तहसीलदार सलेमपुर आनन्द राव की उपस्थिति में थाना खुखुन्दू पर लोगों की समस्याओं को सुना। वहां पर कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर पुलिस व राजस्व टीम को भेजकर 6 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। इसके अलावा समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया।



फरियादियों की समस्या सुनते मुख्य अतिथि।

**भाटपाररानी** कार्यालय के अनुसार शनिवार को आयोजित स्थानीय थाना परिसर के थाना दिवस में फरियादियों की भीड़ देखी गयी। हालांकि पंजीकृत रूप से महज पांच फरियादियों की शिकायत ही दर्ज की गयी थी। जिसका निस्तारण मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी संजीव उपाध्याय व क्षेत्राधिकारी विनय कुमार द्वारा कर दिया गया। शासन के निर्देश पर फरियादियों की समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित होने वाला थाना दिवस महज औपचारिकताओं के निर्वहन तक सिमट कर रह गया है। थाना दिवस पर सुबह से ही सर्वाधिक फरियादी राजस्व के मामलों को लेकर फरियाद करते देखे गये। शिकायतकर्ताओं में प्रायः भूमि विवाद , रास्ता , जल निकासी व अवैध अतिक्रमण के सर्वाधिक मामले आये। यहां मौजूद उपजिलाधिकारी शिकायतकर्ताओं के फरियाद के दौरान मातहतों पर नाराजगी जाहिर कर अपनी पीठ थपथपाते देखे गये। हालांकि लिटिहां निवासी फरियादी मुन्नी देवी ने कहा कि बार-बार शिकायत के बावजूद हमें न्याय नही मिल रहा है। जबकि बनकटा मिश्र के रामनाथ प्रसाद, चनुकी के ओमप्रकाश , नगर के सुदर्शन प्रसाद ने थाना दिवस में न्याय नहीं मिलने की बात कही। इस दौरान थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह, एसआई रंजीत सिंह, मुस्ताक अहमद, मो.दानिश, राजस्व निरीक्षक देवेन्द्र उपाध्याय, अश्विनी श्रीवास्तव, संदीप यादव, लेखपाल भोला यादव, राजेश यादव के अलावा ग्राम प्रधान गोल्डेन वर्मा, शम्भू पाण्डेय आदि मौजूद रहें।

रा० सहारा दि०-12/03/23

# समाधान दिवस पर फरियादी ने किया आत्मदाह का प्रयास

खुखुन्दू। स्थानीय थाने में समाधान दिवस पर आज थाना में एक फरियादी ने सुनवाई नहीं होने पर आत्मदाह का प्रयास किया। इस दौरान थाने में अफरातफरी मच गई। पुलिस और राजस्व टीम तत्काल मौके पर गई। थाना दिवस पर कुल 12 मामले आए। जिसमें मौके पर दो का निस्तारण कर दिया गया। बाकी अन्य मामलों में टीम रवाना हो गई। इसी बीच नूनखार निवासी दुईजी देवी अपने पति राम विलास कुशवाहा और बेटे हरिओम के साथ समाधान दिवस पर पहुंची। सुनवाई नहीं होने पर पेट्रोल छिड़क आत्मदाह का प्रयास की। पुलिस कर्मियों ने बचा लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि पैमाईश कराने का मामला था।

हिन्दुस्तान दि० 12-3-23

## खुखुन्दू में एसपी सुन रहे थे लोगों की फरियाद, मचा हड़कम्प

# फरियादी ने थाने के बाहर खुद पर उड़ेला पेट्रोल

**समाधान दिवस**

खुखुन्दू (देवरिया), हिसं। देवरिया के खुखुन्दू में शनिवार को समाधान दिवस में पहुंचे एक फरियादी ने थाने से बाहर निकलकर खुद पर पेट्रोल उड़ेल लिया। हालांकि, पुलिसकर्मियों ने उससे माचिस छीन ली। फरियादी भूमि की पैमाइश के लिए चक्कर लगा रहा था। समाधान न होने से क्षुब्ध था।

खुखुन्दू थाना क्षेत्र के नूनखार गांव निवासी हरिओम कुशवाहा पुत्र रामविलास कुशवाहा अपनी भूमि के सीमांकन के लिए काफी दिनों से दौड़ लगा रहा था। मामले का निस्तारण न होने से वह परेशान था। शनिवार को समाधान दिवस में पहुंचकर लेखपाल से अपनी बात की। फिर गुस्से में अपना प्रार्थना पत्र फाड़ कर फेंक दिया। इसके बाद थाने से बाहर निकलकर खुद पर पेट्रोल उड़ेल लिया। उन्होंने दौड़ कर उसे पकड़ लिया और माचिस छीन ली। राजस्व से संबंधित टीम ने फसल कटने तक उससे इंतजार करने को कहा। इस मामले में इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि थाने के अंदर उसने आत्मदाह का प्रयास नहीं किया। सूचना मिली तो तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजकर उसकी भूमि की पैमाइश कराई गई। फरियादी गुस्से में था। मामला सुलझा दिया गया है।

> खुखुन्दू में समाधान दिवस के दौरान मैं खुद मौजूद था। मेरे सामने किसी ने आत्मदाह का प्रयास नही किया। थाने से बाहर कुछ हुआ है तो इसके बारे में मुझे कोई जानकारी नही है। इसके बारे में पता करूंगा। **-संकल्प शर्मा**, एसपी।

### सभी 22 थानों में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

जिले के 22 थानों में शनिवार को समाधान दिवस पर थानेदारों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर सुनवाई की। जिले में लगभग 118 मामले आए। जिसमें से 37 का निस्तारण किया गया। वहीं शेष मामलों को टीम बनाकर निस्तारण के लिए उन्हें सौंप दिया गया। एसपी संकल्प शर्मा थाना दिवस में सलेमपुर सर्किल के खुखुन्दू थाने में पहुंचे। जहां पर उन्होंने थाने में आए पीड़ितों की समस्याओं को सुना। थाने में 12 प्रार्थना पत्र आए थे, जिसमें से छह प्रकरण का एसपी ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। एसपी ने समस्याओं का पुलिस व राजस्व विभाग की टीम बना कर यथा शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। वहीं एएसपी राजेश सोनकर बरहज थाने पहुंचे। जहां पर उन्होंने शिकायतों को सुनकर कार्रवाई का निर्देश दिया।

हिन्दुस्तान हि० 12.3.23

# युवती की शादी कटवाने वाले पुलिसकर्मी समेत दो पर केस

- गोरखपुर जिले के बेलघाट का है सिपाही
- देवरिया डायल 112 में तैनात है पुलिस कर्मी

देवरिया, निज संवाददाता। युवती की शादी तय हुई तो एक सिपाही ने उसे शादी करने के लिए मना करते हुए धमकी दी। युवती और उसके परिवार वाले नहीं माने तो कांस्टेबल अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर शादी कटवा दिया। पीड़िता की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने कांस्टेबल और उसके रिश्तेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

गोरखपुर जिले के खजनी थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी शादी गोरखपुर जिले के एक युवक के साथ तय हुई थी। युवक पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर है। सगाई 12 मार्च को होने वाली थी। सगाई की जानकारी होने पर देवरिया जिले में डायल 112 में कांस्टेबल के पद पर तैनात अरविन्द प्रताप निवासी पिपरसंडी थाना बेलघाट जिला गोरखपुर को हुई तो उसने अपने ननिहाल पक्ष के माध्यम से हम पर और हमारे परिवार के सदस्यों के ऊपर शादी नहीं करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। सिपाही मैसेज और वाट्सएप के माध्यम से धमकी देने लगा।

जब मैं व मेरा परिवार उसकी धमकी से नहीं डरे तो उसने अपनी मौसी के देवर मनोज कुमार निवासी ग्राम पिछौरा जिला गोरखपुर के साथ मिलकर जहां मेरी शादी तय हुई थी वहां जाकर उस परिवार को भड़काया, उकसाया और धमकाया। जिससे हमारी शादी टूट गई। पीड़िता की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी कांस्टेबल अरविन्द प्रताप और मनोज कुमार निवासी पिछौरा गोरखपुर के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि० 12-3-23

# पांच पर बलवा का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। क्षेत्र के जोगिया बुजुर्ग गांव में दो पक्षों के बीच हो रहे झगड़ा को छुड़ाने को लेकर मारपीट हो गया। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ बलवा का मुकदमा दर्ज की है।

जोगिया बुजुर्ग गांव के रहने वाले केशभान पासवान पुत्र स्व.जमुना पासवान ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठ मार्च को दिन में तीन बजे गांव में दो पक्षों में विवाद हो रहा था। जिसे देख वह छुड़ाने लगे। जिसे लेकर उन्हें मारपीट कर घायल कर दिए। मामले में पुलिस ने जोगिया गांव के रहने वाले अनिकेत पासवान, अभिषेक पासवान, राहुल पासवान, राजेश व प्रदीप पासवान के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है।

# 25 हजार के इनामी गैंगस्टर को दबोचा

देवरिया। 25 हजार के इनामी गैंगेस्टर मिथुन कुमार सिंह को महुआडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। पिछले दिनों गांजा की तस्करी करने वाले गिरोह के सदस्यों पर पुलिस ने पिछले वर्ष गैंगेस्टर की कार्रवाई किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही मास्टर माइंड फरार मिथुन कुमार सिंह फरार चल रहा था।

दैनिक जागरण दि० 12-3-23

# खेत में ले जाकर युवक को बेरहमी से पीटा, मुकदमा

जासं, रामपुर कारखानाः युवक को खेत में ले जाकर बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। इसका वीडियो भी वायरल हुआ है। पुलिस गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। सारंगपुर गांव के रहने वाले रिशु यादव पुत्र राजेश यादव नौ मार्च को रामपुर कारखाना बाजार कर घर लौट रहे थे।

प्राथमिक विद्यालय माधोपुर के पास विक्रम प्रजापति उर्फ काशी व नीतीश यादव ने घेर लिया। बेल्ट गले में फंसाकर घसीटते हुए गेहूं के खेत में ले गए। बेरहमी से पिटाई की। वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने रिशु यादव की तहरीर पर दोनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# 4 पर एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज

देवरिया। दीवार गिराने का विरोध किया तो पड़ोसी ने घर में घुस कर मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में गौरीबाजार पुलिस ने चारों के विरुद्ध मारपीट और एसी एसटी का मुकदमा दर्ज किया है।

गौरीबाजार थाना क्षेत्र के मुकुन्दपुर गांव के रहने वाले योगेन्द्र प्रसाद ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि गांव के कुछ लोग मिलकर मेरी दीवार गिराने का प्रयास कर रहे थे। मैने इसका विरोध किया तो हमलावरों ने गोलबंद होकर 8 मार्च को घर में घुस कर मारपीट किया। पीड़ित की तहरीर पर गौरीबाजार पुलिस ने चार के विरुद्ध एसी एसटी का मुकदमा दर्ज किया है।

# छेड़खानी करने वाले युवक पर केस

देवरिया। युवती को छेड़खानी करने वाले युवक के विरुद्ध सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके गांव के रहने वाला एक युवक उसकी बेटी से छेड़खानी करता है। छेड़खानी का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। वह गांव में आकर बेटी की दूसरे स्थान पर शादी नहीं करने की धमकी देता है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने विकास विश्वकर्मा निवासी जदू परसिया थाना सुरौली के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि-12-03-23

# सात पर बलवा व हत्या का प्रयास का केस

देवरिया। होनी के दिन पुरानी रंजिश को लेकर गांव के परिवार के कुछ लोगों ने लाठी डंडे से हमला कर दिया। मामले में बरियारपुर पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध बलवा, हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर गांव के रहने वाले राजू पुत्र बनारसी ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 8 मार्च की देर शाम को पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोस के रहने वाले लोगों ने गोलबंद होकर मेरे घर पर हमला कर दिया। हमलावरों ने धर्मेंद्र पुत्र बनारसी के सर पर प्राणघातक हमला किया सर फट गया बेहोश होकर गिर गए। यह देश भाई लल्लन और चाची ललिता देवी पत्नी अनारसी बचाने गई तो हमलावरों ने मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया।

www.jagran.com

दैनिक जागरण दि० 12-3-23

# युवती से छेड़खानी मामले में मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, देवरिया: युवती से छेड़खानी मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती से जद्दू परसिया गांव का विकास विश्वकर्मा पुत्र कन्हैया विश्वकर्मा आए दिन छेड़खानी करता था। मना करने पर जान से मारने की धमकी देता था। युवती के पिता की तहरीर पुलिस ने कार्रवाई की।

# समाधान दिवस में आए 118 मामले, 37 का निस्तारण

- राजस्व व पुलिस से जुड़े मामले सर्वाधिक आए
- जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का किया गया आयोजन

जासं, देवरिया: जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 118 मामले आए, जिसमें 37 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व व पुलिस के सर्वाधिक मामले शामिल थे। एसपी संकल्प शर्मा ने खुखुंदू थाने में फरियाद सुनी।

सदर कोतवाली में एसडीएम सौरभ सिंह व प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह ने समस्याएं सुनी। खुखुंदू संवाददाता के अनुसार, एसपी की मौजूदगी में कुल 12 मामले आए। एसपी ने राजस्व व पुलिस टीम भेजकर छह मामलों का निस्तारण कराया। इस मौके पर नायब तहसीलदार सलेमपुर आनंद राव मौजूद रहे।

भाटपाररानी संवाददाता के अनुसार, सर्किल के थानों में आयोजित समाधान दिवस में कुल 12 मामले आए, जिसमें राजस्व के छह मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। भाटपाररानी थाने में एसडीएम संजीव उपाध्याय व सीओ विनय यादव की मौजूदगी में पांच मामले आए। सभी मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे। खामपार थाना परिसर में थानाध्यक्ष दीपक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल तीन मामले आए। एक का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष दो के लिए राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। बनकटा थाना में आयोजित समाधान दिवस में कुल चार मामले आए। मौके पर एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। श्रीरामपुर थाना में आयोजित समाधान दिवस में कुल चार मामले आए।

रुद्रपुर संवाददाता के अनुसार, कोतवाली परिसर में तहसीलदार अभयराज ने फरियाद सुनी। कुल पांच मामले आए, जिसमें एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। एकौना में नायब तहसीलदार कर्ण सिंह ने फरियाद सुनी। एक मामले का मौके पर निस्तारण किया जा सका। मदनपुर थाना परिसर में एसडीएम ध्रुव शुक्ला की अध्यक्षता में फरियाद सुनी गई। कुल आठ मामलों में दो का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर भी मौजूद रहे। सुरौली थाना परिसर में सदर तहसील के नायब तहसीलदार रमेश चंद्र ने फरियाद सुनी। पांच में दो मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।



खुखुंदू थाना में फरियाद सुनते एसपी संकल्प शर्मा • जागरण

आकार तिवारी ने आया हूं एक

दैनिक जागरण दि॰ 12-3-23

# चेक चुराकर फर्जी हस्ताक्षर से 10 .29 लाख रुपये निकाले

जासं, देवरियाः महिला का चेक चुराकर फर्जी हस्ताक्षर के जरिये 10.29 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर पर दो व्यक्तियों के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है।

शहर के राघवनगर मोहल्ले की रहने वाली मृदुला सिंह पत्नी डा. कृष्णा सिंह के नाम आइसीआइसीआइ बैंक में खाता है। उनके घर से उनके व सोसाइटी के नाम के चेक चोरी हो गए। बिना उनकी जानकारी के कुल 10.29 लाख रुपये दो व्यक्तियों ने अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। तहरीर के मुताबिक, पांच जनवरी को ओमप्रकाश यादव ने 3.90 लाख रुपये व आठ जनवरी को सतीश कुमार पाठक ने 4.90 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कराए। बीते 25 नवंबर 2022 को ओमप्रकाश यादव ने उनकी सोसाइटी के खाते से 1.90 लाख रुपये ट्रांसफर कराए। इसकी जानकारी चार मार्च को उस समय हुई, जब बैंक अधिकारी ने मृदुला सिंह को फोन कर सतीश कुमार पाठक नामक व्यक्ति के बैंक खाते में 7.90 लाख रुपये चेक के माध्यम से ट्रांसफर करने के बारे में पूछा। मृदुला सिंह ने चेक जारी नहीं करने की जानकारी दी। जिसके बाद बैंक अधिकारी ने भुगतान रोक दिया। प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर दो व्यक्तियों के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

दैनिक जागरण दि 12-3-23

# धारदार हथियार के साथ एक गिरफ्तार



जासं, सलेमपुर: क्षेत्र के सिसवा पांडेय में गश्त के दौरान एसआइ प्रयागदत्त चौबे व पुलिस टीम ने अखिलेश यादव पुत्र किशनदेव यादव को संदिग्ध हालत में गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान उसके पास से लोहे की एक भुजाली बरामद हुई। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

---

अमर उजाला दि 12-3-23

# वृद्धा और उसके बेटे ने की आत्मदाह की कोशिश

**प्रार्थनापत्र भी फाड़ा, खुखुंदू थाने में आयोजित समाधान दिवस पर मची अफरातफरी, समाधान दिवस पर फरियाद लेकर पहुंची थी महिला**

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। समाधान दिवस पर शनिवार को फरियाद लेकर थाने पहुंची एक वृद्ध महिला ने राजस्वकर्मियों की बातों से नाराज होकर पहले अपना प्रार्थनापत्र फाड़ दिया। फिर अपने और बेटे के ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश की। इस दौरान कुछ देर के लिए थाना परिसर में अफरातफरी मच गई।

हालांकि, पुलिस कर्मियों ने आगे बढ़कर पीड़ितों को बचा लिया। इसके बाद तत्काल राजस्व टीम और पुलिस फोर्स पीड़ित परिवार को लेकर मौके पर रवाना हो गई। वृद्ध महिला समस्या के समाधान के लिए अब तक 15-20 बार थाने का चक्कर लगा चुकी है।

नूनखार निवासी 75 वर्षीय दुईजी देवी पति राम विलास कुशवाहा और बेटे हरिओम के साथ समाधान दिवस में शनिवार को दिन में तकरीबन 11:00 बजे थाने पहुंची थीं। वह एसपी संकल्प शर्मा के आने का इंतजार कर रही थीं।

वह अपना प्रार्थनापत्र इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह को देने जा रही थीं। इसी बीच राजस्व टीम ने यह कहते हुए प्रार्थनापत्र लेने से मना कर दिया कि चकआउट की भूमि की पैमाइश नहीं हो सकती। इसके बाद नाराज वृद्धा ने अपना प्रार्थनापत्र फाड़ दिया और हो-हल्ला के बाद स्वयं और बेटे हरिओम पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश की।

उधर, कुछ पुलिस कर्मियों ने आगे बढ़कर दोनों को आत्मदाह करने से बचा लिया। फिर राजस्व टीम और पुलिस फोर्स पीड़ित परिवार को लेकर मौके पर निकल गई। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि वृद्ध महिला प्रार्थनापत्र लेकर आईं। उनसे कहा गया कि बैठ जाइए। दो बजे के बाद टीम मौके पर जाएगी। इसके बाद नाराज होकर उन्होंने प्रार्थनापत्र फाड़ दिया और बाहर निकल गईं। थाने के बाहर पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह करने की कोशिश की। पुलिस कर्मियों ने उन्हें बचाया।

**समाधान दिवस में छाए रहे राजस्व के मामले**: बरहज। माह के दूसरे शनिवार को स्थानीय सहित भलुअनी और मदनपुर थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सभी थानों में लगभग पूरे दिन राजस्व के मामले छाए रहे।

कुल 23 मामलों में आठ का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बरहज में एएसपी राजेश सोनकर और नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह ने फरियाद सुनी। दिवस में फकईपुर की शोभा देवी नाली, खोरियां के गनेश ने पक्की दीवार के निर्माण को रोकने, बेलडांड़ की तारा देवी और परसियां देवार के उमेश सहित आठ लोगों ने शिकायत की। इसमें राजस्व और पुलिस के एक-एक मामले का निस्तारण कर दिया गया।

भलुअनी में एसडीएम गजेंद्र सिंह और सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने फरियाद सुनी। सात मामलों में चार का निस्तारण कर दिया गया। मदनपुर में एसडीएम रुद्रपुर ध्रुव शुक्ल और सीओ पंचम लाल ने फरियाद सुनी। इसमें आठ मामलों में दो का निस्तारण कर दिया गया। मौके पर इंस्पेक्टर कपिल देव चौधरी, भलुअनी एसएचओ बीबी राजभर, मदनपुर प्रभारी थाना निरीक्षक मुकेश मिश्र, सुनील कुमार, संतोष यादव, वीरेंद्र मौर्य, विजय मिश्र, प्रिया मौर्य आदि मौजूद रहीं।



खुखुंदू थाना में फरियाद सुनते एसपी संकल्प शर्मा।



आत्मदाह की कोशिश करने वाली वृद्धा दुईजी देवी। संवाद

## रजिस्टर अधूरा देख इंस्पेक्टर से मांगा स्पष्टीकरण.

खुखुंदू। समाधान दिवस पर खुखुंदू थाने पहुंचे एसपी संकल्प शर्मा ने फरियाद रजिस्टर अधूरा देख नाराजगी जताई। उन्होंने इंस्पेक्टर से स्पष्टीकरण मांगा। इसके अलावा रजिस्टर को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस पर खुखुंदू थाने में सीओ सलेमपुर देवानंद और इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह और नायब तहसीलदार गोपाल सहित राजस्व टीम बैठकर फरियाद सुन रही थी। इसी बीच दोपहर 12:50 बजे अचानक एसपी संकल्प शर्मा भी पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले समाधान दिवस का रजिस्टर मांगकर चेक किया। रजिस्टर अधूरा मिलने पर फटकार लगाते हुए इंस्पेक्टर से स्पष्टीकरण मांगा। एसपी का गरम मिजाज देख मातहतों को पसीना छूटने लगा। उनके जाने पर मातहतों ने राहत की सांस ली। उधर, समाधान दिवस पर स्थानीय थाने में कुल 12 मामले आए। इसमें दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि चार मामलों में संबंधित टीम को मौके पर भेजा गया। संवाद

## पांच शिकायतों में एक का हुआ निस्तारण

मईल। थाना परिसर में समाधान दिवस पर बरहज के तहसीलदार अश्वनी कुमार ने फरियादियों की समस्या सुनी। पांच मामले आए, जिसमें दो पुलिस व तीन राजस्व के थे। एक मामले का निस्तारण हुआ। शेष मामले को संबंधित कर्मियों को सौंप दिया गया। इस दौरान एस आई जितेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार, मान सिंह अमरेंद्र ठाकुर, अनिल कुमार यादव, प्रदीप यादव, रामा प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, हरिश्चंद्र दुबे, रामप्रवेश यादव आदि उपस्थित रहे। संवाद

## तीसरी बार फरियाद लेकर पहुंचे एनायतुल्लाह

खुखुंदू। जैतपुरा गांव निवासी एनायतुल्लाह समाधान दिवस पर शनिवार को तीसरी बार फरियाद लेकर थाने पहुंचे थे। गांव पर पट्टीदारों से विवाद होने से शौचालय निर्माण कार्य रुका है। इसके पूर्व दो बार प्रार्थनापत्र देने पर सुनवाई नहीं होने पर शनिवार को तीसरी बार वह प्रार्थनापत्र लेकर थाने पहुंचे थे। संवाद

*पैमाइश कराने के लिए 15 से 20 बार समाधान दिवस पर थाने पहुंचा हूं। मगर मेरी कोई सुनता ही नहीं है। शनिवार को जब पत्नी दुईजी देवी के साथ मैं और बेटा हरिओम थाना पहुंचकर प्रार्थनापत्र इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह को दिए तो उन्होंने गांव के लेखपाल को प्रार्थनापत्र दे दिया। उन्होंने पैमाइश नहीं होने की बात कहते हुए प्रार्थनापत्र फेंक दिया। इस पर पत्नी ने नाराज होकर प्रार्थनापत्र फाड़ दिया। फिर उसने अपने और बेटे हरिओम के शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने बचा लिया।* -राम विलास कुशवाहा, नूनखार

*थाना समाधान दिवस रजिस्टर पर बीट पुलिस अधिकारी की आख्या नहीं लगी थी। लंबे समय से रजिस्टर अधूरा मिला। जिस पर एसपी ने स्पष्टीकरण मांगा है। आत्मदाह का मामला हमारे पहुंचने से पूर्व हो चुका था। जाने पर पता चला कि संयुक्त टीम मौके पर गई है। पैमाइश का मामला था। प्रकरण राजस्व से संबंधित है।* -देवानंद, सीओ सलेमपुर

अमर उजाला दि 12-3-23

दैनिक जागरण 12·3·23

# रंजिश में मारपीट, मुकदमा

जासं, भटनी: पुरानी रंजिश में युवक की पिटाई मामले में पुलिस ने एसपी के निर्देश पर दो व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

नोनापार गांव के रहने वाले मोनू तिवारी पुत्र अर्जुन तिवारी का आरोप है कि 23 फरवरी को वह अपने खेत से लौट रहे थे। तभी रमाशंकर यादव पुत्र शिवहरस यादव ने रास्ते में रोक लिया। पुराने मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर उसका साथी भटनी खास गांव का रामसुमेर प्रसाद उर्फ त्यागी गाली गलौज करने लगा। डंडे से बाएं पैर के घुटने पर प्रहार किया। जिससे मोनू तिवारी घायल हो गए। उन्होंने इसकी शिकायत थाने में की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वह एसपी से मिले व फरियाद की।

## रंजिश में भिड़े, चार का चालान

**जासं, खुखुंदू:** क्षेत्र के मठिया पठान गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। पुलिस ने चार व्यक्तियों का शांतिभंग में चालान किया, जिसमें हसन, जफरुल्लाह, सलीम व पप्पू नट शामिल हैं।




इस मुद्दा को संसद में भी उठाया था।

दैनिक जागरण दि० 12-3-23

# आठ दिन बाद भी ट्रक को नहीं खोज पाई पुलिस

जासं, देवरिया: रेलवे मालगोदाम परिसर से चोरी सीमेंट लदे ट्रक को सदर कोतवाली पुलिस आठ दिन बाद भी नहीं खोज पाई है। पुलिस को जानकारी मिली है कि ट्रक लेकर चोर गोपालगंज जिले की सीमा में घुस गया। सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की रात अज्ञात ट्रक मालिक की तहरीर पर अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

खुखुंदू थानाक्षेत्र के चकिया गांव के रहने वाले रविंद्र यादव पुत्र गनेश यादव के पास दस चक्का ट्रक है। वह अपना ट्रक खुद ही चलाते हैं। दो मार्च की शाम शहर के रेलवे मालगोदाम परिसर से 360 बोरी सीमेंट लोड किया। रात होने के कारण ट्रक को रेलवे मालगोंदाम परिसर में पूरब की तरफ खड़ी कर अपने घर चले गए। तीन मार्च की सुबह करीब छह बजे वह घर से आए तो देखा कि ट्रक गायब था। काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। उन्होंने सूचना डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने सीसी कैमरों को खंगाला, जिससे पता चला है कि चोर देवरिया-कसया मार्ग होकर गए व गोपालगंज जिले की सीमा में घुस गए। सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम गठित की गई है। ट्रक का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही ट्रक को बरामद कर लिया जाएगा।

लाख रुपये लेने का आरोप लगाया

दैनिक जागरण दि० 12-3-23

# पिता-पुत्र पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

जासं,गौरीबाजार: मारने पीटने के मामले में पुलिस ने चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम लेहड़ा के रहने वाले सुखराज ने पुलिस का लगाया है कि आरोपितों ने अकारण लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने गांव के भागीरथी व संदीप पुत्रगण जयराम, राजू और शीतल के विरुद्ध कार्रवाई की है।

दैनिक जागरण दि० 12-3-23

# महिला से 41.5 लाख की ठगी के मामले में शुरू हुई जांच

**जासं, सलेमपुरः** भूमि देने के नाम पर एक महिला से 41.5 लाख रुपये की जालसाजी करने के मामले में कोतवाली पुलिस जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने महिला से रकम लेने वाले लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। इसमें कई अन्य आरोपित फरार हो गए हैं।

लार थाना के राउतपार अमेठिया गांव की सुमन देवी पत्नी संतोष चतुर्वेदी ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर देकर कोतवाली के ही एक महिला सहित कुछ लोगों पर जमीन देने के नाम पर विभिन्न तिथियों में 41.5 लाख रुपये लेने का आरोप लगाया है। इस मामले में महिला ने. इसके पहले कई बार पुलिस अधीक्षक व कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई लेकिन उसके आवेदन पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

तीन माह पूर्व कोतवाली में पंचायत के दौरान आरोपितों ने धन वापसी की बात स्टांप पर सुलहनामा में स्वीकार किया। इसके बाद भी तय समय पर रुपये वापस नहीं किया। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। आरोपितों को बुलाकर पूछताछ की गई है।

की गई है। (जासं)

## लूट का मोबाइल बरामद

**बनकटा :** आठ माह बाद पुलिस ने लूट का मोबाइल बरामद कर लिया। एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। प्रतापपुर चीनी मिल गोदाम के समीप बाइक सवार दो बदमाशों ने बीते सात अगस्त 2022 को डा. अखिलेश शर्मा 11 हजार रुपये व मोबाइल लूट लिए थे। श्रीरामपुर पुलिस के लिए चुनौती बन गया था। पुलिस आठ माह बाद मोबाइल बरामद करते हुए संदिग्ध युवक को पकड़कर पूछताछ कर रही है। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने बताया कि मोबाइल बरामद कर लिया गया है। एक युवक से पूछताछ की जा रही है। (जासं)

## पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**देवरिया :** सदर कोतवाली पुलिस ने क्रिकेट खेलने के दौरान युवक की पिटाई मामले में तीन नामजद समेत पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई शहर के देवरिया खास बरई टोला के रहने वाले मिथुन जायसवाल पुत्र वीरेंद्र जायसवाल की तहरीर पर पुलिस ने की है। पीड़ित मिथुन जायसवाल सात मार्च की शाम करीब चार बजे क्रिकेट खेल रहे थे। उसी समय प्रद्युम्न राजभर व शिवम राजभर, दीपक राजभर व दो अज्ञात युवकों ने मिथुन पर लाठी व राड से पिटाई कर दी। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 12-3-23

# 25 हजार का इनामी गांजा तस्कर गिरफ्तार

जासं, देसही देवरिया, देवरिया: गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी गांजा तस्कर को महुआडीह पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वह गोपालगंज जिले का रहने वाला है। यह जानकारी सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने महुआडीह थाने में आयोजित प्रेसवार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि एसपी के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया है। महुआडीह पुलिस ने सेखोना तिराहे से गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी मिथुन कुमार सिंह पुत्र खूबलाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। वह गोपालगंज जिले के गोपालपुर थानाक्षेत्र के सखीरा टोला का रहने वाला है। उसके विरुद्ध 31 अगस्त 2022 को गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वह गांजा की तस्करी में लिप्त रहा है। उसके पास से एक



पत्रकारों को जानकारी देते सीओ श्रीयश त्रिपाठी, (पीछे खड़ा) गांजा तस्करी का आरोपित ● जागरण

जनवरी 2021 को 51 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। उसके विरुद्ध स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा आठ व 20 के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया गया था। बाद में जेल से जमानत पर छूटा था। शनिवार को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार त्रिपाठी, एसआइ धर्मेंद्र मिश्र व दिनेश मौर्य आदि शामिल रहे।

# नाबालिग को नहीं जारी होता है डीएल

रुद्रपुर। नाबालिग को ड्राइविंग लाइसेंस नहीं जारी होता है। बिना डीएल और हेलमेट के बाइक चलाना अपराध है। ऐसे हादसों से बचने के लिए हर अभिभावकों को बिना डीएल बनवाए बच्चों को गाड़ी नहीं देनी चाहिए। बिना हेलमेट लगाए तो किसी भी आयु वर्ग के लोगों को गाड़ी नहीं चालानी चाहिए। ये कहना है उपसंभागीय परिवहन अधिकारी एके शुक्ला का। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को नाबालिग बच्चों को किसी भी स्थिति में बाइक या कार चलाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। ऐसा कर आप खुद उसका जीवन संकट में डालते हैं। संवाद

अमर उजाला दि० 12-3-21

# बिना हेलमेट के बाइक सवारों पर लगेगा भारी जुर्माना

रुद्रपुर। प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार वाजपेयी ने कहा कि नगर में तेज रफ्तार से बिना हेलमेट पहले बाइक चलाने वालों पर भारी जुर्माना लगेगा। हर चौराहे पर पुलिस की टीम तेज गाड़ी चलाने वालों और हेलमेट नहीं पहनने वालों पर एक से पांच हजार रुपये के बीच चालान करेगी। शनिवार को पुलिस ने घटना के बाद कई लोगों की गाड़ी चालन की। संवाद

# जमीन के नाम पर महिला से ठगी करने की जांच शुरू

सलेमपुर। जमीन देने के नाम पर जालसाजों की ओर से एक महिला से 41.5 लाख रुपये की ठगी करने में कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार को पुलिस ने महिला से रकम लेने वालों जलासाजों को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की। कई आरोपित फरार हो गए हैं। लार थाना के राउतपार अमेठियां गांव की सुमन देवी पत्नी संतोष चतुर्वेदी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। उसने कोतवाली क्षेत्र की ही एक महिला सहित कुछ लोगों पर जमीन देने के नाम पर अलग-अलग दिन 41.5 लाख रुपये लेने का आरोप लगाया है। इसकी खबर अमर उजाला ने प्रमुखता से शनिवार के अंक में प्रकाशित की। संवाद

# 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

देसही देवरिया। महुआडीह पुलिस ने 25 हज़ार रुपये के एक इनामी बदमाश को शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

महुआडीह एसओ शनिवार की सुबह क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी बीच मुखबिर ने पुलिस को क्षेत्र के सेखौना गांव के पास तिराहे पर एक संदिग्ध युवक को देखकर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को अपनी तरफ आते देखकर युवक भागने लगा। फोर्स के साथ पहुंचे एसओ महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने संदिग्ध को दबोच लिया। थाना पर लाकर पूछताछ में उसने अपना नाम मिथुन कुमार, निवासी सखिरा टोला, थाना गोपालगंज, बिहार बताया। उसके ऊपर महुआडीह थाना में पिछले साल प्रतिबंधित मादक पदार्थों की तस्करी, गैंगस्टर सहित तमाम गंभीर मामलों में केस दर्ज किया गया था।

उस पर 25000 रुपये का इनाम घोषित था। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

# मारपीट के आरोप में प्रधान प्रतिनिधि समेत दो पर केस

भटनी। नोनापार गांव में पुरानी रंजिश में लोगों ने खेत घूमने गए युवक की पिटाई कर दी। एसपी के आदेश पर करीब 15 दिन बाद शनिवार को पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि समेत दो पर केस दर्ज किया।

भटनी के नोनापार गांव निवासी मोनू तिवारी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह 22 फरवरी को खेत घूमने गए थे, तभी प्रधान प्रतिनिधि कुछ लोगों के साथ पहुंचे और युवक से एक मामले में सुलह करने को दवाब बनाने लगे। मना करने पर आरोपियों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया।

पीड़ित ने थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसपी के आदेश पर पंद्रह दिन बाद पुलिस रमाशंकर यादव, रामसुमेर प्रसाद पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। एसओ श्यामानंद राय ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-03-2023

# आत्म हत्या के लिए दुष्प्रेरण के मुकदमें में वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार

## कम्प्यूटर जगत संवाददाता

कुशीनगर पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के कुशल निर्देशन में वांछितध्वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के



क्रम में थाना हाटा पर पंजीकृत मु0अ0स0 222/2022 धारा 306/120बी भादवि से सम्बधित वाँछित अभियुक्त ओंकार प्रसाद पुत्र स्व0 मत्तन प्रसाद निवासी अमडीहा थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# डीपी एक्ट के मुकदमें में 2 वांछित सहित 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**अबुलैश अंसारी**

कुशीनगर (कम्प्यूटर जगत)। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछितध्वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तमकुहीराज पुलिस टीम द्वारा बसडीला खुर्द के पास से मु0अ0सं0 65/2023 धारा 498 |ध304ठ भादवि व 3/4



डीपी एक्ट से सम्बन्धित दो नफर वांछित अभियुक्तगण 1–केशव मिश्र पुत्र केदार मिश्र, 2– केदार मिश्र पुत्र कोमल मिश्र निवासीगण बसडीला खुर्द थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर एवं मु0अ0सं0 41/2023 धारा 363/366 भादवि से संबंधित अभियुक्त सुबाष उर्फ बुल्लू पुत्र स्व0 रमाशंकर सा0 कोइन्दी बरियारपुर थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# डीएम व एसपी ने समाधान दिवस पर जनता की सुनी फरियाद

**अबुलैश अंसारी**

कुशीनगर (कम्प्यूटर जगत)। जिलाधिकारी रमेश रंजन व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने थाना कोतवाली पडरौना पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियोंध्कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों



को गम्भीरता से लेकर शत–प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।

# जमीन व मकान सम्पत्ति गैगेस्टर एक्ट धारा 14(1) के तहत जब्त

**कम्प्यूटर जगत संवाददाता**

कुशीनगर। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिह व क्षेत्राधिकारी सदर उमेश चन्द्र भट्ट के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान के तहत गैगेस्टर एक्ट के अभियुक्तो के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तुर्कपट्टी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 325/22 धारा 3(1) उ0प्र0 गैगेस्टर एक्ट के अभियुक्तगण 1–हरेन्द्र यादव 2–परमहंश यादव उर्फ परमंश यादव पुत्रगण मोतीलाल यादव निवासी ग्राम बसडीला पाण्डेय थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर के द्वारा अवैधानिक कृत्यों से अर्जित अचल सम्पत्ति ग्राम



सपहा नौका टोला तहसील कसया में स्थित गाटा सं0 920ध1.003 के रूप में अर्जित की गयी जिसमें हरेन्द्र यादव द्वारा अपने हिस्से का 0.81हे0 भूमि वर्ष 2019 में जितेन्द्र व जलान्धर पुत्रगण भूखल को विक्रय कर दिया गया एवं शेष बची भूमि 0.251 हे0 जो आपराधिक कृत्यों से अर्जित की गयी है जिसमें अभियुक्तगण द्वारा अवैध रूप से अर्जित किये गये धन से मकान का निर्माण किया गया है। अर्जित की गयी उक्त भूमि मय मकान जो दो खण्ड जिसमें एक खण्ड में नौ कमरे, को दिनांक 13.02.2023 को उ०प्र० गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 14(1) के तहत जब्त कुर्क के आदेश के अन्तर्गत उक्त भूमि कीमत लगभग 2,0000000/–रु0 (02 करोड़ रुपये) को धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत जब्त किया गया।

### थाना समाधान दिवस पर पडरौना कोतवाली में डीएम और एसपी ने सुनी फरियाद

# नौ में से सिर्फ दो मामलों का निस्तारण

**आयोजन**

**कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम।** डीएम रमेश रंजन एवं एसपी धवल जायसवाल की मौजूदगी में शनिवार को पडरौना कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल नौ मामले आये, जिसमें से सिर्फ दो मामलों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। शेष मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व की टीम गठित कर दी गयी।

डीएम रमेश रंजन व एसपी धवल जायसवाल ने कोतवाली पडरौना में आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुनी। इस दौरान राजस्व के सात एवं पुलिस विभाग से संबंधित दो मामले आये। इनमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। राजस्व व पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गंभीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने के लिए निर्देश दिया गया। एसपी ने समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर संबंधित अधिकारी को प्रेषित करें, जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।



पडरौना कोतवाली में थाना समाधान दिवस के दौरान जनता की फरियाद सुनते डीएम रमेश रंजन, एसपी धवल जायसवाल, एसडीएम व सीओ सदर। ● हिन्दुस्तान

**सात मामलों में दो का मौके पर हुआ निस्तारण : हाटा/ढाढा।** हाटा कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस तहसीलदार गोपाल कृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में की गई जहां कुल सात मामले आए, जिसमें दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष पांच मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमें भेजी गई। तहसीलदार कृष्ण गोपाल तिवारी ने उपस्थित सभी लेखपालों व बीट पुलिस प्रभारियों को निर्देश दिया कि शासन के मंशानुरूप मौके पर पहुंच मामलों के निस्तारण करें। इस दौरान नायब तहसीलदार सुनील कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह, संजीवन मिश्र, प्रदुम्न राव, रामेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## पटहेरवा में तहसीलदार ने सुनी फरियाद

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाने में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे तहसीलदार तमकुही नरेंद्र राम ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान कुल चार मामले आयें लेकिन एक का भी निस्तारण नहीं हो पाया। समाधान दिवस पर आए मामलों को टीम बनाकर निस्तारण कराने का निर्देश तहसीलदार ने दिया। समाधान दिवस के प्रभारी अधिकारी तहसीलदार तमकुही ने राजस्व विभाग की टीम व पुलिस को मौके पर जाकर समाधान कराने का निर्देश दिया।

# सेवरही पुलिस ने 700 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**कम्प्यूटर जगत संवाददाता**




कुशीनगर। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में अवैध मांदकध्द्रव्य पदार्थों की तस्करी के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना सेवरही पुलिस टीम द्वारा चेंकिग संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन के दौरान दमकल्ला पुल के पास से एक अभियुक्त पिण्टु गुप्ता पुत्र भगवान गुप्ता साकिन पकड़ियार पश्चिम पट्टी जीन बाबा के पास थाना सेवरही जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार उसके कब्जे से 700 ग्राम अवैध गांजा कुल कीमत लगभग 14,000६– रु0 की बरामदगी की गयी। बरामदगीव गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0. 100६2023 धारा 8६20 छक्ढै ।ब्ज में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# चुस्त-दुरुस्त कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बहादुरपुर चौकी प्रभारी मय पुलिस बल ने किया पैदल गश्त





कुशीनगर (नगर संवाद) । जनपद के सीमावर्ती थाना तरयासुजान के पुलिस चौकी बहादुरपुर पुलिस टीम द्वारा सीमावर्ती इलाकों में पैदल गस्त कर के संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग के साथ ही साथ पैदल गस्त करते हुए आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का एहसास कराया गया । पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में शनिवार को तरयासुजान थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका, महिला सुरक्षा के दृष्टिगत चौकी प्रभारी बहादुरपुर अवनीश कुमार सिंह मय पुलिस बल हेड कांस्टेबल भानु प्रताप , आरक्षी विरेन्द्र कुमार सिंह, आरक्षी सदानंद पटेल, आरक्षी ब्रजेश यादव, आरक्षी बिलाश यादव, आरक्षी विरेन्द्र गुप्ता, के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं पैदल गश्त किया गया। पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। वही पैदल गस्त के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि जनपद कुशीनगर पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

## चौकी प्रभारी अवनीश कुमार कहते है:

इस संवाददाता से बात चीत के क्रम में पुलिस चौकी प्रभारी बहादुरपुर अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि हर कीमत पर अवैध कार्यों से जुड़े लोगो को चिन्हित कर कानून की पाठ पठाया जायेगा, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली हो, किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अधिकार नही है। पुलिस अपने हिसाब से कार्य कर रही है।

# दो गैंगेस्टर की दो करोड़ की संपत्ति जब्त

सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी

तुर्कपट्टी पुलिस द्वारा अवैधानिक कृत्यों से अर्जित सम्पत्ति जमीन व मकान (कीमत लगभग दो करोड रुपए) की सम्पत्ति गैगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत की गयी जब्त

कुशीनगर (नगर संवाद)। शनिवार को पुलिस व राजस्व विभाग के संयुक्त टीम ने बसडीला पांडेय निवासी हरेन्द्र यादव तथा परमहंस यादव पुत्रगण मोतीलाल यादव द्वारा नपाप कुशीनगर के वार्ड नं तीन संत गाडगे नगर (सपहा नौकाटोला) में अवैध कृत्यों से धन अर्जित कर खरीदी गई जमीन तथा एक मकान को जब्त कर लिया गया।



शनिवार को थाना तुर्कपट्टी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 325/22 धारा 3(1) उ0प्र0 गैगेस्टर एक्ट के अभियुक्तगण हरेन्द्र यादव और परमहंश यादव उर्फ परभंश यादव पुत्रगण मोतीलाल यादव निवासी ग्राम बसडीला पाण्डेय थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर के द्वारा अवैधानिक कृत्यों से अर्जित अचल सम्पत्ति ग्राम सपहा नौका टोला तहसील कसया में स्थित गाटा सं0 920/1.003 के रूप में अर्जित की गयी जिसमें हरेन्द्र यादव द्वारा अपने हिस्से का 0.81हे0 भूमि वर्ष 2019 में जितेन्द्र व जलान्धर पुत्रगण भूखल को विक्रय कर दिया गया एवं शेष बची भूमि 0.251 हे0 जो आपराधिक कृत्यों से अर्जित की गयी है जिसमें अभियुक्तगण द्वारा अवैध रूप से अर्जित किये गये धन से मकान का निर्माण किया गया है।अर्जित की गयी उक्त भूमि मय मकान जो दो खण्ड जिसमें एक खण्ड में नौ कमरे, को दिनांक 13.02.2023 को उ०प्र० गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 14(1) के तहत जब्त/कुर्क के आदेश के अन्तर्गत उक्त भूमि कीमत लगभग दो करोड़ रुपये को धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत जब्त किया गया।

जब्तीकरण की कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक तुर्कपट्टी आशुतोष सिंह, नायब तहसीलदार कसया, व0उ0नि0 गिरधारी यादव, उ0नि0 रणजीत सिंह बघेल, उ0नि0 आकाश गिरि, उ0नि0 अभिषेक सिंह, हे0का0 कुश कुमार, हे0का0 यदुवंश गौतम, हे0का0 श्रीप्रकाश सरोज, का0 तारकेश्वर सिंह यादव, का0 ऋषि पटेल, का0 अभिनव पासवान, म0का0 सृष्टि सिंह, म0का0 प्रियंका सिंह, कानूनगो राधेश्याम सिंह, हल्का लेखपाल विश्वदिपक सिंह, हल्का उपनिरीक्षक धिरेन्द्र प्रताप सिंह शामिल रहे।

जब्तीकरण की गयी सम्पत्ति का विवरण-

कुल कीमत लगभग दो करोड़ रुपये

1-भूमि - कीमत करीब 1.5 करोड

2-मकान- कीम करीब 50 लाख रुपए

विदित हो कि हरेन्द्र तथा उसके भाई परमहंस के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट, पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य अपराधों में कई मुकदमें दर्ज हैं। इसके पूर्व 31 जनवरी को तुर्कपट्टी पुलिस ने थाना क्षेत्र के ही बसडीला पांडेय स्थित परमहंस यादव के एक ईंट भट्ठे को भी गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही में जब्त किया था।

# विवाहिता की मौत में पति-ससुर गिरफ्तार

**समउर बाजार।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के बसडीला खुर्द में होली के दिन संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर पति, सास, ससुर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए पति व ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

होली की देर शाम बसडीला खुर्द गांव निवासी 24 वर्षीय पूर्णिमा मिश्रा की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शुक्रवार को मृतका के भाई इसी थाना क्षेत्र के खुदरा निवासी उज्जव पांडेय ने थाने में आरोप लगाते हुए तहरीर दी कि उसकी बहन की हत्या दहेज के लिए उसके पति, ससुर व सास द्वारा कर दी गयी। तमकुहीराज पुलिस ने तहरीर के आधार पर डीपी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी पति व ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



गैंगस्टर की सपंत्ति जब्त कर सील करती पुलिस व राजस्व टीम।

# दो गैंगस्टर की दो करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

2

सपहा, हिसं। पुलिस व राजस्व विभाग के संयुक्त अभियान में शनिवार को बसडीला पांडेय निवासी हरेन्द्र यादव तथा परमहंस  यादव पुत्र मोतीलाल यादव द्वारा अवैध कृत्यों से धन अर्जित कर खरीदी गई साठ डिस्मिल जमीन व एक मकान को जब्ज कर लिया।

जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद तुर्कपट्टी पुलिस कसया थाना क्षेत्र के सपहा (नौकटोला) पहुंची। उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द व समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा के तहत जब्ती कुर्की के लिए राजस्व टीम के साथ मिलकर मुनादी कराया। पोस्टर चिपकाकर व लाउडस्पीकर द्वारा व्याप्क रूप से प्रचार प्रसार किया। गैंगस्टर एक्ट में आरोपित हरेन्द्र तथा परमहंस द्वारा खरीदी गयी साठ डिस्मिल खेती योग्य जमीन तथा उसी जमीन पर बनें आवासीय मकान को जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार संपत्ति की कीमत लगभग दो करोड़ के आसपास है। विदित हो कि हरेन्द्र तथा उनके भाई परमहंस के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट, पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य अपराधों में कई मुकदमें दर्ज हैं। इसके पूर्व 31 जनवरी को तुर्कपट्टी पुलिस ने थाना क्षेत्र के ही बसडीला पांडेय स्थित परमहंस यादव के एक ईंट भट्ठे को भी गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई में जब्त किया था। इस दौरान नायब तहसीलदार शैलेश सिंह, कानूनगो राधेश्याम सिंह, हल्का लेखपाल देश दीपक, एसएचओ आशुतोष सिंह, उप निरीक्षक गिरधारी यादव, रणजीत सिंह बघेल, गौरव राय, आकाश गिरी, रोमेश आदि मौजूद रहे।

# किशोर की तलाश को लगाई गुहार

खड्डा। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम उधोछपरा निवासी एक व्यक्ति का 15 वर्षीय पुत्र शनिवार की सुबह से ही कहीं गायब हो गया। गायब किशोर के परिजनों ने पुलिस से को प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश करने की गुहार लगाई है। खड्डा क्षेत्र के ग्राम उधोछपरा निवासी नसुरल्लाह अली का पुत्र आलम भुजौली स्थित स्वामी विवेकानंद विद्यालय में कक्षा 5 का छात्र है। शनिवारसुबह आलम घर से अचानक लापता हो गया।

दोपहर तक वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने रिश्तेदारों से लेकर दोस्तों व विद्यालय सिहत अन्य जगहों पर खोजबीन की। लेकिन कहीं पता नहीं चला सका। परिजन सोशल मीडिया पर उसके गुम होने का फोटो डालकर व सूचना पुलिस को भी देकर तलाश की गुहार लगाई है।

## जिलाधिकारी की अनुमति पर पटहेरवा पुलिस ने की कार्रवाई

# एटीएम लूटने वाले गिरोह के 7 बदमाशों पर गैंगस्टर

**कार्रवाई 1**

**26** अक्टूबर 2022 को गैस कटर से काटकर कैश बॉक्स को लूटा था

**21** लाख 70 हजार रुपये एटीएम के कैश बॉक्स से चुरा लिया था

- हरियाणा, मथुरा और बिहार के निवासी हैं आरोपित सातों बदमाश
- पटहेरवा व तमकुहीराज थाने में दर्ज हैं इन एटीएम लुटरों पर केस

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** पटहेरवा पुलिस ने लूट व वाहन चोरी के संगठित गिरोह चलाने वाले सात बदमाशों के विरुद्ध उप्र गिरोहबंद व समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के धारा के तहत कार्रवाई की है। आरोपित सभी बदमाश हरियाणा, मथुरा व बिहार के रहने वाले हैं। इन लुटेरों ने बीते वर्ष 26 अक्टूबर की रात गैस कटर से काटकर एटीएम के कैश बॉक्स से 21.70 लाख ले उड़ा था। दिसंबर महीने में मुठभेड़ में पकड़े जाने के बाद से देवरिया जेल में बंद हैं।

पटहेरवा एसओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि बीते दिसंबर महीने में वह थाना क्षेत्र में जयहिंद यादव व सोहित कुमार के साथ गस्त पर थे तभी जानकारी मिली कि इकराम कुरैशी पुत्र हमीद कुरैशी निवासी कुरैशी मुहल्ला तकिया वाली मस्जिद के पास सिगार थाना बिछोर नूहमेवात हरियाणा एक कुख्यात एटीएम लुटेरा व वाहन चोरी का संगठित गिरोह चलता है। गिरोह में उसके अतरिक्त अन्य छह सदस्य एजाजुल हक उर्फ जुली उर्फ जुनैद पुत्र जफरुद्दीन हाल मुकाम कधई उर्फ कधाई राजनगर मधुबनी(बिहार) स्थाई निवास सिरौली उर्फ सुराली पुन्हाना मेवात हरियाणा, खालिद अली पुत्र जलालुद्दीन निवासी अली बहिन,पलवल, हरियाणा, इकबाल उर्फ एकबाल कुरैशी पुत्र इस्लाम कुरैशी कोसी उर्फ कौसी कोसीकला मथुरा (उप्र), मुस्ताक पुत्र अमीन निवासी कामा, भरतपुर, राजस्थान, शौकीन कुरैशी पुत्र तौफीक कुरैशी निवासी काजीपाड़ा कस्बा,कामा, भरतपुर राजस्थान व दिलीमाया उर्फ श्रेष्ठ पति एजाजुल हक उर्फ जुल्फी निवासी सिरौली पुन्हाना मेवात हरियाणा एक गिरोह बनाकर बैंक एटीएम व वाहन लूट कर आर्थिक लाभ उठाते हैं, जिन्हें तमकुहीराज एवं स्वाट पुलिस की मदद से मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। इन बदमाशों ने बीते 26 अक्टूबर को तमकुहीराज में गैस कटर से काटकर एटीएम के कैश बॉक्स से 21.70 लाख रुपये चुरा लिया था। इनके विरुद्ध तमकुही व पटहेरवा थाना क्षेत्र में भी अपराध करने का इतिहास है। यह सभी अति दुस्साहिक किस्म के गिरोहबंद बदमाश हैं। पकड़े जाने के बाद से सभी बदमाश देवरिया जेल में बंद हैं।

इनके आपराधिक इतिहास को देखते हुए इनके विरुद्ध उप्र गिरोहबंद अधिनियम व समाज विरोधी क्रिया-कलाप निवारण अधिनियम के तहत डीएम की अनुमति से गैंगस्टर की कार्रवाई की गयी है।

# आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोपित गिरफ्तार

**बोदरवार :** कप्तानगंज पुलिस ने क्षेत्र के बोदरवार बाजार से शनिवार को आत्महत्या के लिए विवश करने के आरोपित को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान ओंकार प्रसाद निवासी अमडीहा थाना कप्तानगंज के रूप में हुई। एसएचओ अनिल उपाध्याय ने बताया कि ओंकार के विरुद्ध हाटा कोतवाली में आत्महत्या के लिए विवश करने का मुकदमा पंजीकृत है। वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। टीम में अपराध निरीक्षक धनंजय राय, दारोगा राकेश रोशन सिंह आदि शामिल रहे। (जासं)

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**सेवरही :** क्षेत्र के दमकल्ला पुल के पास शनिवार को सेवरही पुलिस ने गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान पिंटू गुप्ता निवासी पकड़ियार पश्चिमपट्टी के रूप में हुई। बरामद गांजा की कीमत 14 हजार रुपये बताई जा रही है। एसओ संजय कुमार टीम के साथ गश्त पर थे। इस बीच सूचना मिली कि गांजे की खेप लेकर तस्कर सेवरही कस्बे की तरफ जा रहा है। टीम ने दमकल्ला पुल के पास जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस बीच पैदल आए युवक की टीम ने तलाशी ली तो उसके पास झोले में गांजा मिला। गांजे की मात्रा 700 ग्राम पाई गई। एसओ ने बताया कि गांजे की खेप बगहा बिहार से लाकर यहां आपूर्ति की जानी थी। मामले में एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। दारोगा संदीप कुमार यादव आदि शामिल रहे। (जासं)

# डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं, कराया समाधान

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** थाना समाधान दिवस पर डीएम रमेश रंजन व एसपी धवल जायसवाल शनिवार सुबह 11 बजे सदर कोतवाली पहुंचे। समस्या लेकर आए पीड़ितों की समस्याएं सुनीं और समाधान कराया। जिन मामलों का समाधान नहीं हो पाया, उसमें टीम बनाकर निस्तारण के निर्देश दिए गए।

कोतवाली परिसर में चल रही सुनवाई के बीच पहुंचे डीएम, एसपी को देख पीड़ितों के चेहरे पर संतोष का भाव दिखा। अधिकारियों ने एक-एक कर सबकी समस्या सुनी। आयोजन के दौरान पुलिस के सात व राजस्व के 11 सहित कुल 18 मामले आए। इसमें पुलिस से जुड़े पांच तथा राजस्व से जुड़े तीन समेत आठ मामले मौके पर ही निस्तारित कर दिए गए। अन्य मामलों में टीम गठित कर शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। प्राप्त शिकायतों को त्वरित निस्तारण हो, इसके लिए सभी पूरी संवेदनशीलता बरतें। एसपी ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर आए मामलों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हों। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भूमि से जुड़े मामले राजस्व टीम की मदद लेकर निस्तारित कराएं। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। अफसरों ने थाना समाधान दिवस पर आए मामलों की समीक्षा की।


पडरौना कोतवाली मे फरियाद सुनते बाएं से एसडीएम महात्मा सिंह, डीएम रमेश रंजन, एसपी धवल जायसवाल, सीओ उमेश चंद भट्ट ● जागरण

# गैंगस्टर के आरोपितों की दो करोड़ की संपत्ति जब्त

## तुर्कपट्टी पुलिस ने गो तस्करों पर कसा शिकंजा, मुनादी के बाद गांव में पुलिस ने कराया प्रचार-प्रसार

**जागरण संवाददाता, सपहां:** गैंगस्टर के आरोपितों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को तुर्कपट्टी पुलिस ने गैंगस्टर के दो आरोपितों की दो करोड़ रुपये मूल्य की भूमि व मकान को जब्त कर ली। पुलिस की इस कार्रवाई से गो तस्करों में हड़कंप मचा है। तुर्कपट्टी क्षेत्र के बसडीला पांडेय गांव के हरेंद्र यादव व परमहंस उर्फ परभंस यादव सगे भाई हैं। दोनों के विरुद्ध तुर्कपट्टी थाने में गो-तस्करी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई कर उनके द्वारा अर्जित अवैध संपत्ति को जब्त करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में आवेदन किया था।

जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति मिलने के बाद शनिवार की शाम चार बजे एसएचओ आशुतोष सिंह के नेतृत्व में पुलिस व राजस्व टीम सपहा नौका टोला कस्या पहुंची, जहां दोनों के नाम की भूमि, बाजार कीमत डेढ़ करोड़ तथा मकान, बाजार कीमत 50 लाख रुपये की जब्तीकरण की कार्रवाई पूरी की। जब्तीकरण की कार्रवाई के दौरान पुलिस की तरफ से मुनादी कराई गई। साथ ही मकान पर पोस्टर चस्पा कर माइक से इसका प्रचार-प्रसार भी कराया गया। एसएचओ ने बताया कि एक माह पूर्व ही परमहंस के ईंट भट्ठे को भी जब्त किया गया था।

नायब तहसीलदार शैलेश सिंह, एसएसआइ गिरधारी यादव, दारोगा रणजीत सिंह बघेल, आकाश गिरी, अभिषेक सिंह, लेखपाल विश्वदीपक सिंह, राधेश्याम सिंह, हरिनारायण गुप्त, एसआई धीरेंद्र प्रताप सिंह शामिल रहे। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि गैंगस्टर के आरोपितों के विरुद्ध जब्तीकरण की कार्रवाई लगातार जारी है। कई और गो-तस्कर व शराब माफिया की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अभियान आगे भी चलता रहेगा।


सपहा नौका टोला मे जब्ती की कार्रवाई करती राजस्व व पुलिस टीम ● जागरण

### सात अंतरराज्यीय बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**पटहेरवा:** लूट, एटीएम काट कर नकदी चुराने तथा वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले सात अंतरराज्यीय बदमाशों के विरुद्ध पटहेरवा पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की। पुलिस जल्द ही इन अपराधियों द्वारा अपराध से अर्जित की गई संपत्ति की जब्तीकरण के लिए भी कदम उठाएगी। एसएचओ गिरीजेश उपाध्याय ने बताया कि क्षेत्र में लूट तथा वाहन चोरी की हुई घटनाओं में इकराम कुरैशी निवासी कुरैशी मुहल्ला तकिया वाली मस्जिद सिगार थाना बिछोर जिला मेवात तथा एजाजुल हक उर्फ जुनैद हाल मुकाम कधई उर्फ कधाई राजनगर मधुबनी बिहार स्थाई निवास सिरौली उर्फ सुराली पुन्हाना जिला मेवात, खालिद अली निवासी अली बहिन जिला पलवल व एजाजुल हक उर्फ जुल्फी निवासी सिरौली पुन्हाना मेवात हरियाणा तथा इकबाल उर्फ एकबाल कुरैशी निवासी कोसीकला जिला मथुरा, मुस्ताक निवासी कामा थाना व जिला भरतपुर व शौकीन कुरैशी निवासी काजीपाड़ा कामा जिला भरतपुर राजस्थान की भूमिका पाई गई। अंतरराज्यीय बदमाशों के इस गिरोह ने गत अक्टूबर में तमकुहीराज कस्बे में एटीएम काट कर 26 लाख से अधिक की नकदी चोरी की थी। इन सभी बदमाशों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। जल्द ही इनकी संपत्ति जब्त करने के लिए भी आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# पुलिस की आंख से ओझल हैं कई होटल

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** होटल व लाज पुलिस की आंख से ओझल हैं। अधिकांश होटलों में मनमानी चल रही हैं। सुविधाओं के नाम पर वह सबकुछ परोसा जा रहा है जो कानूनन अपराध है।

चौंकाने वाली बात यह कि कीमत अदा करने पर ऐसे लोगों से पहचान के लिए जरूरी शर्त भी पूरी नहीं कराई जा रही। खुद संचालक ही यह कोरमपूर्ति कर ले रहे हैं।

होटलों में चल रहे इस खेल को लेकर पुलिस को शायद किसी घटना का इंतजार है।

अंतरराष्ट्रीय पहचान वाले कुशीनगर जिले में होटल व्यवसाय तेजी से फल-फूल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित अधिकांश होटलों की हकीकत यह है कि कमरा बुक करते समय आईडी प्रूफ या इससे जुड़े विवरण व अन्य मानक का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

- **बिना आइडी प्रूफ के भी होटलों में बुक हो रहा कमरा**
- **कीमत मिलने पर मुहैया कराई जा रही जरूरत की हर चीज**

## सामने आए कुछ मामले

- 9 मई 2019-कसया के गोला बाजार स्थित रायल आशा होटल में एक युवक ने युवती की हत्या कर दी। जांच में सीसी कैमरे में युवक-युवती का रिकार्ड न होने, मोबाइल नंबर दर्ज न करना, युवती का आईडी न लेने आदि की खामी उजागर हुई थी। दोनों के प्रेमी-प्रेमिका होने की बात सामने आई थी।
- 25 नवंबर 2017-कसया स्थित विंध्यवासिनी होटल में छापामारी कर पुलिस ने चार युवक-युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा था। पुलिस ने मैनेजर को भी हिरासत में लिया था। सीओ ओमपाल सिंह ने मामले में मुकदमा पंजीकृत करा युवक-युवतियों व मैनेजर को जेल भेजा था।
- छह मार्च 2017-कसया के ही पीएनबी चौकी के निकट स्थित होटल व भोजनालय में एक दर्जन युवक-युवती आपत्तिजनक हाल में पकड़े गए थे। सीओ राघवेंद्र चतुर्वेदी ने होटल संचालक व पकड़े गए युवक-युवतियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

# बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के भर रहे फर्राटा

## जिले में 1,93,605 वाहनों की नहीं बदली गई नंबर प्लेट, सरकारी दफ्तरों से जुड़े वाहनों में भी नहीं हो रहा नियम का पालन

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) 15 फरवरी तक अनिवार्य रूप से लगवाना था। यह तिथि बीत चुकी है। बावजूद इसके जिले में करीब सवा लाख वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी।

ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एआरटीओ प्रशासन गंभीर नहीं है। यातायात पुलिस भी इस मामले में ढुलमुल रवैया अपना रही है। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के चल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस नियम को तोड़ने वाले लोग न तो सड़क पर चल पाएंगे, न ही अपने वाहनों को बेच सकेंगे।

सभी तरह के निजी और व्यवसायिक वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाने की अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई थी। बावजूद इसके, लोगों ने अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाई है।

एआरटीओ के रिकार्ड मुताबिक, जिले में कुल 527703 वाहन रजिस्टर्ड हैं। इनमें महज 334098 वाहनों पर हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी है। 193605 वाहन बिना एचएसआरपी के चल रहे हैं।

बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन चलाने पर पहली बार में पांच हजार रुपये और दूसरी बार में 10 हजार रुपये का चालान काटने का नियम है। शनिवार को शहर की सड़कों पर बिना हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन दौड़ते नजर आए।

**नंबर प्लेट बनवाने में इतना खर्च :** दो पहिया वाहन - 400 रुपये, और चार पहिया वाहन - 1100 रुपये



बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की स्कूटी। संवाद



बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के मालवाहक। संवाद

वाहनों की चेकिंग नियमित की जाती है। बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन चलाने वालों का चालान काटा जा रहा है। यातायात पुलिस जगह-जगह कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में सभी एसआई को निर्देश दिए गए हैं। - **सत्य सान्याल शर्मा,** टीएसआई

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के फायदे

- हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट से वाहन के संबंध में पूरी जानकारी मिल सकेगी।
- हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट से वाहनों की चोरी, किसी अन्य अपराध की रोकथाम में मदद मिलेगी।
- हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट होने से फर्जी नंबर की प्लेट नहीं बनेगी।
- राज्य के सभी वाहनों के लिए अलग-अलग कोड निर्धारित किए गए हैं।

### एक नजर में वाहनों की स्थिति

- जिले में कुल वाहन- 527703, एचएसआरपी वाहन-334098
- बिना एचएसआरपी वाले वाहन- 193605
- सामान्य वाहन- 510473, एचएसआरपी वाले वाहन- 323542
- बिना एचएसआरपी वाहन-186931
- ट्रांसपोर्ट वाले बड़े वाहन कुल-17230, एचएसआरपी वाले वाहन-10556
- बिना एचएसआरपी वाहन-6674

होली के पूर्व अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। होली के दौरान अभियान नहीं चला है। सोमवार से इसे फिर से शुरू किया जाएगा। इसलिए सभी लोग अपने वाहनों में एसएचआरपी लगवा लें। पूर्व में 110 वाहनों का चालन काटकर 5,50,000 का जुर्माना लगाया गया था। - **मोहम्मद अजीम,** एआरटीओ

# महिला की मृत्यु मामले में दहेज हत्या का मुकदमा

**सम्मउर बाजार :** क्षेत्र के बसडीला खुर्द में बीते बुधवार को संदिग्ध अवस्था में मृत मिली महिला के भाई की तहरीर पर तमकुहीराज पुलिस ने शनिवार को पति, ससुर व सास सहित अन् आरोपितों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर पति व ससुर समेत तीन को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। मृतका के भाई उज्ज्वल पांडेय ने तहरीर में बताया है कि दो वर्ष पूर्व उनकी बहन पूर्णिमा की शादी केशव मिश्र के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे मारने-पीटने लगे। बहन के ससुराल पहुंच मदद की गुहार लगाई पर उनके व्यवहार में बदलाव नहीं आया। होली के दिन पूर्णिमा संदिग्ध हाल में अपने कमरे में मृत मिली। एसएचओ नीरज कुमार राय ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित केशव मिश्र, केदार मिश्र तथा सुभाष को गिरफ्तार कर लिया गया है। (जासं)

# दुष्कर्म का आरोपित बाल अपचारी भेजा गया सुधार गृह

कप्तानगंज :कप्तानगंज पुलिस ने शनिवार को दुष्कर्म के आरोपित बाल अपचारी को पकड़कर सुधार गृह भेज दिया। एसएचओ अनिल उपाध्याय ने बताया कि आरोपित ने बीते दिनों चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म किया था।

# दो गैंगस्टर पर की सख्ती, संपत्ति जब्त

**तुर्कपट्टी।** पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने शनिवार को बसडीला पांडेय निवासी हरेंद्र यादव तथा परमहंस यादव की करीब दो करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली। दोनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई हुई है।

तुर्कपट्टी थाने की पुलिस कसया थाना क्षेत्र के सपहा (नौकाटोला) पहुंची। वहां आरोपी हरेंद्र तथा परमहंस की साठ डिस्मिल खेती योग्य भूमि और उस पर बने दो मकानों का जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार इस संपत्ति की कीमत लगभग दो करोड़ के आसपास है। हरेंद्र तथा उसके भाई परमहंस के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट, पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य अपराधों में कई मुकदमे दर्ज हैं। इसके पूर्व 31 जनवरी को पुलिस ने बसडीला पांडेय स्थित परमहंस के ईंट भट्ठे को भी गैंगस्टर एक्ट में जब्त किया था।

नायब तहसीलदार शैलेश सिंह, कानूनगो राधेश्याम सिंह, लेखपाल देश दीपक, एसएचओ आशुतोष सिंह, उप निरीक्षक गिरधारी यादव, रणजीत आदि मौजूद रहे। संवाद

# 'अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को नहीं मिलेगा संरक्षण'

## तमकुहीराज में बोले विधायक असीम कुमार

**तमकुहीराज।** क्षेत्रीय विधायक डॉ. असीम कुमार ने शनिवार को तमकुहीराज में कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों के लिए कहीं जगह नहीं है। उन्हें किसी प्रकार का संरक्षण नहीं मिल रहा है, बल्कि उन पर सख्ती की जा रही है।

विधायक तमकुहीराज कस्बा में अपना कार्यालय खुलने के एक साल पूरा होने पर पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने केक काट खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को जनता की समस्याओं के निस्तारण का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित को परेशान नहीं होना पड़ेगा। इस दौरान राजू राय, रवि राय, रामायण कुशवाहा, जेपी गुप्ता आदि मौजूद थे। संवाद

# कर्मी रहे नदारद, कई थानों में निस्तारण की नहीं हुई बोहनी

## थाना समाधान दिवस पर राहत मिलने की उम्मीद लेकर पहुंचे थे फरियादी

संवाद न्यूज एजेंसी



रामकोला के थाना समाधान दिवस में खाली पड़ीं कुर्सियां। संवाद

**पडरौना/मेंहदीगंज।** लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए शनिवार को सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें अधिकतर स्थानों पर थानेदार और राजस्वकर्मी समय से नहीं पहुंचे। फरियादी परिसर में घूमते रहे। कुछ थानों में तो ठीकठाक संख्या में फरियादी पहुंचे, पर मामलों के निस्तारण की बोहनी तक नहीं हुई।

इसी क्रम जिलाधिकारी रमेश रंजन व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने सदर कोतवाली पहुंच कर लोगों की समस्याएं सुनीं। शनिवार को रामकोला थाना पर 10:48 पर कुर्सियां खाली थीं। कोई पुलिसकर्मी व राजस्व के अधिकारी और कर्मचारी नहीं पहुंचे थे।

फरियादी भी कुर्सी पर नहीं बैठे थे। वे परिसर में ही इधर-उधर घूम रहे थे। इस पर रामकोला के थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि वह थाना परिसर में थे।

सुबह 11:30 बजे पडरौना कोतवाली में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पहुंच गए। तकरीबन एक घंटे तक रहे। इस बीच कुल नौ मामले आए। इसमें दो पुलिस और सात राजस्व विभाग के मामले थे। मौके पर दो का निस्तारण कर दिया। अधिकारियों के जाने के बाद भी कुछ फरियादी पहुंचे। गायघाट निवासी लीलावती अपने बेटे की शिकायत लेकर आई थीं। उन्होंने बताया कि पूजा की वेदी घर के सामने है। उसी को हटाने के लिए बेटे से विवाद है। इसपर मौके पर टीम भेजी गई।

**बनकटा बाजार प्रतिनिधि** के अनुसार, चौरा खास थाने में कुल दो मामले आए। फरियादी तहसीलदार का इंतजार करते रहे। दो बजे तक उनकी कुर्सी खाली रही। कप्तानगंज प्रतिनिधि के अनुसार, स्थानीय थाने में कुल छह मामले आए। किसी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। इसी तरह से पटहेरवा थाना पर भी चार मामले आए, जिनमें किसी का निस्तारण नहीं हुआ।

**पटहेरवा प्रतिनिधी** के अनुसार, स्थानीय थाने में चार लोगों ने फरियाद की। उनमें से एक का भी निस्तारण नहीं हो पाया।



दो लोगों ने चकरोड पर कब्जा कर लिया है। इस वजह से उसके खेत में लगी फसल को निकाल नहीं पा रहे हैं। इसकी शिकायत लेकर आया तो 11 बजे के बाद अधिकारी आए। - **इंद्रासन कुशवाहा**, चंदरपुर



गांव के ही एक व्यक्ति ने रास्ते पर दीवार चला दिया है। इससे रास्ता बाधित है। 10 बजे पहुंच गया था। 11 बजे तक कोई पुलिसकर्मी और राजस्वकर्मी नहीं आए थे। - **प्रवीण कुमार**, खोटही

# चौकी इंचार्ज पर उगाही का आरोप एसपी से शिकायत

**तमकुहीराज।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के बसडीला गुनाकर निवासी पुष्पेंद्र राय ने शनिवार को बहादुरपुर चौकी प्रभारी पर धनउगाही का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को ऑनलाइन शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

बसडीला निवासी पुष्पेंद्र राय ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे लकड़ी लदे उनके ट्रक में सलेमगढ़ स्थित पेट्रोल पंप पर चालक डीजल भरवा रहा था। इसी बीच चौकी प्रभारी ने उनके ट्रक के कागजात को जांच के लिए चौकी पर ले गए। सभी कागजात सही होने के बावजूद 10,000 रुपये लेने के बाद ट्रक को छोड़ा। आरोप लगाया कि चौकी प्रभारी ने उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया।

## चौकी इंचार्ज बोले, आरोप मनगढंत

इस संबंध में चौकी प्रभारी बहादुरपुर अवनीश सिंह ने बताया कि ट्रक के लूट की सूचना मिली थी। इसके आधार पर छानबीन की जा रही थी।

कहा कि संदेह के आधार पर

# तीन पशु तस्करों पर गैंगस्टर का मुकदमा

**समउर बाजार।** पटहेरवा थाने की पुलिस ने तीन पशु तस्कर सद्दाम, नासिर और अनवर बंजारा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है।

इनमें सद्दाम को इस गिरोह का सरगना बताया है। पटहेरवा के थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि बलरामपुर जिले के नहरिया गांव का निवासी पशु तस्कर सद्दाम हुसैन गिरोह बनाकर अपने साथियों के साथ पशुओं की खरीद-फरोख्त करता है और उन्हें बेचकर आर्थिक लाभ कमाता है। उसके इस कार्य में उसके गांव के ही नासिर आलम और अनवर साथ देते हैं। उनका यह कार्य उत्तर प्रदेश गिरोहबंद व समाज विरोधी है। संवाद

# चोरी के आरोपी पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**पटहेरवा।** पुलिस ने कई आरोपियों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है।

थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि एटीएम से चोरी के आरोपी व हरियाणा का इकराम कुरैशी के गिरोह के व बिहार के मधुबनी निवासी एजाजुल हक उर्फ जुल्फी हरियाणा के खालिद अली, मथुरा के इकबाल उर्फ एकबाल कुरैशी, राजस्थान के मुस्तफा, शौकीन कुरैशी और हरियाणा के दिलिमाया पर कार्रवाई की गई है। इन पर गंभीर धाराओं के तहत पहले से केस दर्ज हैं। संवाद

# हिंसा में मृत युवक के परिजनों से मिले विधायक, दी सांत्वना

## हरसंभव मदद दिलाने का दिया भरोसा, डीएम से की बात

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पकड़ियार बाजार।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मंसाछपरा निवासी युवक महंत की तेलंगाना हिंसा में मौत हो गई थी। इसकी जानकारी पर उनके घर पहुंचे खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने परिवार को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

महंत कुशवाहा तेलंगाना में रह कर बढ़ई का काम करते थे। बुधवार को होली के मौके पर वे घर लौट रहे थे। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर उत्तर भारतीय कामगारों के खिलाफ भड़की हिंसा में उनकी मौत हो गई।

उनके घर पहुंचे विधायक विवेकानंद पांडेय को देखकर महंत के 14 वर्षीय पुत्र रोने लगे। विधायक ने परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने परिवार के मुखिया की आकस्मिक निधन पर सरकार की तरफ से मिलने वाली अहेतुक सहायता दिलवाने के लिए आश्वासन देते हुए डीएम से बात की।



मंसाछपरा में पहुंचे विधायक विवेकानंद पांडेय से लिपट कर रोते महंत के पुत्र अमित। संवाद

इस दौरान बृजेश मिश्रा, पूर्व प्रधान संजय गुप्ता, अविनाश शुक्ला, आयुष मिश्रा, महेश शर्मा, रामानंद प्रसाद आदि मौजूद रहे।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 12-03-2023

# सीएससी संचालक से छिनैती करने वाला गिरफ्तार

**हर्रैया (एसएनबी)।** ग्राहक सेवा केन्द्र भदावल में शुक्रवार की देर शाम संचालक के आंख में स्प्रे डालकर दस हजार रूपया लूटने वाले बदमाश को पुलिस ने घटना के पांच घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया। संचालक को सीएचसी में इलाज के बाद बस्ती रेफर कर दिया गया।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि विजरा निवासी संदीप कुमार पुत्र परमात्मा प्रसाद के भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केन्द्र भदावल पर शुक्रवार की सायं लगभग चार बजे एक व्यक्ति पैसा निकालने पहुंचा और अपने मां द्वारा पैसा निकालने व ट्रांसफर करने की बातचीत किया। इसके बाद वह चला गया। सायं लगभग छः बजे दुकान पर अकेले बैठे थे और अपना लेखाजोखा मिला रहे थे। इसी विवेक कुमार ओझा व मकान मालिक अवनीश चन्द्र द्विवेदी वहां पहुंचे लेकिन तब तक वह बैग से दस हजार रूपया निकालकर फरार हो चुका था। पीडित ने पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज किया और घटना के खुलासा में जुट गयी। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सोनी, हेडकांसटेबल इन्द्रेश यादव व कांसटेबल राकेश कुमार यादव की टीम गठित कर घटना के अनावरण के लिए लगाया गया। सीसीटीबी फुटेज आदि के आधार पर पुलिस ने घटना को अन्जाम देने वाले बाछनपुर निवासी अजय कुमार पुत्र साहबदीन को घटना के पांच घण्टे बाद केशवपुर बाजार से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से छिनैती का ₹10000, एंड्रायड फोन एवं एचडीएफसी का बैंक पासबुक बरामद हुआ। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया

## हेड कांस्टेबिल को एसपी ने किया सम्मानित

**हर्रैया(एसएनबी)।** सीएससी संचालक से हुई लूट की घटना के खुलासे में अहम भूमिका निभाने वाले थाने के हेडकांसटेबल चन्द्रेश कुमार यादव को पुलिस अधीक्षक एसपी द्वारा पंद्रह हजार रूपया ईनाम देने की घोषणा किया गया है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय ने यह जानकारी दिया।

उन्होने हेड कांस्टेबल को शाबासी देते हुए कहा कि जिस तरह घटना के कुछ ही घण्टों के अंदर लुटेरे को गिरफ्तार किया गया है, निश्चित ही पुलिस विभाग के लिए गौरव की बात है।




**हेडकांसटेबल चन्द्रेश कुमार यादव।** फोटो : एसएनबी

बीच युवक पहुंचा और आंख में तीव्र ज्वलन स्प्रे डाल दिया। संदीप अपना आंख पकड कर चिल्लान लगे। शोर सुनकर रजौली निवासी कि पता चला है कि अजय ने महाराष्ट्र में भी ऐसी घटनाओं को अन्जाम दिया था। पुलिस उसका आपराधिक इतिहास इकट्ठा कर रही है।

# चोरी का आरोपी धराया

**बस्ती ।** चोरी करने के मामले में शामिल एक अभियुक्त को मुण्डेरवा पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में पुलिस ने आरोपी कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा है। मुण्डेरवा थाने में धारा 457, 380, 427, 411 आईपीसी से सम्बंधित एक मामले में पुलिस द्वारा किये जा रहे विवेचना में एक व्यक्ति का नाम प्रकाश में और आया है। जिसकी पहचान सूरज उर्फ मुर्गहि पुत्र लालमन निवासी सिसवा माफी थाना मुंडेरवा के रूप में हुई। जिसे मुखबिर की सूचना पर देवरिया मंदिर के समीप बाग से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रामपाल निषाद, मुख्य आरक्षी विनोद कुमार थाना मुंडेरवा शामिल रहे।

# दहेज कम मिलने पर विवाहिता को पीटा, केस

**बस्ती ।** दहेज कम मिलने पर विवाहिता को तरह-तरह से प्रताड़ित करने के साथ ही उसे मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में विवाहिता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थाने की पुलिस ने लिखित तहरीर देते हुए पीड़ित अयोध्या पुत्र शवनाथ निवासी कटसरया कला पोस्ट गौरी थाना कोतवाली बाँसी जनपद सिद्धार्थनगर ने बताया कि थानाक्षेत्र के अरदा गांव निवासी अमित पुत्र रामदास से उसने अपनी पुत्री किरन की शादी की थी। शादी के बाद से ही बेटी किरन को आरोपी पति व ससुराल के अन्य लोगो द्वारा प्रताड़ित करने के साथ ही उसे बुरी तरह से मारापीटा जाने लगा। जिससे वह गम्भीर चोट लगने से बेहोश भी हो गयी थी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति अमित पुत्र रामदास, लड़की कि सास, लड़की कि जेठानी संजू निवासीगण अरदा थाना रुधौली के विरूद्ध धारा 323, 506, 308, 498(ए) आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# रंगदारी न मिलने पर मारपीट करने का आरोपी, केस

**बस्ती ।** रंगदारी न मिलने पर आरोपी द्वारा एक निजी चिकित्सालय में घुसकर कर्मचारियों को जाति सूचक गालियां देते हुए मार पीट किया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थाना क्षेत्र के भानपुर स्थित एक निजी अस्पताल में सुन्दरम शुक्ल नाम का व्यक्ति पहुंचकर अस्पताल की संचालिका से रंगदारी की मांग की। जिसे न देने पर संचालिका साक्षी गौतम व सहयोगी विनोद को आरोपी ने जाति सूचक गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित साक्षी गौतम पुत्री रामनयन ग्राम जिभियाँव थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुन्दरम शुक्ला निवासी सिसवा खुर्द थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 323, 504, 506, 385, 427 आईपीसी एवं 3(1) द एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में मारपीट, क्रास केस

**बस्ती ।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गयी। मामले को लेकर दोनो पक्ष मुकामी थाने पहुंचा जहां पर पुलिस ने क्रास केस दर्ज करने की कार्यवाही की है। रूधौली थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में पुरानी रंजिश की बात को लेकर महेश प्रसाद को आरोपियों ने गालियां देते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित महेश प्रसाद पुत्र हरिबंश निवासी रघुनाथपुर थाना रुधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजू, बृजेश , गिरीजेश पुत्रगण राजकुमार, बृजेश कि पत्नी, दुर्गावती पत्नी राज कुमार निवसीगण रघुनाथपुर थाना रूधौली के विरूद्ध धारा 147, 148, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के राजू पुत्र राज कुमार ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने उसे गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान राजू को गम्भीर चोट लगी और वह बेहोश होकर गिर गये। मामले में पुलिस ने आरोपी महेश उर्फ बब्लू पुत्र हरिबंस, सूरज, रामजनक, श्यामजनक पुत्रगण महेश, गीता देवी पत्नी महेश निवसीगण रघुनाथपुर थाना रूधौली के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

# फरियादियों की समस्याओं का हो समाधान

**वाल्टरगंज (एसएनबी)।** समाधान दिवस के मौके पर नायब तहसीलदार बस्ती सदर केके मिश्रा ने समाधान दिवस पर आए हुए फरियादियों की फरियाद सुना और उसका निस्तारण करने का आदेश संबंधित को दिया। इस मौके पर थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

मार्च माह के द्वितीय शनिवार को आयोजित समाधान दिवस पर थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक पाटनदीन श्रीवास्तव के साथ आएंगे। फरियादियों की फरियाद सुन रहे थे कि समाधान दिवस पर नायब तहसीलदार के के मिश्रा आ गए और फरियादियों से उनकी फरियाद सुना जो भी प्रार्थना पत्र आए उस पर संबंधित को आदेशित करते हुए मामले का निस्तारण करने का आदेश पारित किया। समाधान दिवस में कुल 12 मामले दर्ज किए गए जिसमें से 3 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। बचे हुए मामले के लिए राजस्व और पुलिस बल की टीम का गठित किया गया श्री मिश्रा ने बताया कि समाधान दिवस में आए हुए मामलों को निस्तारित समय से करना हम सभी का दायित्व है। वहीं थानाध्यक्ष नारायणा श्रीवास्तव ने कहा कि जहां भी पैमाइश यार जमीन से संबंधित मामले हैं। उसके लिए थाने पर पुलिस बल के लिए सूचना दें जिससे कि मौके पर किसी भी प्रकार के विवाद से निपटा जा सके। समाधान दिवस पर उपनिरीक्षक सुरेश प्रसाद, सुभाष मौर्य, सुरेंद्र प्रताप सिंह, देवी शरण यादव, राधेश्याम त्रिपाठी, लेखपाल जितेंद्र सिंह, रामसागर, राहुल सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



**बस्तीः समस्या निपटाते नायब तहसीलदार व एसओ।** फोटो : एसएनबी

# रूधौली समाधान दिवस में आये 29 मामले, छह का निस्तारण

**नगर बाजार (एसएनबी)।** नगर थाना पर नायब तहसीलदार सदर व थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद द्वारा थाना नगर परिसर में समाधान दिवस का आयोजन कर क्षेत्र से आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।

थानाध्यक्ष व नायब तहसीलदार द्वारा सुनवाई करते हुए हल्का लेखपाल/बीपीओ को प्रार्थना पत्रों का विधिक कार्यवाही कर निस्तारण करने का आदेश दिया। समाधान दिवस के दौरान कुल 29 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 28 राजस्व विभाग व एक प्रार्थना पत्र पुलिस से सम्बंधित था। राजस्व से संबंधित छः प्रार्थना पत्रो का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष कोंगुणवत्ता पूर्वक निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।



**नगर बाजारः फरियादियों की समस्याओं को सुनते थानाध्यक्ष।** फोटो : एसएनबी

## एसडीएम ने सुनी समस्या

**रूधौली (एसएनबी)।** थाना समाधान दिवस उप जिलाधिकारी आनंद श्रीनेत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें कुल 12 मामले आये। जिसमें एक ही मामले का निस्तारण मौके पर हो पाया।

इस दौरान तहसीलदार केशरी नंदन त्रिपाठी,प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, अपराध निरीक्षक मनोहर लाल सहित लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने सुनी समस्या निराकरण के निर्देश

**बस्ती ( एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा थाना कलवारी पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर जनसुनवाई की गयी। जिसमें पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव द्वारा थाना कलवारी पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों/



**समाधान दिवस पर समस्या सुनते एसपी आशीष श्रीवास्तव**।फोटो : एसएनबी

कर्मचारियों की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गंभीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया ।

पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को समयबद्धता/गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द निस्तारण करवायें ।

# मार्ग दुर्घटना में वृद्ध घायल

**बस्ती ।** कलवारी थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गायघाट पूरब चौराहे पर शाम को लगभग 60 वर्षीय बुजुर्ग को बाइक सवार ने ठोकर मार दिया जिससेगंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को ग्रामीणों ने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा पहुंचाया। जहां चोट की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के थन्हवा मुड़ियारी निवासी गुलाम हुसैन पुत्र बेचू सब्जी खरीदने पैदल नगर पंचायत गायघाट बाजार गए थे। जैसे ही वह पूरब चौराहे पर पहुंचे ही थे कि पीछे से बाइक सवार ने जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे गुलाम हुसैन के पैर और सीने में गंभीर रूप से चोट आई। आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और आनन-फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनहरा कुदरहा ले गए । जहां गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार केबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। भीड़ का फायदा उठाकर मोटर साइकिल सवार युवक मोटर साइकिल लेकर फरार हो गया।

# जानलेवा हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बभनान।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपराकाजी गांव में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट के दौरान जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपी बबलू पुत्र शिवशंकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी भी बरामद किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संदीप यादव, जीवन सिंह राजपूत, कांसटेबल दीपक कुमार व अंशू कुमार शामिल रहे। थानाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# गुमशुदगी का केस दर्ज

**बस्ती ।** एक युवक बिना परिजनों के बताये घर से कहीं चला गया। इस सम्बन्ध में परिजन की शिकायत पर कलवारी थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी है। कलवारी थाना क्षेत्र कलवारी मुस्तहकम के रहने वाले रंगपाल सिंह का बेटा राजपाल सिंह उर्फ प्रियांशु (17) घर से बिना बताये किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ चला गया जो घर वापस नही आया। मामले में पीड़ित रंगपाल सिंह पुत्र रामजीत सिंह ग्राम कलवारी मुस्तहकम थाना कलवारी की तहरीर पर गुमशुी की धारा 363 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# वारंटी गिरफ्तार

**छावनी।** थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुरेश कुमार कुशवाहा, राम मिलन यादव, कांसटेबल अनिल भारती एवं सर्वेश मौर्य द्वारा अपराध संख्या 249/1996 में वांछित चल रहे रेडवल निवासी राममिलन पुत्र सिद्धू को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि वारंटी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# पुरानी बात को लेकर दी गालियां व धमकी, केस

**बस्ती ।** पुरानी बात को लेकर एक व्यक्ति को अरोपी द्वारा गालियां व जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कोड़रा पाण्डेय गांव में पुरानी बात को लेकर राजन को आरोपी रामवृक्ष गालियां दे रहे थे। जिन्हे ऐसा करने से मना करने पर आरोपी रामवृक्ष ने राजन को जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित राजन पुत्र चन्द्रिका निवासी कोड़रा पाण्डेय थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामबृक्ष पुत्र त्रिवेनी निवासीगण कोड़रा पाण्डेय थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध धारा 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सुरक्षा न मिलने से भयभीत है पीड़ित परिवार

**धनघटा ।** थाना क्षेत्र के महादेवा गांव निवासी जाकिर हुसेन पुत्र नबी ने बीते दिनों मुख्यमंत्री समेत पुलिस उच्चाधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर खुद समेत परिवार के जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई थी। पीड़ित जाकिर हुसेन ने भेजे गए प्रार्थनापत्र में बताया है कि 10 वर्ष पूर्व क्षेत्र के एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी ने अपने कुछ बदमाश सहयोगियों के साथ दरवाजे पर चढ कर उनके भाई अनवर अली के उपर गोलियां चलाई थी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था जिसके संबंध में फास्ट ट्रैक कोर्ट में अभी भी मुकदमा चल रहा है। पीड़ित जाकिर हुसेन ने बताया कि उक्त मुकदमे के संबंध में जब वह कोर्ट जाता है तो भाई के हमलावरों द्वारा उसे रोक कर आए दिन जान से मारने की धमकी दी जा रही है जिससे उसका परिवार भयभीत है। पीड़ित का कहना है कि पुलिस उच्चाधिकारियों को सुरक्षा की गुहार लगाने के संबंध में प्रार्थनापत्र दिए एक माह से अधिक का समय बीत गया लेकिन अभी तक न तो उसे सुरक्षा मुहैया कराई गई और न ही जानमाल की धमकी देने वाले भाई के हमलावरों के विरूद्ध ही अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई की गई जिससे उसका परिवार दहशतजदा है। पीड़ित जाकिर हुसेन ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।

# जनशिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अनिवार्य : आईजी

**समाधान दिवस**

बस्ती, हिटी। जिले के सभी थानों पर शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आईजी बस्ती रेंज आरके भारद्वाज ने छावनी थाने का औचक निरीक्षण कर जनसुनवाई की तो एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कलवारी थाने पर पहुंच कर फरियाद सुनी। राजस्व से जुड़ी शिकायतों की संख्या सबसे अधिक रही।

अधिकतर मामलों में संयुक्त टीमों को गठित कर निस्तारण का निर्देश दिया गया। समाधान दिवस का निरीक्षण करने आईजी आरके भारद्वाज शनिवार को दिन में अचानक छावनी थाने पर पहुंच गए। उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज अधिकारी व कर्मचारियों के बारे में उन्होंने पूछा तो अधिकतर लेखपाल मौजूद नहीं मिले। आईजी ने उपस्थित एक लेखपाल से संबंधित रजिस्टर में दर्ज विवाद के बारे में पूछा तो वह उचित जवाब नहीं दे पाए। इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि भूमि विवाद के मामले में कब्जे में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए 'फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण



छावनी थाने में समाधान दिवस पर जनसुनवाई करते आईजी आरके भारद्वाज।

के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाए। एडीएम कमलेश चंद व अन्य मौजूद रहे। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कलवारी थाने पर जनसुनवाई की। एसओ आलोक श्रीवास्तव व अन्य मौजूद रहे। कप्तानगंज थाने पर एसडीएम हर्रैया गुलाबचंद्र की अध्यक्षता में सुनवाई हुई। कुल 11 मामले आए और सभी भूमि विवाद से जुड़े थे। लालगंज थाने पर सीओ रुधौली प्रीति खरवार, नायाब तहसीलदार घनश्याम शुक्ला व थानाध्यक्ष महेश सिंह ने सुनवाई की। सोनहा थाने पर एसडीएम भानपुर अतुल आनंद की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। दुबौलिया थाने पर सीओ कलवारी विनय चौहान व प्रभारी विनय कुमार पाठक की मौजूदगी में पांच प्रार्थना पत्र आए, सभी राजस्व से संबंधित थे।

# मार्केटिंग कम्पनी ने हड़पा पैसा, केस

**बस्ती** । एक मार्केटिंग कम्पनी  में लगाया गया लाखो रूपये वापस नही मिला। कोतवाली क्षेत्र के दरिया खां गांधीनगर मोहल्ला निवासी आविदा वाहिद खान ने गिग इण्डिया मार्केटिग कम्पनी में 17 लाख रूपये लगाया था। जो वापस नही मिला। पीड़ित आबिदा वहिद खान पुत्र अब्दुल वहिद खान निवासी मोहल्ला दरिया खाँ गाधीनगर थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गिग इण्डिया मार्केटिंग कम्पनी के कर्मचारी के विरूद्ध धारा 420 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेज के लिए मारा-पीटा, तीन पर केस

बस्ती। रुधौली पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घायल करने के मामले में केस दर्ज किया है। सिद्धार्थनगर कोतवाली निवासी विवाहिता के पिता ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी बेटी किरन की शादी छह जून 2022 को अमित निवासी अरदा थाना रुधौली के साथ हुई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति, सास व जेठानी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# राशन वितरण में फ्राड, एफआईआर

बस्ती। हर्रैया पुलिस ने राशन वितरण में धोखाधड़ी करने के आरोप में केस दर्ज किया है। पूर्ति निरीक्षक रमेश कुमार वर्मा ने तहरीर देकर बताया है कि ग्राम पंचायत गोभिया के उचित दर विक्रेता स्तर से राशन वितरण में नेबूलाल के साथ धोखाधड़ी की। पुलिस ने आरोपी शेरबहादुर सिंह के खिलाफ आईपीसी 420 के तहत केस दर्ज किया है।

# दुर्घटना में चकबंदी लेखपाल घायल

महादेवा। बस्ती-महुली मार्ग पर पगार खास के पास शुक्रवार देर शाम पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार चकबंदी लेखपाल विजय शुक्ल, निवासी तेनुआ, लालगंज हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वह संतकबीरनगर जिले के धनघटा तहसील से ड्यूटी कर घर वापस लौट रहे थे। स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से लखनऊ मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। शनिवार को लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि वह पगार खास के पास मौजूद नहर की पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि बस्ती की ओर जा रही पिकअप ने उनकी बाइक को ठोकर मार दी। चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।

# आंदोलन को लेकर बनाई रणनीति

बस्ती। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले गोरखपुर में 15 मार्च को प्रस्तावित रास्ता रोको आंदोलन को लेकर सेवानिवृत्त कर्मियों ने शनिवार को रोडवेज परिसर में बैठक कर रणनीति बनाई। सरकार ने 1995 में निगम बने विभागों के लिए इम्प्लाइज पेंशन स्कीम (ईपीएस) बनाया था, जिससे बड़ी संख्या में कर्मी वंचित हैं। मंडल अध्यक्ष आरपी सिंह ने कहा कि हक के लिए सेवानिवृत्त कर्मी पूरे देश में एक साथ सड़क पर उतरने जा रहे हैं। ईपीएस-95 से वंचित सेवानिवृत्त कर्मियों को 5000 रुपये महीना पेंशन दिए जाने की मांग को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है।

# छेड़खानी व मारपीट में तीन नामजद

सल्टौआ। एसपी के आदेश पर सोनहा पुलिस ने छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि गत छह फरवरी को उनकी भैंस पड़ोसी के दरवाजे पर चली गई थी। इसी बात को लेकर पड़ोसी भैंस को मारने पीटने लगे। यह देख मेरे पिता ने मना किया तो मारापीटा। मेरे साथ भी अश्लील हरकत की। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी नरेंद्र, प्रभात व नागेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से छिनैती का आरोपित गिरफ्तार

## शिकंजा

हरैंया, हिन्दुस्तान संवाद। एसबीआई बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र भदावल के संचालक की आंखों में स्प्रे डालकर छिनैती करने वाले आरोपित को पुलिस ने धर दबोचा। यह गिरफ्तारी चेकिंग के दौरान केशवापुर बाजार से हुई। आरोपित अजय निवासी बाछनपुर थाना हरैंया के पास से 10 हजार रुपया, एक मोबाइल व एचडीएफसी बैंक का पासबुक बरामद हुआ है।

सीओ हरैंया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि 10 मार्च को शाम करीब 6 बजे संदीप कुमार पुत्र परमात्मा प्रसाद निवासी बिजरा थाना हरैंया भदावल में एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन करते हैं। आरोप है कि अजय शाम चार बजे ग्राहक सेवा केंद्र पर पहुंचे। वहां संदीप से अपनी मां के रुपया निकालने और खाते से रुपया ट्रांसफर करने के बारे में जानकारी ली। आरोपित अजय कुमार ने संदीप कुमार आंखों में मिर्चीनुमा स्प्रे आंख में डाल दिया। बैग का चैन खोलकर कुछ रुपया लेकर भाग निकला।

पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह पूणे महाराष्ट्र में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था तथा वहां भी इस प्रकार की दो घटनाएं करने का प्रयास किया था। गिरफ्तारी में हरैंया थाने के हेड कांस्टेबल इंद्रेश यादव की भूमिका रही। एसपी की तरफ से गिरफ्तार करने वाली टीम को 15 हजार रुपया पुरस्कार दिया गया है।

# गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

कप्तानगंज। पुलिस ने गांजा के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा है। थानाध्यक्ष कप्तानगंज रोहित उपाध्याय ने बताया कि शनिवार को दिन में करीब ढाई बजे महुआरी मोड़ से आरोपी रजनीश तिवारी निवासी फरदापुर थाना हर्रैया को पकड़ा गया।

तलाशी में उसके कब्जे से 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थानेदार के साथ एसएसआई सुरेंद्र प्रसाद, एसआई जावेद खान, हेड कांस्टेबल रणविजय सिंह, कांस्टेबल अरविन्द गुप्ता शामिल रहे।

# पुरानी पेंशन नीति बहाली को लेकर राज्यकर्मी लामबंद

## मांग

बस्ती, निज संवाददाता। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के आह्वान पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक हुई। कलक्ट्रेट परिसर स्थित संघ भवन कार्यालय पर हुई बैठक में जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा पुरानी पेंशन नीति बहाल करने का मुद्दा उठाया। कर्मचारियों ने इस एक सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन का निर्णय लिया है।

निर्णय के अनुसार कर्मचारी 21 मार्च को दिन में साढ़े 11 बजे से शिवहर्ष किसान पीजी कालेज के मैदान में जुटेंगे। कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल ने कहाकि सरकार जानबूझकर कर्मचारी हितों की अनदेखी कर रही है। संचालन करते हुये जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि कर्मचारी इतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। पुरानी पेंशन नीति सम्बन्धी मांग की अनदेखी चिन्ताजनक है। कर्मचारी नेता आशीष कुमार, अजय आर्य, अरूणेश पाल, ई. राजेश श्रीवास्तव, राकेश पाण्डेय, ई. अभिषेक सिंह, ओम प्रकाश, सन्तोष राव, शीतल गुप्ता, सन्तोष सिंह, मालती पाण्डेय, रामचरन ने संबोधित किया।

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। पैकोलिया पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी बब्लू निवासी पिपरा काजी थाना पैकोलिया के खिलाफ मारपीट व हत्या के प्रयास का केस दर्ज है। सोमवार को पुलिस टीम ने उसे हड़हीं बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# हसनापुर गांव में प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण



हसनापुर गांव में बुलडोजरसे हटाया गया अतिक्रमण •जागरण

**जासं, सोनहा, बस्ती** : थानाक्षेत्र हसनापुर गांव में नवीन परती व बंजर भूमि पर किए गए अतिक्रमण पर शनिवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलवाया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों में अफरातफरी का माहौल रहा।

गांव के रवीन्द्र यादव ने इस मामले में मुख्यमंत्री से जनता दर्शन में शिकायत किया था। शनिवार को तहसीलदार भानपुर सत्येंद्र सिंह राजस्व व पुलिस टीम के साथ गांव में पहुंचे। गाटा संख्या 441 बंजर रकबा 392 एअर व गाटा संख्या 446 नवीन परती रकबा 53 एअर पर गांव के अजय यादव, गोकुल, भवानी, श्री राम व रामनेवास के द्वारा अतिक्रमण किया गया था।

तहसीलदार ने बताया कि शिकायतकर्ता रवीन्द्र यादव द्वारा भी फूस की झोपड़ी रखकर अतिक्रमण किया गया था। उसे भी हटवा दिया गया। कुछ लोगों ने पक्का मकान बना लिया गया है। उन्हें भी भूमि खाली करने के लिए नोटिस दी गई है।

राजस्व निरीक्षक तिलक राम यादव, लेखपाल संतोष चौधरी, विकास यादव, शंकर जी, उपनिरीक्षक राजनाथ सिंह व हेड कांस्टेबल करुणेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# दहेज के लिए मारापीटा, तीन पर मुकदमा

**बस्ती** : रुधौली पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को मारने पीटने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। सिद्धार्थनगर कोतवाली क्षेत्र निवासी विवाहिता के पिता ने रुधौली पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनकी बेटी किरन की शादी छह जून 2022 को अमित निवासी अरदा थाना रुधौली के साथ हुई थी। दहेज की मांग को लेकर उसे ससुराल में लगातार प्रताड़ित किया गया। जानमाल की धमकी देते हुए मारापीटा गया, जिससे वह बेहोश हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति, सास व जेठानी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# आइजी ने छावनी व एसपी ने कलवारी थाने में सुनीं शिकायतें

## दोनों पक्षों की बातें सुनकर शिकायतों का करें निस्तारण : आइजी, शिकायतकर्ता को जरूर दें पावती रसीद : एसपी

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ितों की शिकायतें सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण करने की कोशिश की। आइजी ने छावनी व एसपी ने कलवारी थाने में शिकायतें सुनी।

छावनी प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय थाने पर आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे आइजी आरके भारद्वाज व एडीएम कमलेश चंद्र ने पीड़ितों की शिकायतें सुनी। आइजी ने कहा कि पुलिस को दोनों पक्षों की बातें सुनकर शिकायतों का निस्तारण करना चाहिए। हल्का ईंचार्ज व बीट पुलिस अधिकारियों को गांवों का भ्रमण कर भूमि से संबंधित मामलों की जानकारी स्थानीय लेखपाल देने की बात कही। एडीएम कमलेश चंद्र ने लेखपालों को निर्देश दिया कि वे भूमि संबंधी मामलों का निस्तारण गंभीरतापूर्वक करें। थाना दिवस पर कुल 12 मामले आए। इनमें से एक का भी निस्तारण मौके पर नहीं हो पाया, मगर पिछले थाना दिवस के लंबित छह मामलों का निस्तारण कर दिया गया। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय, चौकी ईंचार्ज विक्रमजीत राजीव सिंह, एसआइ वीरेंद्र यादव, लेखपाल सुभाष यादव आदि मौजूद रहे।



कलवारी थाने पर सुनवाई करती पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव • जागरण



छावनी थाने पर फरियाद सुनते आइजी आरके भारद्वाज • जागरण

कलवारी प्रतिनिधि के अनुसार कलवारी थाने में एसपी आशीष श्रीवास्तव ने शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान 18 मामले आए, जिनमें से तीन का निस्तारण मौके पर हो गया। एसपी ने समाधान दिवस का रजिस्टर भी चेक किया। थाना क्षेत्र के बिचउपुर गांव की कुशलावती व उनके गांव के ही संदीप के बीच जमीन संबंधी मामले में दोनों पक्षों की समस्या को सुना और राजस्व टीम के साथ शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव को समाधान दिवस में आये फरियादियों के प्रार्थना पत्र को समाधान रजिस्टर में अंकित कर पावती रसीद देने का निर्देश दिया। सोनहा प्रतिनिधि के अनुसार एसडीएम भानपुर अतुल आनंद की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस पर कुल तीन मामलों का पंजीकरण किया गया। एक मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम का गठन किया गया। गनेशपुर प्रतिनिधि के अनुसार वाल्टरगंज थाने पर थानाध्यक्ष नारायण लाल की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस पर 13 मामलों का पंजीकरण किया गया। नायब तहसीलदार केके मिश्रा ने तीन मामलों का निस्तारण कर दिया।

## राशन वितरण में धोखाधड़ी का आरोप, मुकदमा

बस्ती : हर्रैया पुलिस ने राशन वितरण में धोखाधड़ी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पूर्ति निरीक्षक रमेश कुमार वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत गोभिया के उचित दर विक्रेता के स्तर से राशन वितरण में नेबूलाल के साथ धोखाधड़ी की। पुलिस ने आरोपित शेरबहादुर सिंह के विरुद्ध धोखाधड़ी की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

## कोर्ट के आदेश पर बनी दीवार गिराई, केस दर्ज

बस्ती : नगर थाने के रोझिया गांव निवासी वंशदेव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कोर्ट के आदेश पर बनी उनके घर की दीवार को विपक्षियों ने गिरा दिया। मना करने पर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने बताया है कि तहरीर के आधार पर गांव निवासी राजू, शिवकुमार, मुसाफिर और संदीप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। (जासं)

# प्राणघातक हमले का आरोपित धराया

**जासं, पैकोलिया, बस्ती** : पैकोलिया थाना क्षेत्र के पिपराकाजी गांव में होली के दिन पानी फेंकने को लेकर हुए विवाद व प्राणघातक हमले के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को पैकोलिया थाने के उपनिरीक्षक संदीप यादव और उनकी टीम ने हड़ही बाजार से आरोपित बब्लू पुत्र शिवशंकर निवासी पिपराकाजी को गिरफ्तार कर लिया।

मामले में एक पक्ष की अनीता देवी पत्नी चंद्रबली ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बब्लू, उसकी पत्नी सीमा देवी और दो अन्य ने लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से उन पर हमला कर किया। इससे उन्हें व परिवार के अन्य सदस्य सुमन, शोभा व विन्ध्यवासिनी को गंभीर चोटें आईं। वहीं दूसरे पक्ष से सीमा देवी ने आरोप लगाया था कि गांव के ही अनीता, विंध्यवासिनी, शोभा व रामनोहर ने उसे व बब्लू के अलावा रामानंद व दिव्या को मारा पीटा। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

# दो समुदायों में विवाद, गांव में पुलिस बल तैनात

- बच्चे को साइकिल की ठोकर लगने के बाद हुआ था विवाद
- महिला ने लगाया था गांव से पलायन करने का पोस्टर



असनहरा गांव में तैनात पुलिसकर्मी •जागरण

**जागरण संवाददाता, बभनान, बस्ती:** पैकोलिया थानाक्षेत्र के असनहरा गांव में पूर्व प्रधान के बेटे को साइकिल से ठोकर मारने को लेकर दो समुदाय से जुड़े लोगों के बीच हुए विवाद के कारण गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। आरोप है कि एक समुदाय विशेष के लोगों ने पूर्व महिला प्रधान के घर चढ़कर मारपीट की। मामले में जब पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की तो पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। पुलिस की रवैया से नाराज महिला प्रधान ने घर पर न्याय न मिलने के चलते गांव से पलायन करने का पोस्टर लगा दिया। जिसके बाद क्षेत्राधिकारी हर्रैया शेषमणि उपाध्याय गांव में पहुंचे और मामले की छानबीन की। बाद में पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध नामजद सहित अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

**यह था मामला:** पैकोलिया थाना क्षेत्र के असनहरा निवासी पूर्व प्रधान मीना देवी पत्नी काली प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि होली के दिन उनका पुत्र दिव्यांशु घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच गांव का ही नियामत साइकिल लेकर आया और उनके बेटे को ठोकर मार दिया। इसी बात को लेकर मीना के पति काली प्रसाद ने नियामत को डांट दिया तो वह घर चला गया। थोड़ी देर बाद नियामत अली अपने घर गया और शाहिद उर्फ चुल्लुर, सैदा हुसैन, नियामत अली, अकेला, शमीम, ऐशबानो, कल्लू, फैज मोहम्मद की पत्नी और तीन-चार अन्य लोगों के साथ लाठी डंडा लेकर उनके घर पर चढ़ गए। अपशब्द कहते हुए मीना और उनके उनके परिवार वालों को मारा पीटा। घर में रखा चारपाई, कुर्सी आदि तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। उसका मंगलसूत्र भी छीन लिया।

थानाध्यक्ष पैकोलिया योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि आरोपितों की तलाश के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रुपये छीनने का आरोपित गिरफ्तार

## सीएससी संचालक की आंख में स्प्रे कर दिया था घटना को अंजाम, रुपये के साथ दबोचे

**जागरण संवाददाता, हरैया, बस्ती :** हरैया पुलिस ने शुक्रवार की शाम भदावल स्थित एसबीआइ के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक की आंखों में स्प्रे कर 10 हजार रुपये की छिनैती के आरोपित को केशवापुर बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित अजय कुमार निवासी बाछनपुर थाना हरैया के पास से 10 हजार रुपये, एक मोबाइल फोन तथा एचडीएफसी बैंक का पासबुक बरामद किया गया है।



ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से रुपये छीनने के आरोपित की जानकारी देते सीओ शेषमणि उपाध्याय और प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह • सौ. पुलिस प्रशासन

यह जानकारी शनिवार को दिन में पुलिस क्षेत्राधिकारी हरैया शेषमणि उपाध्याय ने हरैया थाने पर पत्रकारों से बातचीत में दी। बताया कि हरैया थाना क्षेत्र के बिजरा निवासी संदीप कुमार भदावल में भारतीय स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र का संचालित करते हैं। आरोपित अजय कुमार शाम चार बजे ग्राहक सेवा केंद्र पर पहुंचा। वहां संदीप कुमार से अपनी मां द्वारा पैसा निकालने और खाते से ट्रांसफर करने के बारे में जानकारी लेकर बाहर चला गया। इसके बाद वह शाम करीब छह बजे वहां फिर पहुंचा। उस समय संदीप कुमार ग्राहक सेवा केंद्र पर अकेले बैठे थे। वह अपना हिसाब किताब कर रुपये बैग में रख रहे थे कि तभी आरोपित अंदर पहुंचा और संदीप की आंखों में मिर्ची जैसे जलन वाला कोई स्प्रे उनकी आंखों में डालकर रुपयों वाला बैग छीनने का प्रयास किया। संदीप ने हाथों से बैग को पकड़ कर चिल्लाने लगा। इसी बीच आरोपित ने बैग का चैन खोलकर उसमें रखा रुपया लेकर भाग निकला।

पीड़ित की सूचना पर पहुंची हरैया पुलिस ने संदीप को सीएचसी हरैया पहुंचाया। इसके बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को खोजबीन करने जुट गई। इसी बीच वाहन चेकिंग के दौरान आरोपित को पकड़ लिया गया।

पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह पुणे महाराष्ट्र में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। वहां भी इस प्रकार की दो घटनाएं करने का प्रयास किया था। सीओ ने बताया कि आरोपित का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

आरोपित को गिरफ्तार करने में हरैया थाने के हेड कांस्टेबल इंद्रेश यादव ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें 15 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है। आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह के अलावा उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सोनी, का. इंद्रेश यादव, राकेश कुमार यादव भी शामिल रहे।

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**कप्तानगंज।** पुलिस ने गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कप्तानगंज रोहित उपाध्याय ने बताया कि शनिवार को दिन में करीब ढाई बजे महुआरी मोड़ से आरोपी रजनीश तिवारी निवासी फरदापुर थाना हरैया को पकड़ा गया। तलाशी में उसके कब्जे से 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ। संवा

# विहरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारा पीटा, मुकदमा

**बस्ती:** हरैया थाना क्षेत्र के विहरा गांव निवासी रवि कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षीगण द्वारा उनको तथा उनके भाई लवकुश को मारापीटा गया। अपशब्द कहते हुए जान माल की धमकी दी। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग भी किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बलराम, विकास राज पटेल व मुकेश निवासी विहरा के विरुद्ध भादवि की धाराओं के साथ ही एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं छावनी थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर निवासी श्यामलाल की तहरीर पर रविंद्र, रामलौट, मनोज व अमित के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अस्पताल कर्मी से मारपीट के मामले में क्रास केस

**जासं, भानपुर, बस्ती** : सोनहा थानाक्षेत्र के भानपुर में संचालित पब्लिक हास्पिटल की महिला कर्मचारी से मारपीट व अस्पताल में तोड़फोड़ करने के आरोप में एक युवक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं आरोपित युवक की तहरीर पर पुलिस ने सपा नेता समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

भानपुर अस्पताल रोड पर राकेश यादव व उनके भाई रामकेश यादव द्वारा एक निजी अस्पताल का संचालन किया जाता है। अस्पताल की महिला कर्मचारी साक्षी गौतम ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र के सिसवा खुर्द निवासी सुंदरम शुक्ला होली के दिन हास्पिटल पर पहुंचकर दो सौ रुपये मांगने लगे। न देने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपशब्द कहने लगे। मना करने पर मारापीटा व धमकी दी। आरोपित सुंदरम शुक्ला ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि सोनहा से घर वापस लौटते समय पब्लिक हास्पिटल के संचालक राकेश यादव व उनके भाई राम केश यादव, सपा नेता जितेंद्र यादव व अमर पटवा निवासी भानपुर ने उसे रोककर लाठी डंडे से मारापीटा। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि साक्षी गौतम की तहरीर पर सुंदरम शुक्ला के विरुद्ध मारपीट, तोड़फोड़ करने सहित एससी, एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं सुंदरम शुक्ला की तहरीर पर राकेश यादव, रामकेश यादव, जितेंद्र यादव व अमर पटवा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। सुंदरम शुक्ला को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान भी किया गया है।

# हरा पेड़ कटवाने पर केस

**दुबौलिया, बस्ती :** दुबौलिया थानाक्षेत्र के बेमहरी गांव में नीम, जामुन व अन्य पेड़ कटवाने के आरोप में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कप्तानगंज के रेंजर ज्ञान प्रकाश गौतम ने बताया बेमहरी गांव में बिना किसी आदेश के जामुन, नीम व अन्य पेड़ कटवाए जा रहे थे। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सात पेड़ नीम, दो पेड़ जामुन व एक पेड़ शीशम के काटे जाने पर बागान के मालिक रामचंद्र सिंह तथा पेड़ काटने वाले प्रेमचंद एवं उनके भाई अर्जुन पर पेड़ काटने के आरोप में केस दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गई।

# धोखाधड़ी कर ले लिया 17 लाख रुपये, मुकदमा दर्ज

**बस्ती:** कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। दरिया खां गांधीनगर निवासी वाहिद खान का आरोप है कि एक प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी ने धोखाधड़ी करके 17 लाख रुपये कंपनी में लगाने के नाम पर ले लिया गया। रुपये वापस नहीं किया गया। पुलिस ने कंपनी के कर्मचारी पर केस दर्ज किया है। मामले की विवेचना गांधीनगर चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

# पति सहित तीन पर मारपीट और दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, सौनहा, बस्ती:** स्थानीय पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर थाना क्षेत्र के सिसवा खुर्द निवासी पति प्रिंस शुक्ल, ससुर दिलीप शुक्ल व सास गुड़िया देवी के विरुद्ध मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। भानपुर की रहने वाली गौरी पांडेय का कहना है कि उनके पिता राजेश पांडेय ने जुलाई 2022 में उनकी शादी सिसवा खुर्द के प्रिंस शुक्ल के साथ की थी। सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था।

शादी में ही विदाई भी हो गई थी। ससुरालवालों द्वारा दो लाख रुपये व बाइक के लिए तभी से प्रताड़ित किया जा रहा था। 18 फरवरी को उनके द्वारा मारपीट कर घर से निकाला जा रहा था। मौके पर पहुंचे उसके पिता को भी मारापीटा गया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# चार के विरुद्ध मारपीट व छेड़खानी का मुकदमा

सोनहा, बस्ती : थाना क्षेत्र के एक गांव की बालिका की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही मानेंद्र, नरेंद्र, नागेंद्र व प्रभात के विरुद्ध मारपीट व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि 6 फरवरी को उसकी भैंस रस्सी तोड़कर नरेंद्र के घर पहुंच गई। नरेंद्र व प्रभात भैंस को मारने लगे। विरोध करने पर मानेंद्र व नागेंद्र भी वहां पहुंच गए। उनके द्वारा उसके पिता, बहन व भाई को बुरी तरह से मारा पीटा गया। आरोप लगाया कि उससे छेड़खानी भी की गई। (जास)

# अपने धार्मिक स्थलों के बारे में रखें जानकारी : आइजी



जूनियर हाईस्कूल हर्रैया मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काट कर शुभारंभ करते आइजी आरके भारद्वाज, विधायक अजय सिंह व अन्य •जागरण

**जागरण संवाददाता, हर्रैया, बस्ती** : मखौड़ा मनवर महोत्सव के उपलक्ष्य में जूनियर हाईस्कूल हर्रैया के मैदान में शनिवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि आइजी आरके भारद्वाज और विधायक अजय सिंह ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। कहा कि इस क्षेत्र में भगवान श्रीराम से जुड़ा धार्मिक स्थलों का बड़ा ही महत्व हैं। इसकी जानकारी रखना जरूरी हैं। ऐसे आयोजनों से मखौड़ा की पहचान हो रही हैं। मखौड़ा महोत्सव को प्रदेश व देश के पटल पर लाना हैं। विधायक अजय सिंह ने कहा कि महोत्सव मखौड़ा का विकास काशी, मथुरा की तर्ज पर करने के प्रयास हो रहा हैं। क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। महोत्सव के जरिए क्षेत्र के लोगों को अपने कला का प्रदर्शन करने का यह एक सुनहरा अवसर है। वहीं शाम को एसडीएम गुलाब चंद्र ने भी क्रिकेट मैच में शिरकत किया। उन्होंने खिलाड़ी को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेंद्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रमजोत महेंद्र प्रताप सिंह, परशुराम सिंह मुन्ना, अर्जुन सिंह प्रधान, ब्लाक प्रमुख परशुरामपुर शिरीष पांडेय, श्रवण, रामबक्स सिंह, वरुण सिंह, नीरज शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

# मंदबुद्धि दिनेश लापता, अपहरण और गुमशुदगी में उलझी पुलिस

## परिजनों ने गांव के प्रधान पर लगाया अपहरण का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** रुधौली थाना क्षेत्र के गांव निवासी पांच बीघा जमीन के मालिक एक मंदबुद्धि का लापता होना अब पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया है। युवक के लापता होने के बाद जहां परिजनों ने ग्राम प्रधान पर अपहरण का आरोप लगाया है, वहीं दूसरी ओर पुलिस परिस्थितियों के आधार पर युवक का अपहरण मानने को तैयार नहीं है। ग्राम प्रधान ने भी आरोपों को निराधार बताया है।

बताते दें कि थाना क्षेत्र की करमाहिया निवासी नीलम ने मुख्यमंत्री समेत डीआईजी, आईजी, एसपी व डीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थी के देवर दिनेश कुमार उपाध्याय मंदबुद्धि के हैं। जो अक्सर बिना बताए घर से गायब हो जाते हैं। कई बार उन्हें खोज कर घर लाया गया। कोरोना काल के समय देवर दिनेश कुमार उपाध्याय बिना बताए घर से कहीं चले गए। हाल ही में पता चला कि उनके देवर गुजरात प्रांत के वायड में एक मंदबुद्धि सेवा संस्थान में मौजूद हैं। जब उनके परिवार के लोग दिनेश को लेने के लिए सेवा संस्थान पहुंचे, तो वहां पता चला कि मंदबुद्धि देवर को उनके ग्राम के प्रधान महेंद्र सिंह दिसंबर-2022 में ही अपनी जिम्मेदारी पर लेकर चले गए हैं।

### प्रधान बोले, मैं खुद एसपी से मिलकर दिनेश को ढूंढने का आग्रह करूंगा

नीलम ने अपने देवर का अपहरण का आरोप लगाते हुए देवर को बरामद करने की मांग की है।

ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह ने बताया कि दिनेश इस तरह से पहले भी कई बार लापता हुए हैं। परिवार की ओर से लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार का कहना है कि पुलिस लगातार दिनेश को ढूंढने का प्रयास कर रही है। जल्द ही वह अपने परिवार के बीच में होंगे। आरोपों की भी जांच की जा रही है।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** मुंडेरवा पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अरविन्द शाही ने बताया कि चोरी की वारदात की जांच में सूरज उर्फ मुर्गाहे निवासी सिसवा माफी थाना मुंडेरवा का नाम प्रकाश में आया था। मुखबिर की सूचना पर आरोपी सूरज को टीम ने शनिवार को देवरिया मंदिर के पास बाग से गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# मिर्ची वाला स्प्रे डालकर लूट का प्रयास, गिरफ्तार

## पुलिस अधीक्षक ने आरोपी को दबोचने वाले कांस्टेबल को किया पुरस्कृत

संवाद न्यूज एजेंसी

**हर्रैया।** सीएसपी संचालक की आंख में रासायनिक (मिर्ची वाला) स्प्रे डालकर दस हजार रुपये लूटकर भाग रहे लुटेरे को पुलिस ने केशवापुर गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी में विशेष प्रयास करने वाले कांस्टेबल इंद्रेश यादव को एसपी ने 15 हजार रुपये का पुरस्कार की घोषणा की है।

विजरा गांव निवासी संदीप कुमार (25) भदावल स्टेट बैंक के पास ग्राहक सेवा केन्द्र चलाते हैं। शुक्रवार को सीएसपी पर एक युवक आया और संदीप से रुपये निकासी की जानकारी लेकर सड़क पर इधर-उधर घूमता रहा। देर शाम जब संदीप लेनदेन का हिसाब करके रुपये लेकर निकलने वाले थे, तभी पहुंचे बदमाश ने उनकी आंख में



हर्रैया पुलिस ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक की आंखों में स्प्रे डालकर लूट के आरोपी के बारे में जानकारी देती हुई। संवाद

मिर्ची वाला स्प्रे छिड़क दिया। जलन से संदीप बिलबिला उठे और बचाओ बचाओ की गुहार करने लगे।

शोर सुनकर मकान मालिक सहित अन्य लोग जब तक पहुंचते तब तक लुटेरा भाग निकला। लोगों ने वारदात की सूचना पुलिस को दी, और पीड़ित को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। लौटने के बाद हिसाब किताब का मिलान करने पर पता चला कि बदमाश 10 हजार लेकर भागने में कामयाब हो चुका था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस

**सीएसपी संचालक लूटे थे 10 हजार रुपये, आरोपी से मोबाइल व सामान मिला**

केस दर्ज किया।

शनिवार को केशवपुर बाजार से बाछनपुर गांव निवासी अजय कुमार को पुलिस ने संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की। पीड़ित से युवक की पहचान कराने के बाद सख्ती बरती गई तो अजय ने वारदात में संलिप्तता स्वीकार कर ली। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल व बैंक पासबुक बरामद हुई है। थानाध्यक्ष शैलेष सिंह ने बताया कि आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि लूटपाट की वारदात करने वालों से सख्ती से निपटा जा रहा है। लोगों का भी सहयोग सर्वोपरि है।

# नवीन परती और बंजर जमीन से राजस्व टीम ने हटवाया कब्जा

## मुख्यमंत्री जनता दर्शन में शिकायत के बाद अफसरों ने दिखाई गंभीरता

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनहा।** भानपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत हसनापुर में नवीन परती और बंजर जमीन से शनिवार को राजस्व कर्मियों ने कब्जा हटवाया। बुलडोजर लेकर पहुंचे तहसीलदार भानपुर सतेंद्र सिंह ने पैमाइश कराकर जमीन कब्जा मुक्त कराई।

उल्लेखनीय है कि हसनापुर गांव के रवींद्र यादव ने मुख्यमंत्री जनता दर्शन में मामले की शिकायत की थी। मुख्यमंत्री का निर्देश मिलने के बाद गांव में गाटा संख्या-441 में बंजर 392 एअर और गाटा संख्या-446 में 53 एअर नवीन परती जमीन की पैमाइश राजस्व कर्मियों ने की।

तहसीलदार भानपुर सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि गांव के ही अजय यादव, गोकुल, भवानी, श्रीराम व





भानपुर के ग्राम पंचायत हसनापुर में जमीन की पैमाइश करते अधिकारी।(दाएं) अतिक्रमण हटाती जेसीबी। संवाद

रामनेवास ने जमीन पर झोपड़ी रखकर कब्जा किया था। जिसे कब्जा मुक्त कराया गया, जबकि पक्के मकान को हटाने के लिए धारा-67 की नोटिस दी गई है।

इसी क्रम में रामनगर ब्लॉक के चंदोखा और बरगदवा गांव में स्थित तालाब के जीर्णोद्धार के लिए शनिवार को राजस्व टीम ने पैमाइश की गई। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक तिलक राम यादव, लेखपाल संतोष चौधरी, विकास यादव, शंकर, राजनाथ सिंह, करूणेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### दीवार ढहाने का मुकदमा कराया

**बस्ती।** नगर थाने में तहरीर देकर रोझिया निवासी वंशदेव ने आरोप लगाया कि कोर्ट के आदेश पर बनी उनके घर की दीवार को विपक्षियों ने गिरा दिया। मना करने पर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। थानेदार जनार्दन प्रसाद ने बताया कि तहरीर के आधार पर गांव निवासी राजू, शिवकुमार, मुसाफिर और संदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। संवाद

# जबरन राशन लेने पर मुकदमा दर्ज कराया

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** हर्रैया थाना क्षेत्र के ग्राम गोभिया में कोटेदार का राशन दबंग के हथियाने व अपने परिवार के तीन सदस्यों के नाम राशन कार्ड बनवाने का मामला संज्ञान में आया है। इस मामले में डीएम प्रियंका निरंजन की संस्तुति पर आपूर्ति निरीक्षक रमेश वर्मा की तहरीर पर हर्रैया थाने में धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

सिंगल स्टेप डिलीवरी के प्रतिनिधि श्रीराम विश्वकर्मा ने डीएसओ सत्यवीर सिंह से शिकायत की कि ग्राम पंचायत गोभिया का खाद्यान्न शेर बहादुर सिंह नाम के व्यक्ति ने अपने घर पर जबरन कई बार उतरवाया है। खाद्यान्न यातायात के प्रपत्रों में उसी ने हस्ताक्षर किए। सितंबर-2022 में शेर बहादुर ने गेहूं का चालान जबरन कब्जे में ले लिया। इन प्रपत्रों पर उचित दर विक्रेता रामबचन के फर्जी हस्ताक्षर कर शेर बहादुर ने अपने यहां खाद्यान उतारने का दावा किया है। प्रकरण की जांच डीएसओ सत्यवीर सिंह ने कराई तो तमाम अनियमितताएं सामने आईं।

## आरोपी ने घर के तीन सदस्यों का बनवाया है राशन कार्ड

डीएसओ ने बताया कि जांच में यह मामला संज्ञान में आया है कि शेर बहादुर सिंह के घर में तीन राशन कार्ड चल रहे हैं। इस पर कार्रवाई करते हुए संबंधित के खिलाफ डीएम की संस्तुति पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपी ने पत्नी व पुत्र के नाम से राशन कार्ड बनवाया है। इस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा हत्या के प्रयास का मुख्य आरोपी

## होली के दिन दो पक्षों में हुई थी मारपीट, बबलू पर हमला करने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**पैकोलिया।** पुलिस ने होली के दिन पानी फेंकने को लेकर हुई मारपीट में कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है।

थानाक्षेत्र के पिपराकाजी गांव में होली के दिन शाम को बच्चों के पानी फेंकने के विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी से मारपीट हो गई। पुलिस ने अनीता पत्नी चन्द्रबली की तहरीर पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल करने के मामले में बबलू, उनकी पत्नी सीमा तथा दो अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था।

थानाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार ने बताया कि शनिवार समय 11.15 बजे सूचना मिली कि हत्या के प्रयास का मुख्य आरोपी हड़ही बाजार तिराहे पर खड़ा है, जो कहीं भागने के फिराक में है।

पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले को लेकर पूरी गंभीरता और सक्रियता से काम किया जा रहा है। इस मामले में शामिल अन्य की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# पति सहित तीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

## पत्नी का आरोप रिश्तेदारों को मोबाइल पर भेजा आपत्तिजनक वीडियो

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनहा।** थाना क्षेत्र के भानपुर कस्बा निवासी विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत सास व ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

पुलिस को दी तहरीर में विवाहिता गौरी ने बताया कि उसकी शादी 28 जुलाई 2022 को हिंदू रीतिरिवाज से हुई। ससुराल में कुछ दिन तो ठीक रहा, मगर बाद में पति प्रिंस, सास गुड़िया, ससुर दिलीप शुक्ला उसे कम दहेज लाने का ताना देने लगे। यह लोग दो पहिया वाहन व दो लाख रुपये लाने के लिए दबाव डालने लगे।

पति तो अक्सर मारने पीटने भी लगे। 18 फरवरी को इन लोगों ने मुझे घर से भगा दिया, जब पिता मुझे वहां लेने पहुंचे तो उनसे भी पति व सास, ससुर ने मारपीट की। उन पर गाड़ी व दो लाख रुपये देने की चेतावनी दी। उस दिन के बाद से मायके में ही रह रहीं हूं।

इधर मेरे पति ने मेरी आपत्तिजनक वीडियो मेरे पिता व रिश्तेदारों को मोबाइल पर भेजकर मुझे परेशान करना शुरू कर दिया है। पुलिस ने गौरी की तहरीर पर पति प्रिंस, सास गुड़िया तथा ससुर दिलीप के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, अश्लील वीडियो वायरल करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दहेज के लिए मारपीट करने पर तीन पर केस दर्ज

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को मारनपीट कर घायल करने के मामले में केस दर्ज किया है। सिद्धार्थनगर कोतवाली क्षेत्र निवासी विवाहिता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी किरन की शादी छह जून 2022 को अमित निवासी अरदा थाना रुधौली के साथ हुई थी। दहेज की मांग को लेकर उसे ससुराल में लगातार प्रताड़ित किया गया। जानमाल की धमकी देते हुए मारापीटा गया, जिससे वह बेहोश हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति, सास व जेठानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। संवाद

## शादी तोड़ने की बात को लेकर धमकाया

**बस्ती।** गौर थाने में तहरीर देकर इटबहरा निवासी ओंकार सिंह ने आरोप लगाया कि शादी तोड़ने की बात को लेकर विपक्षी घर में घुस गए और महिलाओं को अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने नारायणपुर माझा निवासी सरमेन्द्र सिंह उर्फ बीरू और तीन-चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 12-03-2023

# जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण जरूरी:डीएम

इटवा (एसएनबी)। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का न्यायोचित एवं त्वरित तथा पारदर्शिता पूर्वक समयबद्ध निस्तारण करें इसमें किसी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उक्त जानकारी ज़िलाधिकारी संजीव रंजन ने इटवा तहसील क्षेत्र के मिश्रौलिया थाना पर आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर दिया है उन्होंने पुलिस तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित देते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेकर इसका शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण व निष्पक्ष निस्तारण करें। भूमि संबंधी विवाद के लिए राजस्व तथा पुलिस की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर समस्याओं का निस्तारण कराये पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शीघ्र करें। जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उस पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को समय के प्रेषित करें। जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके । उन्होंने मिश्रौलिया थाना का निरीक्षण कर कमियों को सुधार करने के लिए प्रभारी निरीक्षक मोती लाल को आवश्यक निर्देश दिया है। इस अवसर पर पुलिस तथा राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



मिश्रौलिया थाना का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक। फोटो : एसएनबी

# साहब ! नाना ने दिया था घर अब किया जा रहा बेदखल

## समाधान दिवस में छलका महिला का दर्द, प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

संवाद न्यूज एजेंसी

तुलसियापुर। ढेबरुआ थाने में शनिवार को नायब तहसीलदार महबूब आलम की अध्यक्षता में समाधान दिवस में छह मामले आए। अधिकतर जमीन विवाद के थे। इस दौरान तीन मामलों का निपटारा कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के बढ़नी के वार्ड नंबर तीन लोहिया नगर की गुड़िया ने प्रार्थना पत्र दिया कि उसकी नानी उसे घर से निकाल रही हैं, जबकि यह घर उसके नाना ने उसकी सेवा से खुश होकर दिया था।

महिला के मुताबिक, वह अपने पति व बच्चों के साथ दस वर्ष से बढ़नी के वार्ड नंबर तीन लोहिया नगर में अपने नाना व नानी के घर में रह रही है। वह दोनों की सेवा कर रही थी। उसके नाना उसकी सेवा पर खुश होकर उसे उस घर को दे दिया था।

एक वर्ष पहले उसके नाना रामनेवास चौरसिया का निधन हो गया। उसके बाद उसकी नानी चिनका देवी दो माह तक उसके पास रहीं और दो माह बाद वह अपने भाई के पास रहने चली गईं।

पहले तो नानी के भाई ने कई बीघे खेत का बैनामा करवा लिया। उसके बाद नानी अपने भाई के कहने पर उसे बढ़नी स्थित घर से निकाल रही हैं। दूसरी तरफ, चिनका देवी ने बताया कि पति की मौत के बाद उसकी नातिन ने उसकी सेवा करने से मना कर दिया और वह अपने भाई के घर रहने लगी। वह घर मेरे पति का है और उस पर मेरा हक है।

इस दौरान मौजूद नायब तहसीलदार महबूब आलम व एसएचओ छत्रपाल सिंह ने दोनों को न्यायालय की शरण लेने की सलाह दी। इसी दौरान बढ़नी श्मशान घाट की जमीन पर शवदाह गृह के निर्माण को तब तक रोकने के लिए निवेदन किया, जब तक श्मशान घाट पर किए गए अवैध कब्जे को हटा न दिया जाए। नायब तहसीलदार ने राजस्व टीम से पैमाइश करवाने का निर्देश भी दिया।



ढेबरुआ थाने में समस्याएं सुनते नायब तहसीलदार महबूब आलम। संवाद

# होली से वापस लौटने को मारामारी, ट्रेनें फुल तो बसों में सीटें खाली

- ट्रेनों में आरक्षित को छोड़ जनरल में भी रस्साकशी
- रोडवेज का किराया अधिक होने से ट्रेनों में उमड़ी भीड़

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। होली का त्योहार खत्म होने के बाद यात्री अब गंतव्य को लौट रहे हैं। ट्रेनें फुल होने से आरक्षण के लिए भी मारामारी हो रही है। रोडवेज की बसों में लंबी दूरी तक आवागमन न होने व किराया अधिक होने से बसों में सीटें खाली चल रही हैं।

रंगों के त्योहार होली खत्म होने के बाद बड़े शहरों में रह रहे लोग व पढ़ाई के लिए महानगरों में रह रहे छात्रों के लौटने की शुरुआत हो चुकी है। सिद्धार्थनगर समेत जिले के सभी रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ देखी जा रही है। दिल्ली और मुंबई के लिए ट्रेनें फुल हो चुकी हैं। आरक्षित श्रेणी की सीटें न मिलने पर जनरल के लिए भी मारामारी हो रही है। रोडवेज बसों की सुविधा लखनऊ, गोरखपुर, बस्ती आदि के लिए पर्याप्त है पर दिल्ली और मुंबई के लिए लोगों को सिर्फ ट्रेन का ही सहारा है। रोडवेज बसों में लंबी दूरी की सुविधा के साथ ही लखनऊ, गोरखपुर आदि स्थानों के लिए चलाई जा रही बसों में भी यात्रियों का टोटा है। ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। अप और डाउन लाइन की गाड़ियों में आरक्षण की लंबी वेटिंग चल रही है। ऐसे में त्योहार पर घर आए यात्रियों को ट्रेन में टिकट के लिए मारामारी करनी पड़ रही है। हालत यह है कि रोडवेज की बसों में



शनिवार को सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़। • हिन्दुस्तान

सीटें खाली हैं। लखनऊ के लिए ट्रेन का किराया 120 से 135 तक ही लगता है जबकि रोडवेज में लखनऊ का किराया लगभग 250 रुपया है। ऐसे में यात्री ट्रेन से यात्रा करना सुरक्षित और मुफीद साबित समझ रहे हैं। सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन के कार्यवाहक स्टेशन अधीक्षक



सिद्धार्थनगर रोडवेज परिसर में खाली पड़ी बसें। • हिन्दुस्तान

उमाकांत सिंह ने बताया कि इस रूट पर निर्धारित ट्रेनों का संचालन हो रही है। जनरल के डिब्बों में भी भीड़ देखी जा रही है। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक जगदीश प्रसाद ने कहा कि लखनऊ, गोरखपुर, बलरामपुर, बस्ती, वाराणसी जैसे प्रमुख शहरों के लिए रोडवेज की बसें संचालित हैं।

# इलाज के नाम पर रुपये मांगने व धमकी देने का लगाया आरोप

**जिला अस्पताल**

- पीड़ित ने सदर थाने में तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग
- पीआईसीयू वार्ड में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों पर लगा आरोप

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। बांसी कोतवाली क्षेत्र के श्यामनगर मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने बच्चे के इलाज के नाम पर माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध जिला अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों पर रुपये मांगने और धमकी देने का आरोप लगाया है। उसने सदर थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

बांसी कोतवाली क्षेत्र के श्यामनगर मोहल्ला निवासी सुशील सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पांच माह की बच्ची रिमझिम की तबीयत चार मार्च को खराब हो गई थी। वह उसे लेकर जिला अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में पहुंचा। वार्ड में पहुंचे तो मौजूद स्टाफ नर्स और स्वास्थ्यकर्मी की ओर से डॉक्टर के न होने की बात कही गई। इलाज करने के लिए कहा गया तो आठ हजार रुपये की मांग की गई। इस पर विरोध किया तो उन्होंने कहा कि बिना रुपये का इलाज नहीं होता है। इसका विरोध किया तो जाने से मारने की धमकी देते हुए डिस्चार्ज कर दिया। बच्ची की हालत दयनीय थी। उसे लेकर गोरखपुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहा हूं। उसने स्वास्थ्य कर्मियों पर गलत व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। आदेशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 52 वाहनों का काटा चालान

सिद्धार्थनगर। जनपद पुलिस ने शनिवार को यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 52 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 55500 रुपये शमन शुल्क वसूली की कार्रवाई की गई। साथ ही आम जन को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने को प्रेरित किया गया। प्रभारी यातायात अमरेश कुमार ने बताया कि जोगिया, बांसी, पथरा बाजार, उस्का बाजार, सनई चौराहा व साड़ी तिराहा सहित अन्य स्थानों पर आम जन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# डीएम और एसपी ने मिश्रौलिया थाने में सुनीं लोगों की फरियाद

# समस्याओं का तय समय में करें निदान: डीएम

- तीन मामलों में से एक का भी नहीं हो सका निस्तारण
- एसपी ने मिश्रौलिया थाने का किया गहन निरीक्षण

मिश्रौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। मिश्रौलिया थाने में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में डीएम संजीव रंजन और एसपी अमित कुमार आनन्द ने फरियादियों की फरियाद सुनीं। यहां तीन मामले आए पर एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। सभी मामलों के निस्तारण के लिए टीमें गठित कर तय समय में निदान करने का निर्देश दिया गया।

समाधान दिवस में पहुंचे डीएम-एसपी ने एक-एक कर सभी फरियादियों की फरियाद सुनीं। साथ ही जिम्मेदारों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि समाधान दिवस में सभी गम्भीरता दिखाएं। यहां जो भी मामले आएं उनमें फरियादियों को त्वरित न्याय मिले ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। जहां शिकायतें मौके पर निस्तारित न हों वहां टीम गठित कर तय समय में जांच कराकर उसका समाधान कराएं। एसपी ने कहा कि किसी भी कमजोर को दबाया न जाए। अगर कोई उन्हें परेशान करता है तो पुलिस के लोग वहां पहुंचे और उचित कार्रवाई करें।

**एसपी ने किया थाने का निरीक्षण**

समाधान दिवस के बाद एसपी ने थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने बैरक, कार्यालय, महिला हेल्पडेस्क, अभिलेख आदि का जायजा लिया। परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था भी देखी। उन्होंने गश्त में तेजी लाने और बैंकों के पास चेकिंग नियमित रूप से करते रहने के निर्देश दिए।



मिश्रौलिया थाने में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में डीएम संजीव रंजन व एसपी अमित कुमार आनन्द ने फरियाद सुनीं। • हिन्दुस्तान

**12 में से निपटे पांच मामले:** त्रिलोकपुर थाने पर तहसीलदार धर्मवीर भारती की अध्यक्षता में 12 मामलों में से पांच मामलों का निस्तारण मौके पर हो गया। बचे मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठित की गई।

**अफसरों ने सुनीं फरियाद, चार मामले का निस्तारण:** डुमरियागंज। डुमरियागंव व भवानीगंज थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में अफसरों ने फरियाद सुनीं। दोनों थानों में अफसरों के सामने 14 मामले आए। एक मामले का निस्तारण हुआ। भवानीगंज थाने में एसडीएम कुणाल व डुमरियागंज में तहसीलदार अरुण कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। एसडीएम ने अफसरों को निर्देशित किया कि फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लें ताकि उन्हें न्याय निष्पक्ष रूप से मिल सके। उन्होंने कहा कि जब लोगों की समस्याएं यहीं पर निपट जाएंगी तो फरियादियों को भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। भवानीगंज में नौ मामले में से राजस्व के एक मामले का निस्तारण हुआ। वहीं डुमरियागंज में पांच मामले आए। यहां तीन मामले का निस्तारण हुआ। लोटन कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस में सीओ अखिलेश वर्मा ने फरियाद सुनीं। यहां दो फरियादी आए और दोनों के मामलों का समाधान हो गया।

# बीएसए ने शिक्षिका को भेजा नोटिस

सिद्धार्थनगर। एसटीएफ की जांच में नौगढ़ विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बसडिलिया में कार्यरत शिक्षिका अमिता शुक्ला के अभिलेख फर्जी मिले हैं। इसके बाद बीएसए ने संबंधित शिक्षिका को नोटिस देकर अपने मूल अभिलेखों के साथ कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया। नोटिस मिलते ही वह विद्यालय में उपस्थित नहीं हो रही हैं।

शिक्षिका का जवाब न मिलने पर दुबारा नोटिस दिया गई। उसके बाद भी शिक्षिका हाजिर नहीं हुई। बता दें कि एसटीएफ को अमिता शुक्ला नाम की शिक्षिका एक ही अंकपत्र पर फतेहपुर के अलावा बुलंदशहर ,बलरामपुर व सिद्धार्थनगर में कार्यरत मिली हैं। बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि नियमानुसार संबंधित शिक्षिका को नोटिस देकर मूल अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है इसके बाद बर्खास्तगी कर प्राथमिकी दर्ज कराया जाएगा और वेतन रिकवरी होगी।

## विभाग ने थमाया नोटिस शिक्षिका हुई फरार

**जासं, सिद्धार्थनगर** : एसटीएफ ने एक ही नाम से चार जनपदों में शिक्षिका की तैनाती का खुलासा किया तो जनपद में नियुक्त शिक्षिका को विभाग ने नोटिस थमाकर अभिलेख मांगा है। नोटिस मिलने के बाद से ही शिक्षिका अपनी ड्यूटी छोड़कर फरार हो गई है। विभाग अब उसे तीसरी नोटिस भेजने की तैयारी कर रही है।

एसटीएफ ने जनवरी के अंतिम सप्ताह में बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पत्र भेजकर अवगत कराया कि अमिता शुक्ला नाम की शिक्षिका फतेहपुर जनपद के विजईपुर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बरहा में कार्यरत हैं। इन्हीं के नाम पर बुलंदशहर _बलरामपुर व सिद्धार्थनगर में भी शिक्षिका कार्यरत हैं।

जांच में इन सभी के हाईस्कूल, इंटर व स्नातक के अंकपत्र एकसमान पाए गए हैं। इस पर बीएसए ने नौगढ़ विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बसडिलिया में कार्यरत शिक्षिका अमिता शुक्ला का वेतन रोकते हुए नोटिस प्राप्त कराया कि वे अपने मूल अभिलेखों के साथ कार्यालय में उपस्थित हों। विभागीय सूत्रों के अनुसार नोटिस मिलने के बाद से वह विद्यालय से अनुपस्थित चल रही हैं।

निर्धारित समयसीमा में उपस्थित न होने पर विभाग ने दूसरा नोटिस भेजा और दस दिन में उपस्थित होने के लिए कहा। अभी तक शिक्षिका उपस्थित नहीं हुई। बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि नियमानुसार संबंधित शिक्षिका को नोटिस देकर मूल अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। दूसरी नोटिस की समयसीमा समाप्त होते ही सोमवार को अंतिम नोटिस दी जाएगी।

इसके बाद भी उपस्थित न होने पर नियमानुसार बर्खास्तगी, वेतन रिकवरी व प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# गोताखोरों पर देते ध्यान, तो बचती लोगों की जान

**जासं, भवानीगंज, डुमरियागंज :** आपात स्थिति में आने पर नदी हो या तालाब जान की परवाह किए बिना पानी में कूदकर किसी की जान बचाना ये अपना धर्म समझते हैं। प्रशासन इनपर ध्यान नहीं देता। जरूरत के वक्त इनसे मदद तो लेता है, लेकिन काम निकलने के बाद इन्हें भूल जाता है। यदि प्रशासन के पास प्रशिक्षित गोताखोर होते तो शोहरतगढ़ में हुई घटना में डूबने वालों को बचाया जा सकता था।

तहसील क्षेत्र के गोताखोरों का कोई पुरसाहाल नहीं है। आधा दर्जन की संख्या में पुश्तैनी गोताखोरों को प्रशासन हमेशा संकट के समय ही याद करता है। जनता की आस भी इन पर टिकी रहती है। डूबते हुए को बचाना, यदि जान भी चली गई हो तो शव को खोजना इनकी जिम्मेदारी बन जाती है। दिन हो या रात गर्मी हो अथवा वर्षा सदैव सेवा इनका काम रहता है। यदि तहसील स्तर पर



प्रशासन की ओर से मिला पहचान पत्र दिखाते तहसील क्षेत्र के गोताखोर ● जागरण

गोताखोरों को प्रशासन सुविधा मुहैया कराए तो शोहरतगढ़ जैसी घटना रोकी जा सकती थी। डुमरियागंज में कुछ गोताखोरों की तैनाती थी, जिसके लिए कुछ वर्ष पूर्व तत्कालीन एसडीएम ने सभी के लिए पहचान पत्र भी जारी किया था। संकट के समय इन्हें बुलाया जाता है, परंतु मानदेय अथवा किसी भी मद से इनको कोई सहयोग नहीं किया जाता है। जब कोई लावारिस शव को नदी या तालाब से निकालते हैं तो बाद में गवाही देने के लिए अपना किराया वहन करके जाना पड़ता है। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के अमरनाथ, भवानीगंज के बिथरीया निवासी कमरूद्दीन, सिराजुद्दीन, रियाजुद्दीन, भाईलाल, अमरनाथ, मो. उमर का कहना है कि जिले में कहीं भी नदी में शव खोजकर निकालने के लिए बुलाया जाता है। और हम लोग इसे अपना धर्म समझते हैं । एसडीएम कुणाल ने कहा कि यह समस्या उनकी जानकारी में है। गोताखोरों को पहचानपत्र व कुछ मानदेय की व्यवस्था कराई जाए।

# पुलिस ने दी यातायात नियमों की जानकारी

**जासं, सिद्धार्थनगर:** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर यातायात पुलिस ने पीए सिस्टम (पब्लिक एड्रेस सिस्टम) के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस के जवानों ने वाहनों की जांच भी। इसमें 52वाहनों से 55500 रुपये शमन शुल्क के रूप में वसूल किया। कार को रोककर उन्हें आवश्यक रूप से सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया। यातायात प्रभारी अमरेश कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने जोगिया कस्बा, बांसी, पथरा बाजार, उसका बाजार, सनई चौराहा, साड़ी तिराहा आदि स्थानों पर पीए सिस्टम (पब्लिक एड्रेस सिस्टम) के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उसका पालन करने को प्रेरित किया।



सनई चौराहे पर कार चालक को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित करते यातायात पुलिसकर्मी • जागरण

## एक नजर में

### बंधक बनाए गए श्रमिकों को सदर पुलिस ने भेजा घर

सिद्धार्थनगर : सदर थाना की पुलिस ने शनिवार को बरेली के 40 ईंट भट्ठा श्रमिकों को उनके घर भेजने की व्यवस्था की। धौरीकुईया गांव स्थित एक ईंट भट्ठा में यह सभी श्रमिक मजदूरी करने के लिए आए थे। इन्हें भट्ठे का मुंशी घर नहीं जाने दे रहा था। बरेली से स्वजन ने 112 नंबर पर बंधक बनाने की सूचना दी। इसे संज्ञान में लेने के बाद सदर थाना पुलिस ने श्रमिकों का हिसाब-किताब कराया। बरेली से 40 श्रमिकों का दल ईंट भट्ठा पर काम करने के लिए आया था। होली पर यह सभी घर जाने की तैयारी करने लगे। लेकिन मुंशी ने इन्हें नहीं जाने दिया। यहां से किसी श्रमिक ने अपने घर पर सूचना दी। 112 कंट्रोल रूम ने सदर थाना को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। एसएचओ सदर सतीश कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंच सभी श्रमिकों को थाने पर लाया गया। ईंट भट्ठा के मालिक व कर्मी को भी बुलाया। (जासं)

# शिकायती पत्रों का हो शीघ्र निस्तारण : जिलाधिकारी





मिश्रौलिया थाने पर शिकायती पत्रों की जांच करते डीएम संजीव रंजन (बाएं) व एसपी अमित कुमार आनंद व मिश्रौलिया थाने पर समाधान दिवस के दौरान उपस्थित फरियादी ● जागरण

**जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर** : जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद शनिवार को मिश्रौलिया थाने पर पहुंचे और थाना समाधान दिवस की शिकायतों को सुना। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी शिकायती पत्र आएं उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। डीएम व एसपी की उपस्थिति में राजस्व संबंधित तीन मामले प्रस्तुत हुए। शिकायतें सुनी गईं। निर्देश दिए गए कि इसमें राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित की जाए और मौके पर भेजकर जांच कराते हुए इसका निस्तारण कराया जाए। डीएम व एसपी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों में गंभीरता दिखाई जाए और शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जो भी प्रार्थना पत्र हैं, मौके पर निस्तारित किए जाएं। जिन प्रार्थना का निस्तारण उच्चाधिकारियों के स्तर से किया जाना है। उन पर रिपोर्ट लगाकर संबंधित अधिकारी को प्रेषित करें, जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। प्रभारी निरीक्षक मोती लाल यादव सहित कानून गो, हल्का लेखपाल व संबंधित पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। बिस्कोहर प्रतिनिधि के अनुसार त्रिलोकपुर थाने पर तहसीलदार इटवा धर्मवीर भारती की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। कुल 12 मामले पेश हुए। पांच का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष के निस्तारण में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई। थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह, उप निरीक्षक राम प्रताप सिंह, शिव दास गौतम, बिजौरा चौकी प्रभारी पप्पू कुमार, बिस्कोहर चौकी प्रभारी राजेश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम से मिलकर व्यापारियों ने बताई समस्या

**जासं, जोगिया, सिद्धार्थनगर** : सड़क के निकट ऊंची नाली की समस्या को लेकर शनिवार को कस्बे के व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी सदर डा. ललित मिश्रा से मुलाकात की और उन्हें समस्या से होती परेशानियों को बताते हुए ज्ञापन दिया और इसके समाधान की मांग की।

रवि जायसवाल, नंदकिशोर जायसवाल, धर्मेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में करीब 20 व्यापारियों ने कहा कि दुकानों के सामने सड़क से सटे एनएच द्वारा मानक के अनुरूप नाली का निर्माण कराया गया। नाली सड़क से दो से तीन फुट ऊंची बना गई है। थानाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा कि सड़क पर वाहनों के खड़ा करने से दुर्घटना की आशंकी बनी रहती है। इसलिए सड़क के बजाए सुरक्षित स्थान पर इसे खड़ा करें। एसडीएम ने कहा कि जोगिया कस्बे के व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया है। समस्याओं के समाधान हेतु जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-03-2023

# फरार आठ अभियुक्त गिरफ्तार

धनघटा (एसएनबी)। पूर्व में अलग-अलग अपराधिक मुकदमों में नामजद होने के बाद पुलिस और न्यायालय से लगातार फरार चल रहे आठ अभियुक्तों को धनघटा पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लगातार फरार रहने के चलते गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों के खिलाफ सम्बन्धित न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी करते हुए धनघटा पुलिस को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया था। जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव निवासी रूपनरायन पुत्र विश्वनाथ, थाना क्षेत्र के हैंसर बाजार निवासी पवन कुमार पुत्र रामदरस, थाना क्षेत्र के तुर्कवलिया नायक गांव निवासी लक्ष्मन पुत्र प्रभु व पूजन पुत्र सितहू, थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव निवासी राम अचल पुत्र कमला यादव, थाना क्षेत्र के फुलुई गांव निवासी पारसनाथ सिंह पुत्र जगेश्वर सिंह व दुलारे केवट पुत्र फिरंगी तथा थाना क्षेत्र के हड़िया माफी राजदेव पुत्र सलगी के विरूद्ध पूर्व में अलग-अलग घटनाओं को लेकर अपराधिक मुकदमें धनघटा थाने पर दर्ज हुए थे। दर्ज मुकदमों की विवेचना पूरी कर पुलिस सम्बन्धित न्यायालय में काफी अरसे पूर्व ही आरोपपत्र भेज चुकी है लेकिन लगातार फरार रहने के कारण पुलिस अभी तक उक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। उक्त अभियुक्त सम्वन्धित न्यायालय में तारिख पेशी पर भी नहीं पेश हो रहे थे तो सम्बन्धित न्यायालय ने उक्त सभी अभियुक्तों के विरूद्ध गैर जमानती वारंट जारी करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करने का निर्देश धनघटा पुलिस को दिया था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने शनिवार को उक्त सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया जहां सभी की जमानत अर्जी खारिज कर न्यायालय ने सभी को जेल भेज दिया।

**धनघटा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव के निवासी है गिरफ्तार अभियुक्त**

# एक ही सम्पत्ति का दुबारा बैनामा करने के आरोप में आधा दर्जन नामजद

धनघटा (एसएनबी)। महुली पुलिस ने एक ही सम्पत्ति का दुबारा बैनामा करने के आरोप में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ जालसाजी और धोखाधड़ी करने के आरोप में शनिवार को मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के स्थानीय महुली गांव निवासी अखिलेश कुमार शर्मा पुत्र अयोध्या प्रसाद शर्मा ने बताया कि गांव निवासी शशिकिरन और प्रमोद के साथ मिलकर बीते 31 दिसम्बर वर्ष 2019 को उसने गांव स्थित गाटा संख्या 1 अ/ 0.145, 49/67 स/ 0.030 व 48 /667स 0.048 यानि 252. 04 वर्गमीटर जमीन का बैनामा कुल 32 लाख में महुली थानान्तर्गत देवकली खुर्द गांव निवासी सीमा त्रिपाठी पत्नी दिनेशचन्द त्रिपाठी से कराया था परन्तु बैनामें में 11 लाख बकाया जिसकी अदायगी बीते 8 जून 2020 को करने के बाद बैनामें की प्रक्रिया पूरी हो गयी। बैनामा पूर्ण होने के बाद वह उक्त भूमि पर बने मकान पर काबिज हो गया और मकान को दो लोगों को किराए पर भी दे दिया। बीते 5

**धोखाधड़ी**

अगस्त 2022 को कोतवाली गोरखपुर सदर के रानीबाग निवासी मिथुन सोनकर पुत्र छोटेलाल सोनकर व धनघटा थानान्तर्गत सेमरी गांव निवासी संतोष पाण्डेय पुत्र राममिलन पाण्डेय अपने दो अन्य अज्ञात साथियों के साथ बैनामा कराए गए मकान पर पहुंचे और एक स्टाम्पमय कागजात दिखाते हुए कहे कि उक्त मकान को वह देवकली खुर्द गांव निवासी दिनेशचन्द्र त्रिपाठी से खरीदा हूं और मकान को जल्द ही खाली करने का फरमान सुनाने लगे। इतना ही नहीं उक्त सभी ने मकान न खाली करने पर गाली देते हुए उसे जान से मारने की धमकी भी देने लगे। बाद में जानकारी करने पर पता चला कि उक्त दिनेशचन्द त्रिपाठी, उनकी पत्नी सीमा त्रिपाठी, संतोष पाण्डेय, मिथुन सोनकर ने जालसाजी करके षडयन्त्र से उसका मकान कब्जा करने की नियति से कूटरचित अभिलेख तैयार कराया है। जालसाजी करने वाले उक्त सभी को शातिर अपराधी बताते हुए पीड़ित अखिलेश कुमार शर्मा नें तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की मांग महुली पुलिस से की जिसके आधार पर पुलिस ने उक्त सभी चारो नामजद समेत दो अज्ञात के विरूद्ध आईपीसी की धारा 143,420, 467, 468, 504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# युवक की पिटाई की वीडियो वायरल

संतकबीरनगर (एसएनबी)। शहर कोतवाली खलीलाबाद के आजाद चौक पर आज दिन में कुछ युवकों द्वारा एक युवक को दौड़ाकर बेल्ट से पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मारपीट की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गयी। उक्त घटना में त्वरित कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को अभियुक्तगण द्वारा पीड़ित रामानन्द पुत्र इन्द्रजीत निवासी पड़ोखर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद सन्तकबीरनगर के साथ आजाद चौक के पास मारपीट की घटना कारित की गयी। इस सूचना पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर उक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम लगायी गयी थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस के उ.नि. कृष्णमोहन राव के द्वारा कां. अरविन्द तिवारी, कां. आशीष गौड़ के साथ उक्त घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों साहुल कुमार पुत्र रामसुभग तथा अनुज पुत्र दिनेश कुमार निवासीगण बड़ी सरौली थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। इस मामले में धारा 308, 323, 147, 504, 506 पंजीकृत किया गया है।

# युवती के साथ छेड़खानी, केस

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के स्थानीय एक गांव निवासी युवती को घर में अकेला जानकर एक मनबढ़ युवक शुक्रवार की शाम उसके घर में घुस गया और युवती के साथ छेड़खानी करने लगा। युवती द्वारा शोर मचाने पर पकड़े जाने के भय से आरोपी मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता को लेकर उसकी विधवा मां महुली थाने शनिवार को पहुंची और आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र दिया जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला ने बताया कि शुक्रवार को वह परिवार के लोगों के साथ एक शादी में शामिल होने के लिए गयी थी। घर पर उसकी 18 वर्षीय बेटी अकेले मौजूद रही जिसका फायदा उठाते हुए मुहल्ले का पंकज पुत्र वीरे नामक युवक शुक्रवार की शाम को उसके घर में घुस गया और बेटी के साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी करने लगा। बेटी ने आरोपी युवक के कृत्य का विरोध करते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग जबतक पहुंचे उससे पूर्व ही आरोपी पकड़े जाने के भय से फरार हो गया।

> महुली थानाक्षेत्र के एक गांव की घटना

तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक पंकज के खिलाफ आईपीसी की धारा 354, 452 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही नामजद आरोपी को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# थाना समाधान दिवस : चार थानों पर नतीजा शून्य

संतकबीरनगर/मेंहदावल/सेमरियावां/बखरा (एसएनबी)। जनपद के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल-थाना पर आयोजित थाना समाधान दिवस में आये फरियादियों की समस्याओं को सुना और प्राप्त प्रार्थनापत्रों की जांच करते हुए त्वरित निस्तारण कराया गया। अवशेष प्रकरणों के विधिक निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर, मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। जिले के सभी थानों पर कुल 41 प्रार्थनापत्र प्रस्तुत हुए। वहीं चार थानों पर मामले तो प्रस्तुत हुए लेकिन निस्तारण शून्य रहा। कोतवाली खलीलाबाद में आये 5 मामलों में से 2, थाना दुधारा में आये 3 मामलों में से 3 और थाना धनघटा में आये 5 मामलों में से 1, थाना बखिरा में आये 9 मामलों में से 4 मामलों को मौके पर निस्तारित किया गया। जबकि थाना महुली में 6, थाना मेंहदावल में 5, थाना बेलहर कला में 6 और थाना धर्मसिंहवा में 2 मामले प्रस्तुत हुए। इन थानों पर निस्तारण संख्या शून्य रही। इस प्रकार सभी थानों पर कुल 41 मामले प्रस्तुत हुए जिनमें से 9 मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ। शेष 32 मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया गया। जिले के थाना दुधारा में जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता तथा थाना मेंहदावल में उप जिलाधिकारी योगेश्वर सिंह व सीओ राजीव यादव ने फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुनकर निस्तारण कराया और लंबित शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। समाधान दिवस में मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतकर्ताओं का पक्ष सुनते हुए शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से करने हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अधिकारीगण-कर्मचारीगण मौजूद रहे।



थाना दुधारा में फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम संदीप कुमार, एसपी सत्यजीत गुप्ता तथा थाना मेंहदावल में पीड़ितों समस्याएं सुनते एसडीएम व सीओ।

# मारपीट पर उतारू सात लोग गिरफ्तार

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में मारपीट पर उतारू सात लोगों को धनघटा पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गाई वसन्तपुर गांव निवासी विशाल पुत्र श्रीनाथ यादव और विनय पुत्र श्रीनाथ यादव सगे भाई है। दोनों भाईयों के बीच घरेलू विवाद चल रहा है जिसकी एक भाई ने पुलिस को लिखित सूचना दी थी। पुलिस ने दोनों भाईयों को थाने बुलाया था। थाने में विवाद के सम्बन्ध में पुलिस दोनों भाईयों से आमने-सामने पूछताछ कर ही रही थी कि दोनों भाई पुलिस के समक्ष थाने पर ही मारपीट पर उतारू हो गए तो पुलिस ने दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर लिया।

इसी क्रम में थाना क्षेत्र के सेमरी गांव दीनानाथ पुत्र वावूलाल हरिजन तथा हरिशचन्द पुत्र खरभान के बीच जमीनी विवाद चल रहा है जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची थी। पुलिस विवाद का कारण जानने के लिए आसपास मौजूद लोगों ने पूछताछ कर ही रही थी कि पुलिस के सामने ही उक्त दोनों आपस में विवाद करना शुरू कर दिया।



पुलिस गिरफ्त में विवाद पर उतारू होने पर गिरफ्तार लोग।

मारपीट की स्थिति वनते देख पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर धनघटा थाने पहुंचा दिया। इसी प्रकार थाना क्षेत्र के निरंजनपुर गांव निवासी अभिमन्यू पुत्र कैलाश हरिजन तथा अजय पुत्र सुग्रीव हरिजन सगे पट्टीदार है। पूर्व में उक्त दोनों के परिवार के बीच मामूली विवाद में मारपीट हो गयी थी जिसके सम्वन्ध में लिखित सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों पक्ष को थाने वुलाया था। थाने पर दोनों पुलिस के समक्ष ही एक दूसरे के उपर हमलावर हो गए तो पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के दुघरा कला गांव निवासी रामचन्दर पुत्र हरिनन्दन गांव में अकारण विवाद कर रहा था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर थाने पहुंचा दिया। पुलिस ने गिरफ्तार उक्त सभी सातों लोगों को पुलिस अभिरक्षा में सीएचसी हैंसर वाजार में चिकित्सीय परीक्षण कराने के वाद शनिवार की देर शाम सीआरपीसी की धारा 151,107,116 के तहत एसडीएम कोर्ट में चलान भेज दिया है।

# सुरक्षा न मिलने से भयभीत है पीड़ित परिवार

धनघटा । थाना क्षेत्र के महादेवा गांव निवासी जाकिर हुसेन पुत्र नबी ने बीते दिनों मुख्यमंत्री समेत पुलिस उच्चाधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर खुद समेत परिवार के जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई थी। पीड़ित जाकिर हुसेन ने भेजे गए प्रार्थनापत्र में बताया है कि 10 वर्ष पूर्व क्षेत्र के एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी ने अपने कुछ बदमाश सहयोगियों के साथ दरवाजे पर चढ कर उनके भाई अनवर अली के उपर गोलियां चलाई थी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था जिसके संबंध में फास्ट ट्रैक कोर्ट में अभी भी मुकदमा चल रहा है। पीड़ित जाकिर हुसेन ने बताया कि उक्त मुकदमे के संबंध में जब वह कोर्ट जाता है तो भाई के हमलावरों द्वारा उसे रोक कर आए दिन जान से मारने की धमकी दी जा रही है जिससे उसका परिवार भयभीत है। पीड़ित का कहना है कि पुलिस उच्चाधिकारियों को सुरक्षा की गुहार लगाने के संबंध में प्रार्थनापत्र दिए एक माह से अधिक का समय बीत गया लेकिन अभी तक न तो उसे सुरक्षा मुहैया कराई गई और न ही जानमाल की धमकी देने वाले भाई के हमलावरों के विरूद्ध ही अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई की गई जिससे उसका परिवार दहशतजदा है। पीड़ित जाकिर हुसेन ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।

# निजी अस्पतालों में अग्निशमन को हुई जांच

संतकबीरनगर (एसएनबी)। फायर सर्विस की टीम के द्वारा जिला मुख्यालय स्थित कई निजी अस्पतालों में अग्निशमन उपकरणों की जांच की। इसके साथ ही संबंधित को अग्निशमन के उपकरणों के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में अग्नि शमन अधिकारी अशोक यादव मय टीम द्वारा जनपद के विभिन्न अस्पताल, नर्सिंग होम- जे.के. हॉस्पिटल, शिखा हॉस्पिटल, श्रीराम हॉस्पिटल मलोरना, विवेकानंद हॉस्पिटल, सिद्धार्थ आर्थो हॉस्पिटल प्रा.. लिमिटेड आदि स्थानों पर जाकर वहां पर कार्यरत स्टाफ/कर्मचारियों को अगि सुरक्षा, आग की प्रवृति और आग से बचाव के तरीकों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। उपस्थित लोगों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों को चलाने हेतु प्रशिक्षण देते हुए अगि से सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। जिससे कोई आकस्मिक दुर्घटना होने पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए क्षति होने से रोका जा सके। अकार्यशील अग्नि सुरक्षा उपकरणों को तत्काल कार्यशील कराए जाने हेतु संबंधित को हिदायत दी गई।

# तहसीलदार व नायब तहसीलदार ने सुनी फरियाद

धनघटा (एसएनबी)। जनसमस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को आयोजित थाना दिवस में धनघटा थाने पर तहसीलदार धनघटा रत्नेश त्रिपाठी ने पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई की। सुबह 10 बजे ही तहसीलदार थाने पर पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह के साथ बैठ कर सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में मौजूद फरियादियों के प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करना शुरू कर दिया। इस दौरान कुल 5 फरियादियों ने अपना-अपना प्रार्थनापत्र अधिकारियों के समक्ष पेश किया जिसपर सुनवाई करते हुए पेश किए गए मामलों में से पुलिस से संबंधित एक का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष मामलों के समाधान के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम का गठन करते हुए अधिकारीद्वय ने मौके के लिए रवाना कर दिया। इस दौरान एसएसआई एच.एन.दीक्षित, उपनिरीक्षक अनुज यादव, जुबेर अली, बीरबहादुर यादव, चौकी प्रभारी मनोज पटेल, चन्द्र प्रकाश सिंह, धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, विरेन्द्र यादव सहित सभी पुलिसकर्मी व संबंधित राजस्वकर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में महुली थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार धनघटा राजेश कुमार मिश्र और सीओ धनघटा दीपांशी राठौर ने पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई की। इस दौरान कुल 6 मामले राजस्व से संबंधित पेश हुए। नायब तहसीलदार व सीओ ने पेश हुए राजस्व से सम्बन्धित मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व टीम का गठन कर मौके के लिए रवाना कर दिया गया है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र, एसएसआई शैलेन्द्र कुमार, चौकी प्रभारी हरिकेश भारती, अरूण पांडेय, रमेश यादव, उपनिरीक्षक प्रमेश कुमार मिश्र,बलजीत यादव सहित थाने के सभी पुलिसकर्मी और सम्बन्धित राजस्वकर्मी भी मौजूद रहे।



महुली थाने में आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में मौजूद नायब तहसीलदार व सीओ धनघटा।

# थाना समाधान दिवस पर नौ मामले का निस्तारण

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद में शनिवार को थाना समाधान दिवस पर अधिकारियों ने फरियादियों के शिकायत की सुनवाई की। डीएम संदीप कुमार व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने दुधारा थाना पर पहुंचकर पीड़ितों की फरियाद सुनी। सभी जिम्मेदारों को तय समय सीमा के अंदर शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आदेश दिए। जिले भर में थाना समाधान दिवस पर पहुंचे 41 मामले में नौ का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष 32 मामलों में संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण करने के आदेश दिए गए।

डीएम व एसपी ने समाधान दिवस में मौजूद राजस्व और पुलिस अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य

- डीएम व एसपी ने दुधारा थाना पर पहुंचकर सुनी पीडितों की फरियाद
- तय समय में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश

नहीं होगी। इसके बाद वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध में फीडबैक लिया।

थाना समाधान दिवस पर कोतवाली खलीलाबाद थाना पर मामले में दो का निस्तारण हुआ। इसके अलावा दुधारा थाना पर तीन मामले में दो, धनघटा पांच में एक, महुली में छह, मेंहदावल में पांच, बखिरा नौ मामले में चार, बेलहरकला में छह और थाना धर्मसिंहवा में दो मामले प्रस्तुत हुए। शेष मामलों में टीम गठित कर शिकायतों को निस्तारित करने के लिए आदेशित किया गया। इस दौरान राजस्व, पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



बैडड़वा में भूमि विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस और राजस्व टीम।

## रास्ते के विवाद को दो पक्षों में विवाद

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम बैडड़वा में शनिवार को रास्ते में दीवार खड़ी करने की बात को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गया। दोनों पक्षों के बीच विवाद होने की सूचना पर समाधान दिवस पर मौजूद नायब तहसीलदार धनघटा राजेश कुमार मिश्र व चौकी प्रभारी मुखलिसपुर विवेकानंद तिवारी मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। पुलिस और प्रशासन की टीम ने पहले तो समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिलने पर दोनों पक्षों से कुछ लोगों को हिरासत में लेकर शान्ति भंग की धारा में चालान कर दिया तब जाकर मामला शांत हुआ।

बैडड़वा गांव निवासी केसरी नंदन राय व हरिओम राय के बीच काफी दिनों से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। शनिवार को एक पक्ष द्वारा रास्ते में दीवार खड़ी की जा रहा थी इसी दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए।

# दंपती समेत चार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर: बखिरा थाना क्षेत्र के भवानीगाड़ा गांव में भूमि विवाद को लेकर दो दिन पूर्व हुई मारपीट में शनिवार को पुलिस ने कार्रवाई की है। दंपती समेत चार पर मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। भवानीगाड़ा निवासी रीना गौड़ ने थाने में दिए गए तहरीर में कहा था कि नौ मार्च को भूमि विवाद को लेकर गांव के बलदेव, उनकी पत्नी निर्मला, बेटी विंदेश्वरी व आरती अपशब्द कहते हुए लाठी-ड़ंड़ा से मारापीटा। घायल करने के बाद जानमाल की धमकी भी दिए। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया दंपती समेत चार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# घरेलू विवाद में महिला की पिटाई, मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में पति-पत्नी के विवाद में मारपीट का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामले में केस दर्ज कर लिया। कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि पीड़िता प्रतिभा मौर्या निवासी कुसमौल थाना सहजनवां ,जनपद गोरखपुर ने बताया कि वह वर्तमान समय में मोहउद्दीनपुर खलीलाबाद में अपने पति विन्द्रेश मौर्या के मकान में रह रही है। पति विन्द्रेश मौर्य दिल्ली में रह कर नौकरी करते हैं। वहां पर एक महिला से उनका संबंध है। इसलिए वह उनको परित्यक्त रखे हुए हैं।

आरोप है कि नौ मार्च को समय करीब 12 बजे दिन में पति विन्द्रेश मौर्य व अनू मौर्य पता 283 जी ब्लाक शकूरपुर जेजे कालोनी थाना शकूरपुर दिल्ली व रामनयन व हनुमान निवासी कुसमौल थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर व गोलू ग्राम बरभोला थाना कोतवाली खलीलाबाद ने एक राय होकर उनके घर पर चढ़ आए। घर में घुसकर जान से मार डालने की नियत से लात घूसा से पटक कर मारने लगे। मारपीट की घटना में उनका दांत टूट गया और काफी खून बहा। जाते समय उसके बैग में रखे आवश्यक कागजात एवं तीन हजार रूपये, एक सोने की माला व एक अंगूठी लूट ले गए एवं जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कोतवाल ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।



शनिवार को शहर के एक अस्पताल में अग्निशमन उपकरण का निरीक्षण करते अग्निशमन अधिकारी। ● हिन्दुस्तान

# आग से बचाव के लिए दिया प्रशिक्षण

संतकबीरनगर। फायर सर्विस के जवानों ने शनिवार को अस्पतालों में जाकर वहां के कर्मचारियों को आग से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया। अग्नि शमन अधिकारी अशोक यादव की टीम ने खलीलाबाद शहर के जेके हास्पिटल, शिखा हास्पिटल, श्रीराम हास्पिटल मलोरना, विवेकानंद हास्पिटल, सिद्धार्थ आर्थो हास्पिटल एण्ड प्राइवेट लिमिटेड आदि का निरीक्षण किया।

# पुराने विवाद में पुलिस ने दर्ज किया केस

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर: बखिरा पुलिस ने एक पुराने विवाद में शनिवार को मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित सिद्धार्थनगर जनपद का रहने वाला है। उसे बखिरा के एक युवक ने पीटकर घायल कर दिया था।

अपनी तहरीर में सिद्धार्थनगर जनपद के खेसरहा थाना क्षेत्र के नौड़िहवा के धर्मेंद चौधरी ने लिखा था कि बीते 18 फरवरी को वह अपने पिता लालमन चौधरी के साथ संतकबीर नगर जनपद के एक बाजार में सामान खरीदने आया था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर बखिरा थाना क्षेत्र के नेतारी का शाहिद उर्फ लल्लू बंजारा मुझे अपशब्द कहने लगा। विरोध किया तो वह डंडे से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर चौराहे के लोग आकर बचाए। इस बारे में वह लगातार पुलिस को प्रार्थना पत्र दे रहा था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। बखिरा के थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने कहा कि तहरीर के आधार पर आरोपित पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नौ वारंटियों को भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने नौ वारंटियों को गिरफ्तारकर विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद जेल भेज दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने जगह-जगह छापेमारी किया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त मनीष सिंह पुत्र शर्मानन्द उर्फ शर्मा सिंह निवासी थवईपार को दबोचा। थाना धनघटा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्तगण रूपनरायन पुत्र विश्वनाथ निवासी अशरफपुर, पवन कुमार पुत्र रामदरश निवासी हैसर बाजार, लक्ष्मन पुत्र प्रभु व पूजन पुत्र सितहू निवासी तुरकौलिया नायक, रामअचल पुत्र कमला यादव निवासी सोनडीह, पारसनाथ सिंह पुत्र जगेश्वर सिंह व दुलारे केवट पुत्र फिरंगी निवासी फुलुई, राजदेव पुत्र सलगी निवासी हडियामाफी को गिरफ्तारकर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय प्रस्तुतकर जेल रवाना कर दिया।

सिंचाई विभाग की प्रस्तावित भूमि के साथ ही शुगर मिल की जमीन व सरैया बाईपास के पास की भूमि का लिया जायजा

# डीएम ने बस डिपो के लिए भूमि का किया निरीक्षण

**अच्छी खबर 1**

- एसडीएम से तीनों जमीनों के कागजात और डिटेल तलब किया
- सुविधा जनक भूमि पर चर्चा करने के बाद लिया जाएगा निर्णय

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद में बस डिपो की निर्माण के लिए पहल तेज हो गई है। सांसद ने सिंचाई विभाग के कार्यालय और कॉलोनी की जमीन का प्रस्ताव शासन को बस डिपो के लिए भेजवाया है। लेकिन इस भूमि के अधिग्रहण में तमाम बाधाएं हैं। इसी बीच शनिवार को डीएम संदीप कुमार व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने प्रस्तावित भूमि के साथ ही दो और जगह भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि कहां पर बस डिपो बनाने से सुविधा अधिक होगी। डीएम ने एसडीएम सदर को जमीनों की डिटेल व अभिलेख के साथ बुलाया। समीक्षा के बाद शासन को सरैया बाईपास की जमीन का प्रस्ताव बनाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई।

जनपद में बस डिपो की स्थापना के लिए पहल पिछले कुछ दिनों से तेज हो गई है। सांसद लगातार इसको लेकर परिवहन मंत्री और विभागीय अधिकारियों के सम्पर्क में हैं। काफी जद्दोजहद के बाद परिवहन विभाग को जमीन चिन्हित करते हुए प्रस्ताव भेजा गया वह बाईपास पर सिंचाई विभाग की है। इसमें सिंचाई विभाग का कार्यालय संचालित है, इसके अलावा कॉलोनी भी बनी है, जिसमें अधिकारी और कर्मचारी निवास करते हैं। ऐसे में इस जमीन का अधिग्रहण विभाग से करना और कार्यालय, कॉलोनी को तोड़ने की बड़ी समस्या है। हालांकि अधिकारी इसका भी रास्ता निकाल रहे हैं। डीएम संदीप कुमार व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने इस जमीन का जायजा लेते हुए, विभाग के अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। इसके बाद सरैया बाईपास पर होंडा एजेंसी के पास खाली पड़ी प्राइवेट जमीन का भी उन्होंने निरीक्षण किया। इस जमीन की पूरी जानकारी लेते हुए वहां बस डिपो बनने से सुविधाओं की भी जानकारी ली। इसके बाद एचआरपीजी कॉलेज के पास खाली पड़ी सुगर मिल की जमीन का भी उन्होंने निरीक्षण किया। हालांकि यह जमीन अभी विवादित है और मामला न्यायालय में चल रहा है, इस कारण इस पर प्रस्ताव तैयार होने की संभावनाएं कम हैं। एसडीएम सदर रमेश चन्द्र ने बताया कि सभी के अभिलेख तलब किए हैं। बैठक के बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा।



सरयू नहर खण्ड के भवन व परिसर का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

> सिंचाई विभाग की जमीन का प्रस्ताव शासन को जा चुका है। उसका निरीक्षण किया गया है। इसके अलावा सरैया में प्राइवेट जमीन और सुगर मिल की जमीन को देखा गया है। सरैया बाईपास की जमीन का भी प्रस्ताव तैयार कराकर शासन को भेजा जाएगा।
>
> – संदीप कुमार, डीएम, संतकबीरनगर

# खलीलाबाद से लखनऊ के लिए सीधी राजधानी बस सेवा

**अच्छी खबर 2**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद मुख्यालय से लखनऊ जाने वाले रोडवेज बस यात्रियों का सफर अब काफी आसान हो जाएगा। जिला मुख्यालय से सीधी राजधानी बस सेवा मिल गई है। अन्य बसों की अपेक्षा जल्दी पहुंचाएगी। इसके लिए यात्रियों को दस प्रतिशत अतिरिक्त किराए का भुगतान करना पड़ेगा। खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास से रोडवेज की सीधी बस सेवा शुरू हो गई है।

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलों को राजधानी लखनऊ से जोड़ते हुए सीधी बस सेवा प्रदान किया था। शुक्रवार से राजधानी बस सेवा चालू भी हो गई है। बस अड्डा प्रभारी टीएन दूबे ने बताया कि इस पर सफर करने के लिए सवारियों को परिवहन निगम के निर्धारित 296 रूपए किराए से दस प्रतिशत अतिरिक्त 331 रूपए भुगतान करना पड़ेगा। राजधानी बस सेवा यूपी 78 एचटी 4068 खलीलाबाद से नान स्टाप लखनऊ के आलमबाग बस अड्डे तक जाएगी। बस्ती डिपो से राजधानी बस सेवा सुबह आठ बजे निकलेगी। जो खलीलाबाद में नौ बजे पहुंचेगी। खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास से सुबह 9:30 बजे आलमबाग के लिए निकलेगी। बिना कहीं पर रूके दिन में 15:30 बजे वहां पर पहुंचेगी। आलमबाग बस डिपो से 17:00 बजे प्रस्थान करेगी और 23:30 बजे रात में वापस खलीलाबाद पहुंचेगी। रात में ही राजधानी बस सेवा गोरखपुर बस डिपो के लिए चली जाएगी। वहां से 4:30 बजे निकलकर 6:15 बजे बस्ती डिपो में पहुंचकर रूपए जमा करने के बाद फिर से खलीलाबाद पहुंचकर लखनऊ के लिए बस सवारियों को लेकर प्रस्थान करेगी। बस सेवा का संचालन शुरू हो गया है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों का निर्देश भी मिल गया है। जिसके अनुरूप बस संचालन का काम शुरूकर दिया गया है।



खलीलाबाद से लखनऊ जाने वाली राजधानी सेवा की बस।

**10** प्रतिशत अतिरिक्त किराया करना होगा भुगतान

- 296 रुपये की जगह 331 रुपये भुगतान करना पड़ेगा
- खलीलाबाद से नान स्टाप आलमबाग तक जाएगी

# फरियादियों को मिली आश्वासन की घुट्टी

## समाधान दिवस में पहुंच रहे जमीन संबंधी विवाद के सर्वाधिक मामले, केवल नौ मामलों का हुआ निस्तारण

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। संपूर्ण समाधान दिवस हो या समाधान दिवस। इसमें सर्वाधिक मामले जमीन संबंधी आ रहे हैं। एक ही तरह की समस्या लेकर तमाम फरियादी पहुंच रहे हैं, लेकिन समाधान करने की जगह फरियादियों को आश्वासन की घुट्टी मिल रही है।

शनिवार को जिले के सभी थानों में कुल 41 मामले आए, लेकिन निस्तारण सिर्फ नौ मामलों का हो पाया। शेष 32 मामलों में निस्तारण का भरोसा दिया गया।

धनघटा संवाद के अनुसार थाने में आयोजित समाधान दिवस में फरियाद लेकर पहुंचे डेफरा गांव निवासी बालकिशुन, रामभिलन और रामदवन ने बताया कि वर्ष 1999 में उन लोगों को एक-एक बिस्वा जमीन आवासीय पट्टा के रूप में मिली थी, लेकिन उस जमीन पर गांवसे निवासी कुछ लोग कब्जा किए हुए हैं। संपूर्ण समाधान दिवस और समाधान दिवस का शुभारंभ जब से हुआ है, तभी से इन दिवसों में भी पहुंचकर कब्जा दिलाने के लिए फरियाद कर रहे हैं। कार्रवाई के नाम पर एक बार लेखपाल मौके पर गए थे और बगैर किसी से कुछ पूछताछ किए और पैमाइश बिना किए लौट गए।

पीड़ितों की बात सुनकर तहसीलदार रत्नेश तिवारी स्वयं मौके पर जाकर जांच करके कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

रामपुर गांव निवासी राजवली का कहना था कि उनके पट्टे की जमीन पर पड़ोसी बरसों ने कब्जा कर रखा है। अपनी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए 15 से 20 बार संपूर्ण समाधान दिवस और समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दे चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

मायघाट गांव निवासी राम लखन का कहना था कि वह अपनी बैनामा सुदा जमीन पर मकान का निर्माण करना चाह रहे हैं, लेकिन गांव के दबंग किस्म के कुछ लोग जमीन को विवादित बात कर निर्माण कार्य को रोक दिया है।

डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता ने दुधारा थाने में लोगों की समस्याएं सुनीं। यहां तीन मामले आए, लेकिन एक मामले का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। डीएम संदीप कुमार ने बताया कि समाधान दिवस में अधिकतर मामले जमीन संबंधी आ रहे हैं।

जमीन संबंधी विवादों का निस्तारण राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जा कर करें। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि सभी थानों में कुल 41 मामले आए और नौ मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ, जबकि 32 मामले संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निस्तारण के लिए दिए गए हैं।



दुधारा थाने में फरियादियों की समस्या सुनते डीएम और एसपी। संवाद



मेंहदावल थाने में फरियाद सुनते एसडीएम और सीओ। संवाद

# पुलिस में दर्ज किया मार्ग दुर्घटना का मुकदमा

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर मार्ग दुर्घटना का केस दर्ज किया। कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि पीड़ित भजुराम भारती निवासी रामपुर के पिता 07 फरवरी को साइकिल से नौरंगिया चौराहे से अपने घर आ रहे थे। बाइक चालक कुलदीप भारती गलत साइड से बाइकलाकर पिता वशिष्ट भारती को ठोकर मार दिया। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कोर्ट के आदेश पर पांच पर जालसाजी का केस

नाथनगर। कोर्ट के आदेश पर महुली पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर सन्तोष मिश्र ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर दिनेश चन्द्र त्रिपाठी, सीमा त्रिपाठी निवासी देवकली खुर्द, अरविन्द प्रताप शाही वार्ड नम्बर तीन सूर्यनगर, मिथुन सोनकर नवासी रानी बाग, कोतवाली सदर जिला गोरखपुर, सन्तोष पाण्डेय ग्राम सेमरी थाना धनघटा एवं कुछ अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है ।

# प्रधान प्रतिनिधि सलीम ने थामा भाजपा का दामन

नाथनगर। महुली में शनिवार को विधायक गणेश चौहान ने छितही के प्रधान प्रतिनिधि सलीम को बीजेपी पार्टी की आजीवन सदस्यता ग्रहण कराया। पार्टी की सदस्यता लेने के बाद समर्पण राशि सौंपी। युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष महुली संदीप उपाध्याय के निजी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने युवक के खिलाफ बेटी के साथ घर में घुसकर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया है। महुली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस तहरीर में बताया कि वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए पूरे परिवार के साथ गई हुई थी। घर पर उसकी बेटी अकेली थी। इसी दौरान पकंज नाम का युवक घर में घुस गया। वादिनी की बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर भाग गया।

# डीएम व एसपी ने बस डिपो के लिए देखी जमीन

जासं, संतकबीर नगर : जिला मुख्यालय से राजधानी व अन्य क्षेत्रों में परिवहन को लेकर किए जा रहे प्रयासों के सार्थक होने की उम्मीद जगी है। शनिवार को जिलाधिकारी संदीप कुमार ने एसपी सत्यजीत गुप्ता तथा एसडीएम रमेश चंद्र के साथ सिंचाई व जल संसाधन विभाग सरयू नहर कालोनी के भूमि व भवन का निरीक्षण किया।

जिले में बस डिपो की स्थापना के लिए खलीलाबाद के विधायक अंकुर राज तिवारी के द्वारा शासन को सरयू नहर कालोनी की भूमि का प्रस्ताव शासन में दिया गया था। शासन से पत्र मिलने के बाद डीएम ने जिले के अधिकारियों के साथ इस भूमि का निरीक्षण किया। इस भूमि की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें तमाम शेड, आवास, कार्यालय की जगह पहले से बने हैं।

# पीड़ितों का दर्द समझें, शीघ्र निपटाएं शिकायतें

- एसपी के साथ डीएम ने दुधारा थाने में सुनी फरियाद
- सभी थानों में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

जासं, संतकबीर नगर: जनपद के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम-एसपी के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों ने लोगों की फरियाद सुनीं। कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अन्य मामलों के लिए टीम बनाई गई और समय से उसके निस्तारण का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि अधिकारी पीड़ितों के दर्द को समझें और उनकी पीड़ा दूर करने का प्रयास करें।

दुधारा थाने पर जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने समस्या सुनीं। इस दौरान तीन मामले प्रस्तुत हुए, जिसका मौके पर ही अधिकारियों के द्वारा निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्याओं के निस्तारण में कोताही न बरतें। पीड़ितों का दर्द समझे तथा मौके पर पहुंचकर समस्या निस्तारण पर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस व संपूर्ण समाधान दिवस में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी दंडित किए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि महिला उत्पीड़न के मामलों में तत्काल मुकदमा दर्ज कर समस्या का निस्तारण किया जाए। मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से वार्ता करके विवाद को दूर करने का प्रयास होना चाहिए। मेंहदावल थाने में पांच मामले प्रस्तुत हुए, मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। कोतवाली खलीलाबाद में पांच मामले प्रस्तुत हुए, जिसमें दो का निस्तारण हुआ। धनघटा में पांच मामलों में महज एक मामले का निस्तारण हुआ। महुली में छह मामले प्रस्तुत हुए, किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। बखिरा में सबसे ज्यादा नौ मामले प्रस्तुत हुए, जिसमें चार मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। बेलहर में छह मामले प्रस्तुत हुए, किसी मामले का निस्तारण नहीं हुआ। धर्मसिंहवा में महज दो मामले आए, जिसमें एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका।



दुधारा थाने में पीड़ितों की समस्याओं को सुनते डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता • जागरण



प्रशिक्षण देते दमकम विभाग के कर्मी।

# आग से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में शनिवार को अग्निशमन अधिकारी अशोक यादव और उनकी टीम ने अस्पतालों, नर्सिंग होम में अग्निशंमन उपकरणों से संबंधित प्रशिक्षण दिया। लोगों को आग से बचाव के लिए जागरूक किया गया।

टीम ने जेके हॉस्पिटल, शिखा हॉस्पिटल, श्रीराम हॉस्पिटल मलोरना, विवेकानंद हॉस्पिटल, सिद्धार्थ आर्थो हॉस्पिटल आदि स्थानों पर कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा, आग की प्रवृति और आग से बचाव के तरीकों के विषय में जानकारी दी।

लोगों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों को चलाने के लिए प्रशिक्षण देते हुए अग्नि से सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। संवाद

# फरार आरोपी के घर की होगी कुर्की

संतकबीरनगर। सात महीने से फरार चल रहे जालसाजी के आरोपी के घर की कुर्की होगी। पूर्व में पुलिस ने 82 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा करा चुकी है।

कांशीराम शहरी आवास की रहने वाली शीला देवी पत्नी स्वर्गीय अर्जुन सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके पति के पास ट्रक था जिसे आरोपी धर्मराज निवासी बीकरघुरपुर ईडी थाना बारा जनपद प्रयागराज चलाता था। पति की मौत के बाद आरोपी ने ट्रक को गायब कर दिया।

पुलिस ने इस मामले में धर्मराज पर जालसाजी और गबन का मुकदमा दर्ज किया था। सात माह बाद भी पुलिस आरोपी को पकड़ नहीं पाई। गौसपुर चौकी इंचार्ज सत्येंद्र यादव ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। संवाद

# रोडवेज बस स्टेशन के निर्माण की कवायद तेज

संवाद न्यूज एजेंसी

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण लोगों से जानकारी भी ली

संतकबीरनगर। जिला मुख्यालय पर बस स्टेशन लिए चिह्नित की गई सिंचाई ड्रेनेज खंड-दो की जमीन का शनिवार को डीएम संदीप कुमार व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से जानकारी भी ली।

वर्ष 1997 में जनपद का सृजन हुआ था, लेकिन जिला मुख्यालय पर रोडवेज का बस स्टेशन नहीं बन पाया है। इसकी वजह से यात्री मेंहदावल बाईपास पर वाहनों की प्रतीक्षा करते हैं। बस स्टेशन निर्माण की पहल वर्षों से हो रही है, लेकिन नतीजा सिफर रहा है। प्रशासन की ओर से इसके लिए सरैया के पास कास्तकारों की जमीन चिह्नित की गई थी।

परिवहन निगम ने निशुल्क जमीन उपलब्ध कराने की मांग की। सांसद प्रवीण कुमार निषाद ने पहल की और खलीलाबाद स्थित ड्रेनेज खंड-दो के परिसर को बस स्टेशन बनाने का प्रस्ताव परिवहन निगम को दिया। इस संबंध में परिवहन निगम ने डीएम को पत्र लिखकर चिह्नित जमीन को निशुल्क उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

पूर्व में डीएम ने तहसीलदार से रिपोर्ट लेकर ड्रेनेज खंड-दो की जमीन के संबंध में प्रमुख सचिव परिवहन को पत्र भेज दिया था। ड्रेनेज खंड की 19 हेक्टेयर जमीन है। इसी में आवास भी है। शनिवार को डीएम संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने पहले सरैया में चिह्नित कास्तकारों की जमीन का निरीक्षण किया।

बाद में चीनी मिल की जमीन को भी देखा। अंत में ड्रेनेज खंड के एक्सईएन कार्यालय में पहुंच कर वहां का निरीक्षण किया। डीएम ने बताया कि यहां पर कुल 1.8 एकड़ जमीन है।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 12-03-2023

# मारपीट और अभद्रता करने में छह पर रिपोर्ट

रुपईडीह। आर्यनगर में शुक्रवार देर रात शराब पीकर अलग अलग स्थानो पर मारपीट करने व एक महिला से अभद्रता करने पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध शांति भंग के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की।

चौकी प्रभारी आर्यनगर दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनगाई के निवासी विजय वर्मा, राजेश वर्मा, रामबाबू वर्मा तथा छोटे शराब के नशे में मारपीट कर रहे थे। सूचना पर मौके पर पहुंचकर चारों लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग की कार्रवाई किया है। इसी प्रकार से ब्लाक मुख्यालय के पास महिला के साथ अभद्रता करने के मामले में थाना इटियाथोक क्षेत्र के दुल्हापुर गजाधर के बब्लू कुमार, राजेन्द्र कुमार को गिरफ्तार करके शांतिभंग के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# चोरी के मोटर पम्प संग तीन धरे गए

छपिया। पुलिस टीम ने चोरी का भंडाफोड करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। चोरी करने के मामले में पुलिस ने मोटर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । प्रभारी निरीक्षक सतानन्द पांडेय ने बताया कि चोरी करने के मामले में तीन वांछित आरोपियों को पुलिस टीम बृजेश गुप्ता धर्मेन्द्र सिंह और राम गोपाल गुप्ता ने सोहिला अंडरपास मसकनवा से एक इलेक्ट्रॉनिक मोटर पम्प के साथ अमन ग्राम सोहिला, गुलशन और भुइली तेंदुआ रानीपुर को गिरफ्तार किया है।

# मारपीट में तीन पर केस दर्ज

करनैलगंज। कोतवाली अंतर्गत ग्राम नारायनपुर माझा निवासी कन्हैयालाल की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# स्मार्ट वॉच चुराते दो युवकों का वीडियो वायरल हुआ

गोण्डा, संवाददाता। शहर के उतरौला रोड स्थित बारी मार्केट में एक घड़ी की दुकान से दो युवक स्मार्ट वॉच चुरा ले गए। सीसीटीवी में कैद वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में दो युवक दुकान में घड़ी की वैरायटी देखते हुए दिखाई दे रहे है। इस दौरान काउंटर पर रखी स्मार्ट वॉच को एक युवक ने बड़ी चतुराई छिपाते हुए पैंट की जेब में रख लिया। दुकानदार के व्यस्त होने का फायदा उठाकर दोनों युवक चोरी के बाद स्कूटी से भाग गए

# मारपीट के चार मामलों में डेढ़ दर्जन के विरुद्ध रिपोर्ट

तरबगंज, संवाददाता। चार स्थानों पर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने 18 लोगों पर केस दर्ज किया है।

अश्वनी कुमार चौबे ग्राम वैश्यपुरवा की तहरीर पर महेश कुमार सिंह, बृजेश सिंह, आदर्श सिंह व राजकुमार सिंह के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज की रिपोर्ट दर्ज हुई है। वहीं डिडसिया खुर्द निवासी दुलारी पत्नी कालिका प्रसाद की तहरीर पर नाली विवाद में घर मे घुसकर मारपीट के मामले में गांव के मोहित तिवारी, ओमप्रकाश, दुर्गेश तिवारी व इंद्र पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। दो अन्य मामलों में रिपोर्ट दर्ज हुई हैं।

# नाबालिग को फुसलाकर भगाने में केस दर्ज किया

रुपईडीह। कौड़िया थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर गांव के ही युवक अविनाश कुमार पर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत की। जिस पर पुलिस ने संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच व कार्रवाई शुरू की। थानाध्यक्ष कौड़िया विद्यासागर पांडेय ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र पर अविनाश के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच व कार्रवाई की जा रही है।

# चमारनपुरवा के तालाब में उतराता मिला वृद्धा का शव

- गांव से आठ किमी दूर मिला शव
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा

कटरा बाजार, संवाददाता। थाना क्षेत्र के गंडाही गांव के मजरा चमारन पुरवा के पास तालाब में शनिवार को एक वृद्धा का शव मिला। उसकी पहचान जगतापुर के छोटकाई पुरवा निवासी अनारकली के रूप में की है।

मृतका के पुत्र रामकेवल ने बताया कि मेरी मां पांच मार्च की सुबह घर से चली गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चला। थाने में उनके गायब होने की सूचना दी थी। शनिवार को पुलिस द्वारा बताया गया कि उसकी मां का शव तालाब में उतराता हुआ मिला है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने बताया कि दोपहर में गंडाही गांव के ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली की एक महिला का शव गंडाही के तालाब में उतरा रहा है। मौके पर पहुंचकर शव को तालाब से बाहर निकाला गया। शव कई दिनों का पुराना लग रहा है जो काफी सड़ चुका है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# दुकानदार से लूट के खुलासे के लिए जुटीं पुलिस की टीमें

गोण्डा, संवाददाता। किराना दुकानदार से हुई साढ़े चार लाख की लूट के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें हाथ-पैर मार रहीं हैं। स्थानीय पुलिस के साथ ही एसओजी व सर्विलांस टीम को भी लगाया गया है। टीमें पीड़ित के बताए हुलिया के अनुसार बदमाशों को ढूंढने में जुटी हुई हैं। वैसे इस मामले में अभी पुलिस के पास बताने को कुछ नहीं है, जिम्मेदार टीमें लगीं हैं जल्द खुलासा होगा, का ही जबाब दे रहे हैं।

शुक्रवार को इटियाथोक थाना क्षेत्र के तीतगांव निवासी चंद्र प्रकाश पांडेय से गोण्डा - धानेपुर मार्ग पर सिसउर पुल के पास अल्टो कार सवार बदमाशों ने रुपयों से भरा बैग लूट लिया था। लूट की घटना के बाद पीड़ित दुकानदार कोतवाली देहात पहुंचा था और घटना की जानकारी दी थी। सूचना पर देहात कोतवाली, धानेपुर सहित कई थानों की पुलिस ने नाकेबंदी की थी लेकिन बदमाश हाथ नहीं लगे थे। पीड़ित की तहरीर पर देहात कोतवाली में चार अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

## सब रजिस्ट्रार और कर्मियों के सहयोग से कराया था बैनामा

# फर्जी बैनामा पर सात के खिलाफ केस, एक बंदी

### सख्ती

**मनकापुर, संवाददाता।** डीएम के आदेश पर कूटरचित दस्तावेज के आधार पर फर्जी बैनामा करने व कराने वाले सात लोगों के खिलाफ जालसाजी सहित विभिन्न मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया है।

तहसील क्षेत्र के निवासी दिनेश कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि कूट रचित दस्तावेज के आधार पर सब रजिस्ट्रार व कर्मचारियों से तथ्यों को छुपाकर कर मनकापुर के उप निबंधक कार्यालय में 23 नवंबर 2022 को दो किता बैनामा हुआ था। इसमें सब रजिस्ट्रार व अन्य कार्यालय के कर्मियों से जालसाजों ने तथ्य को छुपा कर दो बैनामा एक ही दिन में करा लिया। जिसमें ग्राम अशरफपुर के पूरेदेवनाथ निवासी फूल चंद्र ने अपने सहयोगी अमन गिरी द्वारा कंप्यूटर पर अपने सगे भाई राजेश कुमार के आधार पर अपनी फोटो लगा कर फर्जी फोटो और आईडी बनवाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार करके उसकी 0.550 हेक्टेयर कृषि भूमि व 102.30 वर्ग मीटर आवासीय भूमि को खुद राजेश कुमार उर्फ राजेश पुत्र तहदिल निवासी पूरेदेवनाथ बनकर क्रेता शिवबालक जायसवाल पुत्र राम सुबेरे निवासी पचपुती जगतापुर मजरा बरई पुरवा के नाम बैनामा कर दिया। फर्जी बैनामा में फूलचंद के सहयोगी अमन गिरि, जय प्रकाश शर्मा, ओम प्रकाश जायसवाल, बल्ली, शिव बालक जायसवाल व दो अज्ञात लोग शामिल थे। शिकायतकर्ता दिनेश कुमार के अनुसार उन्होंने इसकी शिकायत एक माह पूर्व तहसील में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम डॉ. उज्जवल कुमार से की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने एसडीएम व सीओ को जांच के आदेश दिए थे।

इसमें एएसपी के निर्देश पर सीओ सौरभ वर्मा ने प्रकरण की जांच करके रिपोर्ट एसडीएम आकाश सिंह को सौंपा। जिसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने राजेश कुमार उर्फ राजेश, जय प्रकाश शर्मा, अमन गिरि सहित सात नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया है। इस संबंध में कोतवाल चितवन कुमार ने बताया सात लोगों के विरुद्ध जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### फर्जी दस्तावेजों से बैनामा कराने वाला गिरफ्तार

**गोण्डा।** नगर कोतवाली पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर जमीन बैनामा कराने के आरोपी मगंल को शनिवार को गिरफ्तार किया है। वह फरार चल रहा था। नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया आरोपी ने फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा करा लिया था। इस सम्बन्ध में कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। आरोपी मंगल पुत्र सोमई नगर कोतवाली क्षेत्र के मेलाराम पुरवा दाखिला गंगापुर का निवासी है। उन्होंने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# दहेज को लेकर विवाहिता को पीटा पति व सास-ससुर पर केस दर्ज

**संसू, वजीरगंज (गोंडा) :** दहेज की मांग पूरी न करने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता की पिटाई कर दी। पीड़िता ने पति, सास, ससुर व देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

नगवा की रहने वाली अनुराधा ने दी गई तहरीर में कहा कि दो वर्ष पहले उनकी शादी मुकेश कुमार दुबे के साथ हुई थी। पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार शादी में दान दहेज दिया था। इसके बाद भी पति मुकेश कुमार दुबे, ससुर प्रवेश कुमार दुबे, सास ऊषा दुबे, देवर सत्यम दुबे व शिवम दुबे दहेज के लिए उन्हें प्रताड़ित करते हैं। दहेज में मोटरसाइकिल व दो लाख रुपये की मांग कर रहे हैं।

होली में पीड़िता अपने मायके परसरामपुर बस्ती चली गई थी। गत 10 मार्च को वापस आई तो आरोपितों ने उसकी पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा किया गया है। वहीं, अजबनगर निवासी सुरजीत सिंह ने कहा कि पारिवारिक विवाद को लेकर नरेश सिंह, तेज बहादुर सिंह, राम प्रकाश सिंह व विपिन सिंह ने अभद्रता करते हुए उनकी पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।

## सैनिक से मारपीट, मुकदमा

**संसू, गोंडा :** भारतीय सेना में जूनियर कमीशन आफिसर के घर में घुस कर मारपीट व तोड़फोड़ करने के मामले में थाना तरबगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बेलसर के वैश्य पुरवा निवासी अश्विनी कुमार चौबे उर्फ साधू चौबे भारतीय सेना में जूनियर कमीशन आफिसर हैं। शुक्रवार को दबंगों ने घर में घुस कर मारपीट करते हुए तोड़फोड़ की। प्रभारी निरीक्षक तरबगंज मनोज पाठक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर महेश उर्फ राहुल सिंह, बृजेश उर्फ राजन सिंह, आदर्श सिंह उर्फ प्रसून सिंह व राजकुमार सिंह के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

## सरसों की फसल नुकसान होने के मामले में प्रधान पति पर मुकदमा

**संसू, धानेपुर (गोंडा) :** सरसों की फसल को नुकसान पहुंचाने के आरोप में प्रधान पति के विरुद्ध केस किया है। ग्राम पंचायत दुल्हमपुर के कोटिया के रहने वाले महेश्वरी प्रसाद वर्मा ने तहरीर में कहा कि उनके खेत में सरसों की फसल लगी थी। उसको प्रधान पति ने खोदवाकर नुकसान पहुंचा दिया। महेश्वरी वर्मा ने कहा कि पंचायत में सड़क की पटाई कराई जा रही थी। मिट्टी पटाई के दौरान उनकी फसल को नुकसान पहुंचाया गया। थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने कहा कि दुल्हमपुर के राजेंद्र प्रसाद वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**गन्ने के खेत में लगी आग-इटियाथोक :** गनवरिया में अज्ञात कारणों से लगी आग में दो बीघा गन्ना जलकर राख हो गया। गांव निवासी संचित लाल ने बताया कि वह अपने रिश्तेदारी में गए हुए थे। दोपहर में उनके घर के पीछे स्थिति गन्ने के खेत में अचानक आग लग गई। उनकी पत्नी व बच्चों ने शोर मचाया तो लोग आग बुझाने पहुंचे। तब तक खेत में लगे गन्ने की फसल जलकर राख हो गई।

# 24 घंटे बाद भी पुलिस की पहुंच से लुटेरे दूर

**संसू, गोंडा:** दिनदहाड़े किराना व्यापारी से शुक्रवार को हुई साढ़े चार लाख के लूट के मामले में पुलिस 24 घंटे बाद भी खाली हाथ है। घटना का राजफाश कर बदमाशों की गिरफ्तारी को स्पेशल आपरेशन ग्रुप सहित पुलिस की पांच टीमों को लगाया। पुलिस की टीमें कई स्थानों पर दबिश देकर संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही हैं। वहीं, दिनदहाड़े हुई लूट की घटना से व्यापारियों में दहशत है।

इटियाथोक थाना के ग्राम तीते गांव के रहने वाले चंद्र प्रकाश पांडेय धानेपुर थाने के पांडेय बाजार में किराना की दुकान करते हैं। वह पान मसाला के थोक व्यापारी भी हैं। शुक्रवार को चंद्रप्रकाश सामान लेने जिला मुख्यालय टेंपो पर बैठकर जा रहे थे। देवरिया अलावल बाजार में बदमाश टेंपो में बैठ गया। रास्ते में देहात कोतवाली के सिसऊर अंदूपुर पुल के समीप अल्टो कार सवार बदमाशों ने पीछे से टेंपो को ओवरटेक करके रोक ले लिया। बदमाशों ने व्यापारी को नीचे उतारकर रुपये मांगे। व्यापारी ने विरोध किया तो पिटाई कर तमंचे के बल पर व्यापारी से झोले में रखे साढ़े चार लाख छीन लिए व भाग निकले। एसपी आकाश तोमर सहित अन्य पुलिस अफसरों ने घटना की जानकारी लेकर उसके राजफाश के लिए पांच टीमें लगाई हैं। एएसपी शिवराज ने कहा कि टीमें काम कर रहीं हैं। सुराग टीम के हाथ लगे हैं।

### व्यापरियों में भय, घटना के राजफाश के लिए लगाई गईं पांच टीमें, दबिश शुरू

## शिवलिंग गायब होने से आक्रोश

**संसू, वजीरगंज:** झिलाही मार्ग पर भगोहर स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में स्थापित शिवलिंग गायब होने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में जलाभिषेक करने के लिए शिवलिंग स्थापित था। शुक्रवार की रात अज्ञात लोग शिवलिंग चुरा ले गए। मंदिर के पुजारी इंद्र बहादुर दास ने कहा कि जब वो जलाभिषेक को गए तो शिवलिंग गायब था। मंदिर के बगल में ही सरकारी शराब की दुकान है। आशंका जाहिर की है कि किसी शराबी ने शिवलिंग चोरी किया है।

**पुलिस मान रही दुर्घटना, स्वजन जता रहे हत्या की आशंका- कर्नलगंज :** ससुराल में होली मनाने आये युवक की संदिग्ध मौत को पुलिस दुर्घटना मानकर जांच कर रही है। वहीं युवक के स्वजन अब भी हत्या की आशंका जता रहे हैं। ग्राम तिनगाई के मजरा अवस्थी पुरवा फखरपुर बहराइच निवासी लल्लन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उनके लड़के मुकेश अवस्थी की ससुराल कटरा शहबाजपुर में थी। उसकी शादी रामकुमार की बेटी ममता संग तीन वर्ष पूर्व हुई थी। होली मनाने को मुकेश ससुराल शाहबाजपुर गया था। उधर, मृतक के पिता के मुताबिक दो दिन बाद बुधवार को उसके दूसरे पुत्र के मोबाइल पर फोन कर मुकेश ने बताया कि ससुराल में उसे बांधकर मारा पीटा गया है। रेलवे ट्रैक पर शव मिलने के बाद मृतक के पिता ने मुकेश को जान से मारकर रेलवे लाइन पर फेंक देने का आरोप लगाया।

# डीजीपी से पीड़ित ने सुरक्षा दिलाने की लगाई गुहार, सौंपा पत्र

**संसू, शिवदयालगंज (गोंडा) :** नवाबगंज विकास खंड के मधवापुर टिकरी गांव के संभ्रांत सिंह ने पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजकर सुरक्षा दिलाने की गुहारा लगाई है। उन्होंने कहा कि वह गांव के इंटर कालेज में प्रधानाचार्य हैं। उनके चाचा की हत्या वर्ष 2014 में कर दी गई थी। उस घटना में उनके पिता प्रेम नारायण सिंह मुख्य गवाह है। मुख्य आरोपित के रिश्तेदार उसके पिता पर प्राणघातक हमला भी कर चुके हैं। इसका मुकद्म वजीरगंज थाने में दर्ज है। कुछ लोग गवाही न देने का दबाव बनाकर धमकी दे रहे हैं। उन्होंने आशंका जताई है कि उनकी व उनके पिता की हत्या की जा सकती है।

# बेटियों को जागरूकता का पाठ पढ़ाएगी खाकी

**संसू, गोंडा :** आए दिन युवतियों व महिलाओं को गुमराह कर भटकाने का मामला सामने आ रहा है। गत छह माह में 109 मामले ऐसे आ चुके हैं, जिनमें बेटियां व महिलाएं अपराध का शिकार हुई हैं। बेटियां व महिलाएं अपराध से बच सकें, इसके लिए पुलिस पाठशाला लगाएगी।

महिला पुलिस कर्मियों की टीमें गठित की जाएंगी, जो उन्हें जागरूक करेंगी। किशोरियों व युवतियों को गुमराह कर शारीरिक शोषण के बढ़ते मामले को देखते हुए पुलिस ने एक योजना तैयार की है। थाना व गांव वारम हिला पुलिस कर्मियों की टीम गठित की जाएगी। यह टीम गांव-गांव व विद्यालयों में जाकर बेटियों को सजग करेगी। साथ ही शिक्षा व रोजगार से जुड़ने की टिप्स देकर उनके अधिकार बताएगी।

# आठ के खिलाफ केस दर्ज

मनकापुर (गोंडा)। कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा कराने के आरोप में आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

ग्राम समसापुर निवासी दिनेश कुमार पांडेय ने शनिवार को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें आरोप लगाया कि मनकापुर के उपनिबंधक कार्यालय में 23 नवंबर 2022 फर्जी दस्तावेजों के सहारे रजिस्ट्री कराई गई थी। अशरफपुर निवासी फूलचंद्र ने अपने सहयोगी अमन गिरी की मदद से कंप्यूटर पर अपने सगे भाई राजेश कुमार की फर्जी फोटो और आईडी बनवाकर जमीन का बैनामा करा लिया था। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि फूलचंद, जयप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश जायसवाल, बल्ली, शिवबालक, अमन व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# समाधान दिवस में भी लोग परेशान

**जागरण टीम, गोंडा :** थानों पर आयोजित होने वाला समाधान दिवस रस्म-अदायगी बनकर रह गया है। यही कारण है कि पीड़ित अपनी समस्या के निस्तारण को लेकर शिकायत तो करता है लेकिन, कई माह बाद भी उसकी समस्या का निदान नहीं हो पाता। थाना समाधान दिवस में कुल 143 शिकायतें आईं। इनमें से 21 का मौके पर निस्तारण किया गया।



नगर कोतवाली में जनसुनवाई करते नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ● जागरण

वजीरगंज : चंदापुर गांव के राजकुमार के आबादी की भूमि व बोरिंग पर गांव के दबंगों ने कब्जा कर लिया। पीड़ित ने कहा कि गत तीन वर्षों से वह तहसील व थाने का चक्कर लगा रहा, लेकिन उसकी समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। पूरेडाढ़ के शिवशंकर पांडेय ने कहा कि उसके घर के सामने स्थित आबादी की भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। गत एक वर्ष से थाना समाधान दिवस से लेकर अन्य अधिकारियों के यहां शिकायत कर चुका है, लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। सीसव डलईपुरवा के रामअवतार ने कहा कि गेड़सर में उसकी भूमि है। विपक्षी ने उसकी भूमि पर कब्जा कर लिया है। उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वजीरगंज में नायब तहसीलदार चंदन जायसवाल के नेतृत्व में थाने पर शिकायत सुनी गई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि कुल सात राजस्व संबंधी शिकायत आईं थीं। इनमें से किसी का निस्तारण नहीं हुआ।

छपिया : समाधान दिवस में कुल सात शिकायतें आईं। प्रभारी निरीक्षक सतानंद पांडेय ने कहा कि राजस्व संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमें गठित की गईं हैं। नवाबगंज : समाधान दिवस में तहसीलदार डा. पुष्कर मिश्र व नायब तहसीलदार रंजन वर्मा ने सुनवाई की। कुल 16 मामले आए। इसमें से 13 मामले जमीन विवाद के व तीन मामला पुलिस से संबंधित रहा। झंझरी : मोतीगंज समाधान दिवस में गए राजापुर परसौरा के किशोरी लाल यादव ने कहा कि उनकी भूमि पर रखे छप्पर को दबंगों ने गिरा दिया था। उसकी भूमि में ही रास्ता बना रहे हैं। कैमी गांव के इंद्रजीत सिंह का भूमि विवाद है। गत छह माह से वह दौड़ रहे हैं। उसकी समस्या का निदान नहीं हो सका। यहां नायब तहसीलदार सदर धर्मेंद्र कुमार व थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने समस्या सुनी।

# तीन गांवों में मारपीट, 14 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

तरबगंज (गोंडा)। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हुई मारपीट में पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के देवरदा बेलसर निवासी श्रवण कुमार ने थाने पर दी तहरीर में कहा कि उसका बेटा खाना लेकर जा रहा था। जिसे रास्ते में रोककर विपक्षियों ने पीटा। पीड़ित ने गांव के राम लखन, विजय कुमार, विनीता व खुशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष के विजय कुमार पांडेय ने अतुल उर्फ अंधुतानंद व वरुण कुमार उर्फ नंगू के खिलाफ मारपीट व धमकी मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

डिडिसिया खुर्द निवासी दुलारी पत्नी कालिका प्रसाद ने नाली विवाद में घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में मोहित तिवारी, ओमप्रकाश, दुर्गेश तिवारी व इंद्र कुमार के खिलाफ केस दर्ज कराया है। बनगांव निवासी अनूप सिंह ने बताया कि उसके घर में कार्य कर रहे राजगीर मिस्त्री व मजदूर को काम पर जाने से रोका गया। मना करने पर घर में घुसकर पिटाई की गई। जिस पर गांव के अजीत सिंह, अमित सिंह, राजेश व राम कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि जांच करके कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने का मास्टरमाइंड दबोचा

गोंडा। धोखाधड़ी कर जमीन पर कब्जे के मुकदमे में मास्टरमाइंड को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस चार माह से आरोपी की तलाश कर रही थी।

मुकदमे के विवेचक एवं चौकी प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि कोतवाली नगर के गंगापुर गोसाईपुरवा निवासी जयमंगल गोस्वामी ने 26 जुलाई 2022 को मुसीवत अली निवासी नूरनगर फैजाबाद रोड बाईपास, मोहम्मद हसन राईनी निवासी नूर नगर मुन्नन खां चौराहा, उस्मान अली निवासी विष्णुपुरी कॉलोनी, मंगल निवासी गंगापुर मेलाराम पुरवा, अजमेर अली निवासी लोहराजोत, अखलाक निवासी दौलतपुरवा खोरहंसा व मोहम्मद यासीन निवासी लोहराजोत के खिलाफ जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



पुलिस गिरफ्त में मंगल। संवाद

आरोप था कि मंगल ने मझवा गांव स्थित उसकी चार बीघे संक्रमणीय भूमि मुसीवत अली व मोहम्मद हसन को कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर 17 मई 2022 को बैनामा कर दी थी। विवेचक ने बताया कि विवेचना के दौरान मंगल को छोड़कर अन्य छह आरोपियों ने अदालत से अरेस्ट स्टे ले लिया था। जिनके खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। बताया कि जमीन के फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड मंगल है। मगर बैनामा करने के बाद वह बिहार भाग गया था। होली पर वह परिवार से मिलने आया था। शनिवार को मंगल को गिरफ्तार कर लिया गया। (संवाद)

# शिकायतों का समाधान नहीं, फरियादी परेशान

संवाद न्यूज एजेंसी

## समाधान दिवस : जिलेभर में आईं 143 शिकायतें, 21 का निस्तारण

गोंडा। लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए थानों पर होने वाला समाधान दिवस सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गया है। थाना समाधान दिवस में की गई शिकायतों पर भी सुनवाई नहीं हो रही है। शनिवार को जिले के 17 थानों में आयोजित समाधान दिवस में 143 शिकायतें आईं। इनमें से 21 शिकायतों का ही निस्तारण हो सका। शेष 122 शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को निर्देश दिए गए हैं।



नगर कोतवाली में समस्याएं सुनते सिटी मजिस्ट्रेट। संवाद

तरबगंज थाने में चंदीपुर गांव निवासी होमगार्ड शिव बहादुर सिंह ने शिकायती पत्र दिया। बताया कि खलिहान सहित उसके खाते की जमीन पर दबंगों ने कब्जा रखा है। दस साल से शिकायत की जा रही है मगर सुनवाई नहीं हो रही है।

तरबगंज थाने में ही रामपुर टेंगरहा निवासी लक्ष्मी देवी ने बताया कि उसकी जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया। जमीन खाली कराने के लिए एसडीएम ने निर्देश दिए थे। इसके बाद जमीन की पैमाइश कराई गई। मगर थाने की पुलिस ने जमीन खाली नहीं कराई।

तरबगंज थाने में ही सिंगहाभोज गांव निवासी श्रवण यादव ने शिकायती पत्र दिया। बताया कि गांव के चकमार्ग पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। मना करने के बावजूद नहीं माने। इसकी शिकायत पिछले समाधान दिवस में की थी। मगर अभी तक चकमार्ग खाली नहीं कराया गया। बंजरिया गांव निवासी रोशन लाल ने बताया कि उसे आवासीय पट्टा मिला था। जिस पर मकान का निर्माण कर रहा था। गांव के दबंगों ने नींव उजाड़ दी। थाने पर शिकायत की। मगर सुनवाई नहीं हुई।

तरबगंज इंस्पेक्टर मनोज पाठक ने सभी फरियादियों को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी शिकायती पत्रों का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 12-03-2023

## विभिन्न थानों में समाधान दिवस का आयोजन, शिकायतों के निस्तारण का आदेश दिया

# डीएम और एसपी ने सुनी फरियाद

**समाधान दिवस**



उतरौला कोतवाली में समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायत सुनते डीएम व एसपी

बलरामपुर, संवाददाता। जिले के विभिन्न थानों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम महेन्द्र कुमार व एसपी केशव कुमार ने खुद उतरौला कोतवाली में उपस्थित होकर जन शिकायतें सुनीं। डीएम व एसपी ने समय से हर शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने समाधान दिवस पर फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण करने का निर्देश दिया। उतरौला कोतवाली में डीएम डा. महेन्द्र कुमार व एसपी केशव कुमार ने फरियादियों की शिकायत सुनी। जो भी शिकायतें डीएम व एसपी के समक्ष आई उसे तत्काल निस्तारित करने का निर्देश दिया। पूर्व के 10मामलों में से आठ का निस्तारण किया गया। शनिवार को आए पांच प्रार्थना पत्रों में से एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। डीएम ने शेष सभी मामलों को समय के भीतर निस्तारित करने का निर्देश मातहतों को दिया। इस मौके पर एसडीएम संतोष ओझा, सीओ उदयराज सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे, एसएचओ रोहित कुमार, एसआई स्वतंत्र गुप्ता, मनीष गुप्ता, सुरेंद्र वर्मा, राम किशुन यादव, महिला आरक्षी वर्षा सिंह, पप्पी गौतम समेत सभी राजस्व निरीक्षक मौजूद थे। गौरा थाने में क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार ने पीड़ितों की समस्याएं सुनी।

उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी मामले को लम्बित न छोड़े। शिकायत मिलते ही मौके पर जाकर जांच कर निस्तारण करें। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक विनय यादव सहित तमाम लोग मौजूद थे। थाना देहात व अन्य क्षेत्रों में भी समाधान दिवस के दौरान शिकायतों के निस्तारण पर जोर दिया गया।

# चोरी के सामान के साथ पांच दबोचे

बलरामपुर। थाना पचपेड़वा पुलिस ने पांच अभियुक्तों की गिरफ्तारी की है। अभियुक्तों के पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है।

थाना पचपेड़वा उप निरीक्षक नीरज कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक रमेश यादव, हेड कांस्टेबल प्रमोद दूबे, विजय पांडेय, राजकुमार, सचिन यादव, शशांक त्रिपाठी, अरुण चौरसिया व विनोद यादव के साथ संयुक्त रूप से गश्ती अभियान क्षेत्र में चलाया जा रहा था। बताया कि संदिग्ध अवस्था में मिलने में अभियुक्तों की तलाशी ली गई। जिनके पास से आला नकब, एक सरिया, चाभी का गुच्छा, टॉर्च, पायल, चांदी सिक्का सहित अन्य चोरी का सामान मिला। उप निरीक्षक ने बताया कि फरेन्दी निवासी गुलाब नबी उर्फ पेऊ पुत्र पीर गुलाम, सलमान पुत्र मोहम्मद हसन, अली हसन पुत्र मोहर्रम, इसरार, लल्लू उर्फ अजय प्रताप पुत्र राम प्रताप को पकड़ा गया। एक अभियुक्त जाफर अली पुत्र अकबर अली की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

# एसपी ने मेला परिसर का किया निरीक्षण

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने शक्तिपीठ पाटेश्वरी देवी मंदिर तुलसीपुर में लगने वाले आगामी चैत्र नवरात्रि मेला में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर परिसर का निरीक्षण किया। नरीक्षण के दौरान मेला कंट्रोल रूम, पुलिस सहायता केंद्र, बैरियर एवं पार्किंग व्यवस्था आदि को सुदृढ़ करने के लिए सम्बन्धित कर्मियों को निर्देश दिया गया। सीओ तुलसीपुर राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक तुलसीपुर प्रमोद सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# पांच पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई

बलरामपुर। जिले की पुलिस ने पांच अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि थाना गैसड़ी प्रभारी निरीक्षक ने जमील खान व शाहिद खान तथा थाना कोतवाली उतरौला प्रभारी निरीक्षक ने हनुमान, विपिन, धर्मवीर के विरुद्ध शांतिभंग में कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय भेजा है।

# गोवध के तीन आरोपितों को भेजा गया जेल

**संवाददसूत्र, गैंसड़ी (बलरामपुर) :** कोतवाली के ग्राम खदगौरा के मजरा बभनपुरवा में गोवध के पांच आरोपितों में से तीन को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि बभनपुरवा में किसान बृजमोहन शुक्ल के गन्ना खेत में उसके ही बटाईदार रिजवान व गुलाम वारिस ने होली के ठीक एक दिन पहले गाय की बछिया काटकर उसका मांस बेच दिया।

गांव के चौकीदार राम किशोर की सूचना पर बछिया का सिर व दो पैर छानबीन के दौरान गन्ने के खेत में घटना स्थल पर ही मिले। आरोपितों के विरुद्ध गोवध अधिनियम निवारण के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इसमें गुलाम वारिस, रिजवान, अताउल्ला खां, मुतीन व मकसूद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इसमें से गुलाम वारिस उर्फ चिनके व मकसूद की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

# हमला करने वालों पर कार्रवाई की गुहार

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** घर में घुसकर जानलेवा हमला करने वाले छह आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पीड़ित ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है।

कोतवाली देहात के ग्राम लखना गंगापुर निवासी नानमून पासवान ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि आठ मार्च को गांव के ही छह दबंगों ने घर में घुसकर पूरे परिवार की बेरहमी से पिटाई की। घटना में बांका से सिर पर हमला होने से उनका बेटा दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरे दिन नौ मार्च को बेटे केशव व बहू सुमन देवी को जमुनही गांव के पास मारपीट कर घायल कर दिया। देहात कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

# 573 लीटर शराब बरामद, 31 पर मुकदमा

**संसू, बलरामपुर :** अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम का अभियान जारी है। टीम ने छापेमारी कर विभिन्न स्थानों से 573 लीटर अवैध शराब बरामद की है। करीब 1700 किग्रा लहन नष्ट की गई है। 31 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत देहात कोतवाली, गैंसड़ी व थाना रेहराबाजार क्षेत्र के दूरदराज की दुकानों पर छापेमारी की गई। इसमें देहात के हंसुवाडोल, लालाजोत, रामपुर, मोतीचक, रेहराबाजार के ग्वालियरग्रंट, रघुनाथपुर, मंगुरहवा, गैंसड़ी के मदरहवा व पिपरी जिगनिहवा में आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश दी। दबिश के दौरान 573 लीटर अवैध शराब बरामद करते हुए 1700 किग्रा लहन नष्ट की गई। इस दौरान 31 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया कि जिले में कुल 211 दुकानें हैं। इसमें देशी शराब की 138, विदेशी मदिरा की 34, बीयर की 38 व एक माडल शाप शामिल है। सभी दुकानों पर गहनता से निरीक्षण कर स्टाक का सत्यापन किया गया। कोई गंभीर अनियमितता नहीं पाई गई है।



ग्वालियरग्रंट गांव में छापेमारी करती आबकारी व पुलिस टीम ●सौ. जिला आबकारी अधिकारी

**ओवररेटिंग करने वालों की नहीं खैर :** जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अंग्रेजी शराब व बीयर की ओवररेटिंग की शिकायतें मिल रहीं हैं। लिखित शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# देवीपाटन मेले में रहेंगे सुरक्षा के सख्त इंतजाम

**तुलसीपुर (बलरामपुर)।** प्रशासन ने 22 मार्च से शुरू हो रहे देवीपाटन मेले की तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को एसपी केवश कुमार ने भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। एसपी ने बताया कि मेले में बलरामपुर के अतिरिक्त गोंडा, बहराइच व श्रावस्ती जिलों से भी पुलिसकर्मियों की तैनाती के लिए देवीपाटन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक को पत्र लिखा गया है। वहीं सीमा सुरक्षा बल के जवान भी मेला अवधि में तैनात रहेंगे। इस बार पहले की अपेक्षा ज्यादा पार्किंग स्थल बनाए जा रहे हैं। मेले में हेल्प डेस्क के साथ ही अन्य प्रबंध भी किए जा रहे हैं। इधर, मेले को लेकर झूला, सर्कस व अन्य दुकानदारों का आना शुरू हो गया है। मंदिर प्रशासन भी मेले को लेकर तैयारियों में जुटा है। (संवाद)

# चोरी के मामले में छह आरोपित गिरफ्तार

**संवादसूत्र, पचपेड़वा (बलरामपुर) :** पुलिस ने पांच चोरों और चोरी का माल खरीदने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि फरेंदी निवासी गुलाम नबी उर्फ पेऊ, सलमान, इसरार व लल्लू और बैरिहवा निवासी अली हसन को चोरी की योजना बनाते और नई बाजार निवासी जाफर अली को चोरी का सामान खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से आला नकब, सरिया, चाबी का गुच्छा,टार्च, चांदी का सिक्का, पायल, सोने की कान की बाली, 25 पीतल के घंटे, साढ़े चार क्विंटल चावल, एक क्विंटल गेहूं, फूल की थालियां, मारूति कार व बाइक भी बरामद की गई है।

# भेजा जेल

**बलरामपुर :** कई मामलों में वांछित नैनसुखवा के मजरा मिश्रौलिया निवासी चिनकाऊ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।(संसू)

# शांतिभंग में सात पाबंद

**बलरामपुर** : प्रभारी निरीक्षक ललिया जयहरि मिश्र ने बताया कि भयापुरवा इमिलिया निवासी अकबाल सिंह व मानवेंद्र सिंह को पाबंद किया गया है। प्रभारी निरीक्षक उतरौला कोतवाली संजय दूबे ने बताया कि पटेलनगर निवासी हनुमान, विपिन व धर्मवीर को पाबंद किया गया है ।गैंसड़ी कोतवाली में शंकरनगर निवासी जमील खान व शाहिद खान को पाबंद किया गया है।(संसू)

# फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता पर कराएं निस्तारण

**जागरण टीम, बलरामपुर :** सभी कोतवाली व थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां आने वाले फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं। जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कोतवाली उतरौला व थाना श्रीदत्तगंज में फरियादियों की शिकायतें सुनी। पुलिस अधीक्षक ने शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर का निरीक्षण किया।

मेला कंट्रोल रूम, पुलिस सहायता केंद्र, बैरियर व पार्किंग व्यवस्था को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र प्रताप सिंह व प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह से सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी का जायजा लिया। थाना महराजगंज तराई में आठ प्रार्थना पत्र आए। तीन का निस्तारण कराया गया। पांच के लिए टीम गठित की गई। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, उप निरीक्षक दिग्विजय यादव, लेखपाल श्रीनिवास व अभिनव मौजूद रहे। गैंसड़ी, जरवा, नगर व देहात कोतवाली और थाना हरैया, ललिया, गौरा चौरहा, पचपेड़वा, तुलसीपुर, गैंड़ास बुजुर्ग, सादुल्लाहनगर व रेहरा बाजार में भी थाना दिवस का आयोजन किया गया।

# चार बार लगाई गुहार, नहीं हुआ समाधान

## थानों पर आयोजित समाधान दिवस की पड़ताल में कुछ ऐसे ही मामले सामने आए

### केस एक : आज भी मिला आश्वासन

हरैया थाने में फरियाद लेकर आई शांति देवी ने बताया कि गांव में जमीन को लेकर उनका विवाद है। 4 बार से समाधान दिवस में गुहार लगा रहे हैं पर अब तक समस्या दूर नहीं हुई। आज शनिवार को एक बार फिर आश्वासन देकर लौटा दिया गया। इसी तरह बरहवा गांव निवासी आशाराम ने बताया कि गांव में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। तीन बार समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र दिया लेकिन समस्या दूर नहीं हुई।

### केस दो : लेखपाल से कराते हैं पैमाइश

देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाठकडीह निवासी उमा पाठक ने बताया प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनवा रहे पर विपक्षी बनवाने नहीं दे रहे हैं। समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया पर वहां आश्वासन देकर लौटा दिया गया। वहां कहा गया कि लेखपाल से पैमाइश करवाई जाएगी। ऐसे ही देहात कोतवाली क्षेत्र के ही ग्राम गुरचाही निवासी मनीराम ने बताया कि विपक्षी खेत को मेड़ काट रहे हैं। विरोध पर मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया है। सिर्फ आश्वासन देकर लौटा दिया गया।

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** थानों पर आयोजित होने वाला समाधान दिवस औपचारिकता बन गया है। फरियादी अधिकारियों से न्याय की उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन उन्हें निराश लौटते हैं।

किस थाने में कितने मामले आए और कितनों का निस्तारण हुआ, इसकी जानकारी खुद पुलिस मीडिया सेल को नहीं है। शनिवार को थानों पर आयोजित समाधान दिवस की पड़ताल के दौरान कुछ ऐसे ही मामले सामने आए।

**यहां भी मिला केवल आश्वासन :** ललिया थाने में आए सातों मामलों में पीड़ित को सिर्फ आश्वासन देकर लौटा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक जयहरी मिश्रा ने बताया कि जल्द ही जांच करके इंसाफ दिलाया जाएगा। जरवा कोतवाली में आए चारों फरियादियों को आश्वासन देकर लौटाया गया। कोतवाल दुर्विजय ने बताया कि सभी मामले नाली व रास्ते से संबंधित थे। शीघ्र ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।



बलरामपुर के उतरौला कोतवाली में फरियाद सुनते डीएम डॉ. महेंद्र कुमार व एसपी केशव कुमार। -संवाद

### डीएम व एसपी ने सुनीं फरियाद

**उतरौला।** स्थानीय कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में डीएम डॉ. महेंद्र कुमार एवं एसपी केशव कुमार ने फरियाद सुनीं। समाधान दिवस में आए पांचों मामलों का निस्तारण नहीं हो पाया। डीएम व एसपी ने निस्तारण के लिए लेखपाल व पुलिस टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीएम संतोष ओझा, सीओ उदयराज सिंह व प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे आदि मौजूद रहे। गौरा चौराहा थाने में सीओ दरवेश ने जनसमस्याएं सुनीं। (संवाद)

# शॉपिंग मॉल मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज न होने से कर्मियों में नाराजगी

**बलरामपुर।** अभियान के दौरान वीडियो बनाने पर मोबाइल छीनने व धमकाने वाले शॉपिंग मॉल मैनेजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज न होने का मामला गरमा गया है। 24 घंटे बीतने के बाद भी केस दर्ज न होने से कर्मचारी नाराज हैं। वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों ने डीएम को जानकारी दी है। एसडीओ टाउन प्रेमचंद ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम पांच बजे अवर अभियंता जय प्रकाश पाल टीम के साथ घासमंडी स्थित शॉपिंग मॉल में जांच करने पहुंचे थे। यहां टीम के सदस्य वीडियो बनाने लगे। शॉपिंग माल के मैनेजर ने विरोध करते हुए मोबाइल फोन छीन लिया। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई थी, लेकिन अब तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया है। वहीं, शनिवार को चलाए गए अभियान में 132 कनेक्शन काटे गए। साढ़े 13 लाख रुपये की वसूली की गई। साथ ही बिजली चोरी में दो के खिलाफ तहरीर दी गई है। (संवाद)

# चोरी के सामान के साथ पांच गिरफ्तार

**पचपेड़वा।** स्थानीय पुलिस ने शनिवार को चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। भाथर रेलवे पटरी के किनारे सरयू नहर के पास से फरेंदी निवासी गुलाम नबी उर्फ पेऊ, सलमान, इसरार, लालू व भोजपुर बैरिहवा निवासी अली हसन को गिरफ्तार किया गया है। इनकी निशानदेही पर चोरी के उपकरणों के साथ ही अनाज, जेवर, कार व बाइक बरामद की गई है। (संवाद)

# मारपीट में एक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** गौरा चौराहा पुलिस ने शनिवार को मारपीट के मामले में नैनसुखवा निवासी चिनकाऊ को गिरफ्तार किया है। ललिया पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में अकबाल सिंह व मानवेंद्र सिंह निवासी भयापुरवा के खिलाफ कार्रवाई की है। उतरौला पुलिस ने तीन व गैसड़ी पुलिस ने दो के खिलाफ शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई की है। (संवाद)

# उत्पीड़न के खिलाफ रणनीति बनाएगा बार संघ

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात के ग्राम लखना गंगापुर निवासी नानमून पासवान ने होली के दिन रंजिश को लेकर जानलेवा हमला करने व जातिसूचक गाली देने का आरोप लगाते हुए थाने पर प्रार्थनापत्र दिया था। पुलिस ने अधिवक्ता शत्रुहन यादव सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिवक्ता ने फर्जी मुकदमा दर्ज कराने व उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए संयुक्त बार संघ को प्रार्थना पत्र दिया है। जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्र ने बताया कि प्रार्थना पत्र पर बैठक बुलाने का आदेश महामंत्री को दिया गया है। महामंत्री अजय बहादुर सिंह ने बताया कि वह जिला मुख्यालय से बाहर हैं। सोमवार को बैठक की तिथि तय की जाएगी। बैठक बुलाकर अधिवक्ताओं की राय लेकर साथी वकील को न्याय दिलाने के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। (संवाद)

# सड़क पर स्कूल की बाउंड्री बनवाने का आरोप

**ललिया।** ललिया थाना क्षेत्र के हाथीगर्दा गांव में सड़क पर अवैध रूप से स्कूल की बाउंड्री बनवाने की शिकायत ग्रामीणों ने सदर एसडीएम राजेंद्र बहादुर से की है। ग्रामीण अनंतराम तिवारी, दीपक, प्रदीप व बब्बू आदि का आरोप है कि दबंग मुख्य मार्ग पर स्कूल की बाउंड्री बनवा रहे हैं, जिससे गांव के लोगों का रास्ता बंद हो जाएगा। एसडीएम ने कहा कि जांच कर कार्रवाई होगी। (संवाद)

# अवैध शराब के खिलाफ चला अभियान

**बलरामपुर।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब तक 31 लोगों पर मुकदमा दर्ज करवा कर 573 लीटर शराब बरामद की गई है। जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आबकारी आयुक्त के निर्देश पर 15 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि एक से दस मार्च तक अभियान चलाया गया। इसमें 31 केस दर्ज कराते हुए कुल 573 लीटर शराब बरामद की गई। वहीं 1,700 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 12-03-2023

हिन्दुस्तान

# बरजोरों की पिटाई से महिला का गर्भपात, जांच के निर्देश

बहराइच, संवाददाता। रंजीत बोझा गांव निवासी एक ग्रामीण ने छह मार्च को मारपीट का एनसीआर दर्ज कराया था। जिससे बरजोर नाराज हो गए। शनिवार को सभी ने घर में घुसकर महिला की पिटाई की, जिससे उसका गर्भपात हो गया।

रुपईडीहा थाने के ग्राम रंजीत बोझा निवासी जगदंबा पुत्र दयाराम का छह मार्च को मदन लाल गौतम, ननकऊ और सुंदर से विवाद हुआ था। जगदंबा की सभी ने पिटाई कर दी थी। पीड़ित ने थाने में एनसीआर दर्ज कराया था। इससे सभी लोग नाराज हो गए।

शनिवार को सभी ने जगदंबा के घर में घुसकर महिला से मारपीट की। जिससे पत्नी गीता देवी का गर्भपात हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। जिस पर उसने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाई की मांग की है। एसपी प्रशांत वर्मा ने पुलिस को जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

- मारपीट की एनसीआर दर्ज कराने से नाराज बरजोरों ने घर में घुसकर किया हमला

## सफाई के दौरान मिट्टी की दीवार गिरी, दो घायल

बहराइच। जरवल रोड थाने के ग्राम परसा निवासी राम शंकर का कच्चा मकान है। शनिवार को मकान के अंदर सफाई कार्य चल रहा था। मिट्टी के दीवार के पास संतोष पुत्र राम शंकर और शिव कुमार पुत्र बच्चाराम बैठे थे। तभी उनके ऊपर दीवार गिर गई। मलबे में दोनों दब गए। परिवार के लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी मुस्तफाबाद पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। राम शंकर ने बताया कि मिट्टी की दीवार गिरने से हादसा हुआ है। कई बार आवेदन के बाद भी उन्हें आवास नहीं मिला।

हिन्दु

# जानलेवा हमले में एफआईआर दर्ज

बहराइच। बाइक सवार युवक को शुक्रवार दोपहर आधा दर्जन हमलावरों ने डिगिहा चौराहे पर रोककर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में दो नामजद सहित पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

दरगाह थाने के गुलाम अलीपुरा बर्तन वाली गली निवासी 22 वर्षीय अंकित गुप्ता पुत्र जीवन लाल शुक्रवार दोपहर बाजार से घर आ रहा था। डिगिहा चौराहे पर उसे रोककर आधा दर्जन हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। कुछ हमलावरों ने हाथ में पहने लोहे के कड़े से उसके सिर पर कई वार किए। जिससे सिर में गंभीर चोटें आईं। लोगों के आ जाने पर हमलावर फरार हो गए। हमले की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। एएसएचओ आरडी मौर्य ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद सहित पांच पर केस दर्ज कर लिया गया है, तहकीकात की जा रही है।

# ईदगाह की जमीन पर कब्जा करने का लगाया आरोप

**जासं, बहराइच :** बौंडी थाना क्षेत्र में होलिका दहन स्थल व ईदगाह को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। राजा रेहुआ गांव निवासी महबूब, हबीब, मुश्ताक, छंगू, बौरा, असगर, मोहम्मद हुसैन, रहमान, मुस्तफा, रफीक, अब्दुल हक समेत अन्य लोगों ने डीएम व एसपी को पत्र देकर कहा है कि एएसपी व सीओ के जाने के बाद भी निर्धारित स्थान से दूसरी जगह होलिका दहन किया गया।

अब एक सांड़ की मौत होने पर उसका शव ईदगाह के मुख्य द्वार के निकट दफना दिया गया। यहां प्रतिदिन साजिश करते हुए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास हो रहा है। सभी ने मामले की मजिस्ट्रेटी जांच कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## खलिहान की भूमि पर कब्जा

**संसू, मिहींपुरवा :** ग्राम अंटहवा परगहवा निवासी बदलू राम ने स्थानीय थाने में शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने गांव निवासी अच्छन पर आरोप लगाया है कि खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बना रहे हैं। विरोध पर गाली-गलौज की।

# विवाहिता को भगाने का आरोप, चार पर केस

**संसू, गंभीरवाबाजार(बहराइच) :** राम गांव इलाके के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी होली पर अपने पति के साथ मायके आई थी। बीते आठ मार्च को कुछ लोग उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गए।

आरोप है कि जब वह बेटी का पता लगाने आरोपित के घर पहुंचे तो उसे गाली-गलौज कर जानमाल की धमकी दी। काफी तलाश के बाद भी बेटी का पता नहीं चला। थानाध्यक्ष अमितेंद्र सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर कहारनपुरवा आसमानपुर निवासी अशोक, रामलखन, विधायक व सावित्री देवी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास, मुकदमा दर्ज

**संसू, शिवपुर(बहराइच)** : खैरीघाट इलाके की 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया गया। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक गांव निवासी किशोरी कार्यवश जा रही थी। आरोप है कि एक युवक ने उसे पकड़ लिया और घसीटकर मड़हे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर लोगों को आता देख आरोपित जानमाल की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने घर पहुंचकर आपबीती बताई। स्वजन ने आरोपित युवक के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी। थानाध्यक्ष सतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राजाराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मुकदमा दर्ज होने पर अंतिम संस्कार

संवाद न्यूज एजेंसी

## होली पर हादसे में हुई थी हरदी के युवक की मौत

**महसी(बहराइच)।** हरदी थाना क्षेत्र का एक युवक गांव निवासी दोस्त के साथ होली के दिन कहीं गया था जिसकी हादसे में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद जब शुक्रवार की शाम शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। परिजन हादसा करने वाले के खिलाफ मुकदमा लिखने को अड़ गए। इसके बाद भारी संख्या में पुलिस कर्मी गांव पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने लगे। लगभग दो घंटे बाद मुकदमा लिखने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया।

हरदी थाना क्षेत्र के बहोरिकपुर निवासी रिंकू(35) होली के दिन गांव निवासी एक युवक के साथ कहीं गया था। बताया जाता है, कि उसी दिन ग्राम पंचायत पंचायत कपूरपुर के मजरा जलालपुर के पास उसकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया था। हादसे की जानकारी परिजनों को नहीं हुई। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर परिजनों को पता चला कि रिंकू की मौत हो गयी है और उसका शव लावारिस हालत में पड़ा है। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शुक्रवार की शाम परिजन शव लेकर घर पहुंचे तो सभी का गुस्सा फूट पड़ा। परिजन मुकदमा दर्ज होने के बाद शव का अंतिम संस्कार करने पर अड़ गए। सूचना पाकर हरदी थाना क्षेत्र के चौकी इंचार्ज अयोध्या सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाना शुरु किया।

काफी प्रयास के बाद देर रात लगभग 10 बजे शव का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं गांव में साथ गए युवक द्वारा न बताए जाने की चर्चाओं का भी बाजार गर्म रहा। थाना प्रभारी अंजनी कुमार राय ने बताया दुर्घटना के बाद दोनों बाइकों को कब्जे में ले लिया गया था। मौत की सूचना नहीं थी। शनिवार की सुबह मृतक के पिता हीरालाल की तहरीर पर दूसरी बाइक के चालक रामगांव थाना क्षेत्र के रेहुआ निवासी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की है।



युवक के परिजनों को समझाते पुलिस कर्मी। -संवाद

# साहब, दबंगों ने नाली बंद कर दी, पानी भरा रहा



मटेरा थाने में आयोजित समाधान दिवस में फरियाद सुनते अधिकारी। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच/महसी/पयागपुर/रुपईडीहा/कैसरगंज/रिसिया।** हुजूर दबंगो ने नाली बंद कर दी है। जिसके चलते घर के बाहर गंदा पानी भरा हुआ है। जिसके चलते संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। इस संबंध में तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी थी, लेकिन कोई न्याय नहीं मिला। आप लोग ही न्याय दिलवा दीजिए। उक्त शिकायत पयागपुर थाने पर आयोजित थाना दिवस में भूपगंज बाजार निवासी कीर्तन कुमार ने की।

पयागपुर थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस में आठ शिकायती पत्र आए। जिसमें से राजस्व से संबंधित दो प्रकरणों को तत्काल मौके पर निस्तारण किया गया। हरदी थाने पर नायब तहसीलदार संग्राम सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मैथौरा निवासीरामजीत व सधुवापुर निवासी सुलोचना देवी ने मारपीट की शिकायत की। जिस पर थाना प्रभारी अंजनी कुमार राय ने संबंधित हल्का

## थानों पर आयोजित हुआ समाधान दिवस, सुनी गई फरियाद

प्रभारी को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कुल आठ शिकायती पत्र आए, लेकिन किसी का भी मौके पर समाधान नहीं हो सका। फरियादी पप्पू ने पेड़ व जमीन से संबंधित शिकायत की। जिस पर नायब तहसीलदार ने संबंधित लेखपाल को मौके पर जाकर विवाद हल करने को निर्देशित किया। कैसरगंज थाने पर तहसीलदार अल्पिका वर्मा की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया।

इसमें छह प्रार्थना पत्र आए। थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने त्वरित कार्यवाही करते हुए चार को मौके पर निस्तारण करवाया। वहीं दो के निस्तारण के लिए टीम को मौके पर भेजा। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व एसपी प्रशांत वर्मा ने भी कैसरगंज थाने का निरीक्षण किया और शिकायतें सुनी। रुपईडीहा थाने पर तहसीलदार पियूष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में थाना दिवस आयोजित हुआ।

# अतीक के बेटे असद के नेपाल भागने की आशंका

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी अतीक अहमद के बेटे असद व एक अन्य शूटर के नेपाल जाने का इनपुट एसटीएफ व स्थानीय पुलिस को मिला है। यह भी बताया जा रहा है कि बहराइच के रास्ते जाने के दौरान अतीक का बेटा व एक अन्य शूटर शहर के एक होटल में भी ठहरे थे। उसको भगाने में यहां के कुछ लोगों ने मदद की है।

सूत्र बताते हैं कि शहर में एक मॉल बना है जिसमें अतीक का पैसा लगा है और उसे उसका एक करीबी इसे संचालित कर रहा है। पुलिस अब इन सभी बिंदुओं को लेकर यहां पर अतीक के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है।

बीते माह प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी अभी पुलिस पकड़ से दूर हैं। आरोपियों में अतीक का एक पुत्र असद भी शामिल है। पुलिस विभाग के सूत्र बताते है कि वारदात के बाद असद लखनऊ स बहराइच पहुंचा और यहां से रूपईडीहा के रास्ते वह नेपाल में प्रवेश कर गया।

अतीक अहमद ने 2014 का लोकसभा चुनाव पड़ोसी जिले श्रावस्ती से लड़ा था। इससे उसके संबंध भी यहां के तमाम लोगों से है। अब पुलिस को शक है कि इन्हीं लोगों ने अतीक के बेटे को नेपाल भागने में पूरी मदद की है। इसी के चलते कई दिनों से शहर स लेकर नेपाल बॉर्डर व आस पास के इलाकों में एसटीएफ व एटीएस की टीमें लगातार सक्रिय है।

पुलिस अपने मुखबिरों के जरिए ऐसे लोगों का पता लगाने का प्रयास कर रही है जो अतीक के करीबी है। अब इनका नाम सामने आने के बाद कड़ी कार्रवाई भी हो सकती है। हालांकि अधिकारिक तौर पर इस मामले में बोलने से अभी अधिकारी कतरा है।

## बहराइच में अतीक के करीबियों पर एसटीएफ की नजर

## श्रावस्ती से 2014 का लोकसभा चुनाव भी लड़ चुका है अतीक



भारत-नेपाल सीमा पर रुपईडीहा में आने-जाने वालों की जांच करते एसएसबी के जवान। -संवाद

### एडीजी ने जारी किया था अलर्ट

प्रयागराज में हुई उमेश पाल हत्याकांड की वारदात के बाद गोरखपुर रेंज के एडीजी ने अलर्ट जारी करते हुए नेपाल सीमा से सटे जिलों की पुलिस से निगरानी और तेज करने का आदेश जारी किया था। इसके बाद से भी बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर जिलों में सीमा क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता पहले से और तेज हो चुकी है।

### स्थानीय पुलिस को कोई जानकारी नहीं

"अतीक के बेटे के बहराइच के रास्ते नेपाल भागने के बारे में स्थानीय पुलिस को कोई जानकारी नहीं है। नेपाल सीमा के आस पास पुलिस की टीमें लगातार सक्रिय रहती है। यदि कोई संदिग्ध मिलता है तो उससे पूछताछ भी की जाती है। -**प्रशांत वर्मा,** एसपी

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-03-2023

# 115 शीशी नेपाली शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती** : मल्हीपुर पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान चम्मरपुरवा निवासी राम्बाबू को गिरफ्तार किया। तलाशी में आरोपित के कब्जे से 115 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।(वि.)

# 660 वाहनों का चालान 11 लाख का जुर्माना

**कार्रवाई**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** यातायात नियमों का पालन न करने से आए दिन सड़क हादसे होते हैं। यातायात विभाग लोगों को जागरूक कर रहा इसके बाद भी लोग नियम नहीं मानते। ऐसे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर 660 वाहनों का चालान किया गया और 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर पुलिस की ओर से एक मार्च से 10 मार्च तक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस की ओर से दिन और रात में जगह जगह चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया। जिसमें यामायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 660 वाहनों का चालान किया गया। इसमें बिना हेलमेट पहने 373 वाहनों का चालान किया गया। इसके अलावा 26 चार पहिया वाहनों का सीटबेल्ट न पहनने, 10 वाहनों का अधिक गति से वाहन चलाने, बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के 105 वाहनों का चालान किया गया। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने वाले नौ, हूटर हॉर्न का प्रयोग करने वाले पांच, नशे में गाड़ी चलाने पर पांच, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने पर 120 तथा गलत दिशा में वाहन चलाने पर सात वाहनों का चालान किया गया। इसमें वाहन स्वामियों पर कुल 11 लाख 79 हजार 500 रुपये जुर्माना लगाया गया। साथ ही 26 हजार 500 रुपये नकद जुर्माना वसूला गया।

## जिले के सभी थानों में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

# छह शिकायतें निस्तारित



श्रावस्ती थाने में शिकायत सुनतीं डीएम व एसपी।

**श्रावस्ती, संवाददाता।** सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने लोगों की शिकायत सुनी। समाधान दिवस में प्राप्त 33 शिकायतों के सापेक्ष महज छह का ही निस्तारण किया जा सका। डीएम व एसपी ने श्रावस्ती थाने में शिकायतें सुनीं।

नवीन माडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने लोगों की शिकायत सुनी। यहां राजस्व से संबंधित कुल पांच शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि टीम बनाकर शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि थाना दिवस में आई जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाय तथा राजस्व और पुलिस विभाग की गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समय से निस्तारण करें। ताकि लोगों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। वहीं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करें। इसके बाद उन शिकायतों को समय-सीमा के तहत मौके पर जाकर निस्तारित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसी तरह मल्हीपुर थाने में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व इकौना थाने में क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार ने लोगों की शिकायत सुनी। मल्हीपुर में दो व इकौना में पांच प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए। जिसमें से किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका। गिलौला में दो, हरदत्त नगर गिरंट थाने में चार व सोनवा में छह शिकायती पत्र मिले। किसी का भी निस्तारण नहीं हुआ।

- सभी थानों पर कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुई
- श्रावस्ती थाने में डीएम व एसपी ने सुनीं शिकायतें

# नियमों का उल्लंघन करने पर 660 वाहनों का चालान

**जासं, श्रावस्ती :** एक से 10 मार्च तक यातायात व पुलिस विभाग की ओर से विशेष यातायात अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 660 वाहनों का चालान किया गया। 26,500 रुपये नकद व 11,79,500 रुपये का ई-चालान किया गया।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक यातायात समेत सभी थाना प्रभारियों की ओर से क्षेत्र में विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। हेलमेट न धारण करने वाले 373, सीट बेल्ट न लगाने वाले 26, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट 105, निर्धारित स्पीड से अधिक पर 10, ड्राइविंग के समय मोबाइल का उपयोग करने पर नौ, हूटर



वाहन चालक को हेलमेट लगाने को प्रेरित करते यातायात प्रभारी मनीष पांडेय( दाएं)● जागरण

हार्न का प्रयोग करने पर पांच, नशे में वाहन चलाने पर पांच, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले 120, गलत दिशा में वाहन चलाने पर सात वाहनों का ई-चालान किया गया। एसपी ने जिलेवासियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के कस्बा, भीड़भाड़ वाले स्थानों, स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर वाहन चालकों, आमजन व छात्रों को जागरूक किया जा रहा है।

**115 शीशी नेपाली शराब संग एक गिरफ्तार: श्रावस्ती।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मल्हीपुर थाने की पुलिस ने 115 शीशी नेपाली शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मल्हीपुर पुलिस शुक्रवार देर शाम को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 115 शीशी नेपाली शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान रामबाबू पुत्र मनोरथ निवासी चमरपुरवा थाना मल्हीपुर के रूप में हुई।

# 33 शिकायतों में सिर्फ छह निस्तारित

## समाधान दिवस : गुणवत्तापूर्ण शिकायतें निस्तारित करने के निर्देश

**जागरण टीम, श्रावस्ती :** शनिवार को भिनगा कोतवाली समेत सभी थानों में समाधान दिवस आयोजित हुआ। कुल 33 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से सिर्फ छह का निस्तारण हो सका। डीएम नेहा प्रकाश व एसपी प्राची सिंह ने नवीन मार्डन श्रावस्ती थाने में समाधान दिवस की अध्यक्षता की। डीएम ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनें और उन्हें निर्धारित समय सीमा में निस्तारित कराएं।

डीएम ने कहा कि भूमि विवाद की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए। राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण करे। छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करें। मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। इसमें फर्जीवाड़ा मिला तो निस्तारण टीम के विरुद्ध कार्रवाई होगी। एसपी ने कहा कि थानाध्यक्ष महिलाओं व बालिकाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनें। समाधान दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज करें। टीम मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित कराएं। फरियादियों को बार-बार थाने का चक्कर न लगाना पड़े।



नवीन मार्डन श्रावस्ती थाने में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायत सुनतीं डीएम नेहा प्रकाश ( बाएं ) व एसपी प्राची सिंह ( बाएं से दूसरे ) ● जागरण

नवीन मार्डन श्रावस्ती थाने में दो शिकायतें आईं। दोनों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। भिनगा कोतवाली में सात शिकायतें आईं। दो निस्तारण कर दिया गया। सिरसिया थाने में पांच में से दो शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। इकौना में पांच, सोनवा में छह, हरदत्तनगर गिरंट में चार, मल्हीपुर में दो, गिलौला में दो शिकायतें आईं। इनमें से एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।



# चौपाल लगा महिलाओं को पढ़ाया आत्मनिर्भरता का पाठ

जासं, श्रावस्ती : बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल टीम व नारी सुरक्षा दल ने विभिन्न गांव, कस्बों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाई। टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा का एहसास कराते हुए विभिन्न कानूनों व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। आत्मनिर्भर बनने के टिप्स दिए।



महिलाओं को कानून की जानकारी देती नारी सुरक्षा दल की सदस्य ● जागरण

शक्ति मोबाइल टीम की महिला आरक्षी संज्ञा भारती, विनीता देवी, सोनी व अर्चिता यादव ने इकौना क्षेत्र के जमुनहा, बनकट व सिरसिया क्षेत्र के मोतीपुरकला, रनियापुर कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में चौपाल लगा महिलाओं को विभिन्न कानूनों व नियमों के बारे में बताया।

# सुगम यातायात में बाधक बना अतिक्रमण

संसू, भिनगा (श्रावस्ती) : जिला मुख्यालय के प्रमुख बाजार व मार्ग अतिक्रमण से कराह रहे हैं। सड़क की दोनों पटरियों पर अतिक्रमणकारी काबिज हैं। प्रशासन की ओर से अभियान न चलाए जाने से अतिक्रमण लोगों के सुगम यातायात में बाधक बना है। अभी हाल ही में नगर पालिका ने नगर के कई स्थानों को नो वेंडिंग जोन घोषित किया है, लेकिन इसका भी कोई खास असर नहीं दिख रहा है।



भिनगा के नई बाजार में सड़क की पटरी व नाले पर दुकान सजाए व्यापारी ● जागरण

**समय-समय पर अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया जाता है। इसके बाद भी अगर कहीं अतिक्रमण है, तो जल्द ही अभियान चलाकर हटवाया जाएगा।**

– **प्रवेंद्र कुमार**, एसडीएम, भिनगा।

भिनगा नगर की आबादी लगभग 60 हजार है। प्रतिदिन हजारों वाहन सड़कों पर गुजरते हैं। नगर के नई बाजार व ईदगाह तिराहे के पास शापिंग माल व बैंक हैं, लेकिन इनमें पार्किंग का कोई इंतजाम नहीं है। इसके चलते प्रतिदिन इन मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। चौराहों पर तैनात यातायात कर्मी मूक दर्शक बने रहते हैं। भिनगा तहसील से ईदगाह तिराहे तक स्थिति काफी बदतर हो जाती है। कई बार अधिकारियों के वाहन भी इस मार्ग पर जाम में फंस चुके हैं। सड़कों की दोनों पटरियों पर अतिक्रमणकारी काबिज हैं। दुकानदार सामान को सड़क की दोनों पटरियों पर सजाए रहते हैं। इससे सड़क की पटरियां गायब हो गई हैं। प्रशासन कभी-कभार अभियान चलाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है। खलवा बाजार, पुरानी बाजार, दहाना तिराहा आदि जगह यह समस्या है।

# 115 शीशी शराब के साथ एक धरा

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने शुक्रवार रात गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने 115 शीशी नेपाली शराब बरामद की। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के चमर पुरवा निवासी रामबाबू के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। संवाद

# शांतिभंग के आरोप में छह गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने शुक्रवार रात अलग अलग स्थानों से छह लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया। वहीं, पुलिस ने रविवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 71 वाहनों का ई चालान का 275000 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद

# बालिका को पुलिस ने वधू बनने से बचाया

श्रावस्ती। एक नाबालिग को पुलिस ने शनिवार को बालिका वधू बनने से बचाया। पुलिस ने बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। बाद में उसे अभिभावकों को सौंप दिया गया।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के कोडरी हरिहरपुररानी निवासी एक व्यक्ति ने शनिवार को बाल कल्याण समिति को सूचना दी कि एक नाबालिग का विवाह होने वाला है। इसके बाद पुलिस टीम को विवाह रोकने के लिए भेजा था।

टीम ने पाया कि सूचना सही है। इस पर टीम बालिका को अपने साथ बाला कल्याण समिति कार्यालय ले आई। इसके बाद परिवारवालों को समझाने के साथ ही एक बांड भरवाया गया। बालिका को उनके साथ भेज दिया गया। बांड में शर्त रखी गई कि विवाह बालिग होने पर ही किया जाएगा।

एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिलने पर विवाह रुकवाया गया। बाद में अभिभावकों को समझाया गया। संवाद

# विशेष अभियान में 660 वाहनों का चालान



**श्रावस्ती।** यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए जिला पुलिस एक मार्च से विशेष यातायात अभियान चला रही है। शुक्रवार तक अभियान के दौरान पुलिस ने 660 वाहनों का चालान किया। इस दौरान 1179500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया गया।

अभियान के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने पर 373 वाहनों का चालान किया। बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने पर 26, बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर 105, निर्धारित गति से तेज वाहन चलाने पर 10, ड्राइविंग के समय मोबाइल का प्रयोग करने पर 09, हूटर हॉर्न का प्रयोग करने पर 05, नशे में गाड़ी चलाने पर 05, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने पर 120 व गलत दिशा में वाहन चलाने पर सात वाहनों का चालान किया। संवाद

# शांतिभंग के आरोप में पांच गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से बृहस्पतिवार रात अभियान चलाकर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है। संवाद